शनि का चौक पड़े खड़ा पुराना
जिसको पूजे नर नारी पीपल पुराना

विष्णु का वास है पीपल पर कहते वेद पुराण।
शनि यन्त्र बनावे जल पीपल पर चढ़ावे
शिव का लगा दरबार जिसमें बैठे शनिवार
शनि का वार चले जब किसी देव की चले ना
विष्णु के दरबार में शनि जले ना
विष्णु जी की महिमा शनि गाता फिरता
जो नर नारी शनि को पूजे विष्णु को धावे
मनोकामना पूरी हो सत्य धर्म बतावे
हर शनि तेल की ज्योत पीपल पर लगावे
यन्त्र पहन कर संसार भ्रमण पर जावे
जो यन्त्र बांधकर चले जावे
धन धान्य हो जावे।

शनि के दिन शनि यन्त्र को सिद्ध करें और पीपल का महत्व शनि के लिए बहुत तेज है क्योंकि पीपल पर विष्णु का वास है और विष्णु शनि को प्रिय है। इसलिए इस मन्त्र से 108 बार पढ़कर यन्त्र सिद्ध करें।

राहु यन्त्र

राहु का हुआ साक्षात्कार
ब्रह्मा चले शिव के पास
शिव ने राहु की मति खिंची अपनी ओर
शिव के पास राहु चला आया शिव धाम
शिव की अग्नि राहु को करे शांत
जो नर नारी शिव को धावे
राहु ग्रह शान्त हो जावे
यन्त्र को करे ग्रहण
करे शिव की पूजा रहें शान्त दिन रेन

राहु चढ़े नहीं कड़वे पेड़ पर
यह शब्द याद पेड़ पर
राहु का ध्यान करो बिगड़े काम

राहु यन्त्र को सिद्ध करने के लिए शिव की पूजा करें और इस मन्त्र को 108 बार करें यन्त्र सिद्ध हो जायेगा और अगर यन्त्र न हो तो नीम या बबुल कड़ुवा पेड़ जो भी हो उस डाली को सिद्ध करना है या फिर जड़ को सिद्ध करके साथ रखें।

केतु यन्त्र

केतु का करो ध्यान
दिखे आलोकिक सुजान
जो केतु को पूजे हो जाय कर्म निधान
गाय की पूजा करो मूत्र की करो पहचान
जो धर्म मानकर गाय को माता समझे
केतु उसी के घर का मेहमान
सम्पूर्ण करो काम धर्म के नाम
जय जय केतु देवा

जो मनुष्य गाय को पूजे या खाना खिलावे और केतु का असर हो उसे गाय की सेवा करनी है और सवा महीने तक मूत्र का सेवन करना है। यन्त्र को जो सिद्ध करे उसे 108 बार इस मन्त्र को करके गाय को मीठा भोजन करावें और मूत्र को पानी में डालकर अपने पास छिड़कें।

गृह पीड़ा निवारक शनि यन्त्र

शनि का यन्त्र चला महामण्डल में
किया संदेश शनि के देश
पहुंचा सन्देश हुआ आदेश
नर नारी पीड़ा सहे शनिदेव का यह नहीं आदेश

शनि देव ग्रहों में महादेव
सत्य से पूजे हर हर देव
गृह पीड़ा हरे नर नारी की
शनि की ज्योत लगाओ
तेल का दीपक जलाकर
सिर से पैरों तक लेकर
धरती में चढ़ाओ या पीपल पर ज्योत जलाओ
शनि देव को मनाओ
संसार के नर नारियों आओ आओ
शनि देव को खुशियों से मनाओ
इति सिद्धम्

शनि की साढ़े साती निवारण के लिए

शिव की आन नव ग्रहों न जानी
शनि करे न दोष जो गावे शिव की वाणी
शनि कहें शिव देव तीनों लोक जाणी
शिव का नाम जपो शनि देव की बाणी
शिव नाम में नवग्रहों की ज्योति
शिव की मेहर फिरे जिस नर नारी पर
साढ़े साति हटे उसी नर नारी पर
शनि हटे शिव धाम जाय शिव के चरणों में पड़ जाय
जो नर नारी शिव नाम रटे साढ़े साति हटे
नवग्रहों की चाल चले शिव की ढाल
शिव चलावें तीनों लोक पुराण
जय जय शिव धाम
इति सिद्धम्

साढ़े साति वालों के लिए यह मन्त्र करने मनन करने से शनि दोष समाप्त हो जायेगा।

मंगलवार

मंगल का दीप जंगल का चिराग
जिसको ढूंढे पूरे हाथ
हाथ धोये गांवों की बाठ
उठा मिट्टी दायें हाथ
चढ़ा सरसों तेल फूलों का वाट
तभी लगे मंगल की जात
शिव ने पैगाम दिया पार्वती के हाथ
सिद्धों करो जगत की बात
मंगल हो जंगल की ठाठ
जय जय मंगल देवायः नमः
इति सिद्धम्

बुध ग्रह

बुद्धि का है बुध प्रिय
देवा का है प्रिय बुध
पार्वती का नाति बनकर
बुध ब्रह्म लोक चला
ब्रह्मलोक में सत्कार हुआ
शिवजी ने तुरन्त आशीर्वाद दिया
जाओ बुध तुझे संसार में पूजोगे
केले का भोजन और केलों पर
जलेगी ज्योत तेरी
युग युग तेरी पूजा होगी

बुध को मिला जब वरदान
बैठा केले परन बुध ज्ञान
इति सिद्धम्

केले का आसन लगाओ और केले की पूजा करो और इस मन्त्र को 108 बार पढ़ो केले की जड़ों में फूल जल घी का दिया जलाओ सिद्ध हो जायेगा।

गुरुवार

सन्तन की छाया जब त्रिलोकी में हुई
पच्चनामा जब दिया सन्तों ने
त्रिलोकी नाथ ने गुरुवार बृहस्पति को दिया सुनाने
त्रिलोकी नाथ कहने लगे मैं बृहस्पति वचन देता हूं सन्तों
करो उपकार सन्तों पर सन्तों भीड़ पड़ी है भारी
बृहस्पति गुरु हो कल्याण से बोछारी बोछारी
कहने लगे सन्तों मांगों वचन भारी
जिससे मनोवांछित हो जाय नर नारी
सन्तों कहां ओर सुनाया जब बृहस्पति को
बृहस्पति जब लिखा सन्तों देह धारी
पूर्ण हो काया और सिद्धी मिले जग भरमाया
करो उपकार जगत बृहस्पति ने फरमाया
युग बीते चाहे जग बीते सन्तों दिया वचन
इतना वचन सुनकर सन्त चलें पृथ्वी लोक
सन्तों पृथ्वी का किया भ्रमण
दिया वचन जो बृहस्पति ने दिया था
सम्पूर्ण हो पृथ्वी के सब नर नारी
चली जब सन्तों की छाया त्रिलोकी
पवित्र हो गई पृथ्वी लोका
जय जय बृहस्पति देवाय: नम:

शुक्र ग्रह

सुक्ति धर्म पर शुक्र चला
धीमी चाल ब्रह्म लोक की ओर
रास्ते में मिले शिव ओंकार
शुक्र पढ़ने लगे अपना पत्रकार
मुझे पूजे सर्व संसार
साबुत मूंग पर मेरा परिवार
पूजे और मूंग दान करे बुधवार
मैं नर नारी के घर जाऊं
हर बुधवार जय जय हरी देवार
जय जय बुधवार
इति सिद्धम्

शुक्र का जो मनुष्य साबुत मूंग उबालकर दु:खी मनुष्यों को दान करेगा वही आदमी खुश रहेगा।

शनिवार

शनि का लगा दरबार
भेष बदल कर चला वीरवार
देखन चली सब देवी वार
नवग्रह में जब जला द्वीप
शनि का हुआ पवनित
शनि पहुँचे नवनित पीठ
अष्ट ग्रहों ने किया सत्कार
जिसकी कोठी उसी का वार
पूजे शनि को शनिवार
पीपल की छाया में बैठा शनिवार
पूजों गाओं हरी वार

जय जय हो शनिवार
इति सिद्धम्

रविवार सूर्य देव

सूर्या चला अश्व पर सवार
जिसको पूजे सर्व संसार
शिव की आज्ञा का चमत्कार
जिसमें बैठे सात संसार
सूर्यादेव का ब्रह्म लोक तक वार
सिद्ध कर सम्पूर्ण संसार
पारा चो जब भुज में पार
सूर्या चला अश्व पर सवार
जय जय सूर्या देवाय नमः

सोमवार (चन्द्र) मंत्र

मेष राशि

राशियों का मेल ग्रहों से साधा जाता है।

राशि मेष जुग भेष अति विनय कारी
अंग की पूजा जगत में करें नर नारी
दोष मुक्त हो नर नारी
शिव की चली सवारी
गंगा घाट पर उतारी
मेष राशि ग्रह राशि नर नारी पर हो भारी
उतारें नर नारी भार शिव अधिकारी
गंगा घाट पर चले नर नारी
भारी हो जिस पर मेष राशि
शिव करे पूर्णवासी मेष राशि

पूजो जो कनियर को साथ में रख डाली
बिगड़े काम बने हो सतकारी
जय जय शिव अधिकारी
इति सिद्धम्

मेष राशि वाले इस मन्त्र को मनन करें जो जन्म के कारण मेष राशि हो वह सदैव इस मन्त्र का मनन करें उस पर किसी भी ग्रह का प्रभाव नहीं हो सकता है और कनियर पर जल चढ़ावे और सोमवार के दिन चढ़ावें और 5 सोमवार चढ़ावें और इस मन्त्र को 108 बार करें और इसके बाद मेष राशि वाले जीवन भर मनन करने से जीवन सुन्दर भावपूर्ण सब ग्रह का मिलनसार बन जाता है।

वृष

कोटी कोटी चन्द्रमा घटे
कोटी कोटी चन्द्रमा घटे
मेष राशि घटे बढ़े
जब सन्तों का साथ बढ़े
नर नारी के ऊपर वृष राशि चढ़ें
चन्द्रमा का आशीर्वाद लें बढ़े
वृष राशि जब जन्म पर हों अंकित
पूर्व जन्म के कर्म हो फलकित
जो नर नारी पूजे चन्द्रमा को
वृष राशि उत्तेजित ग्रहों से हटे
पूर्ण करे कार्य जगत सधे
चन्द्रमा की करो पूजा वृष राशि हटे
ग्रहों का सात्विक आन्त्रिक बढ़े
निर्मल हो जाय काया कठिन परिश्रम हटे

चन्द्रमा की करो पूजा वृष राशि हटे
इति सिद्धम्

जो भी नर नारी इस मन्त्र को मनन करेगा जो वृष राशि का हो वह सदैव ग्रहों के प्रभाव से दूर रहेगा। उस पर कोई कठिनाई नहीं आयेगी। वृष राशि वालों के लिए यह जीवन प्राण है। सदैव जीवन इस मन्त्र का मनन करें। सब देव सम्पूर्ण ग्रह उस मनुष्य को प्रभावित नहीं कर सकते।

मिथुन

राम का हुआ वनवास
मिथुन राशि ने की पहचान
मेरे से कोई न बचा जीव धाम
सीता स्वयंबर में मिथुन राशि बैठी राम
स्वयंबर राम का हुआ मिथुन राशि के बन गये काम
परशुराम का उठाया त्रिशूल
श्री राम बन गये नवमी के फूल
परशुराम ने किया क्षमा राम
मिथुन राशि हो जिसकी बन गये बिगड़े काम
जो पूजे दूब को ओर पूजे श्री राम
नर नारी बन जाय सत कर्म कल्याण
श्री राम को जो पूजे ग्रह हो जाय बेजान
नवमी के दिन बिगड़े बन जाय काम।
इति सिद्धम्

इस मन्त्र को मिथुन राशि वालों को करना है और मिथुन राशि पर किसी भी ग्रह का प्रकोप हो और मिथुन राशि हो वह मनुष्य इस मन्त्र को सदैव मनन करें और सम्पूर्ण प्रभु ही मानकर इसको प्यार करे वह मनुष्य कभी भी ग्रहों के प्रभाव में नहीं फस सकता क्योंकि जन्म

के राशि उसकी शक्ति होती है।

कर्क

कर्क राशि में जन्मा नर नारी
मांगे भिक्षा हो जाय ब्रह्मचारी
छोड़ माया बन जाय सतकारी
जो जागे वह पाये जो सोये वह खोय
जो मन भाये वह खाये और सोये
जग में भरमाये पूर्ण हो कर्माय
कर्क राशि में जो आये जगत में
खाये पिये स्वम्भु जती की जोत जगाये
वह नर नारी सुख पाये निर्भय हो जाय
कर्क राशि में ग्रह शान्त हो जाय
गुग्गल की जो धूनी लगाये
कर्क राशि वालों को फल जाय
इस मन्त्र को गुरु गोरक्षनाथ फरमाये
इति सिद्धम्

इस मन्त्र को कर्क राशि में जन्म लेने वाला हमेशा मनन करे और प्रभु समझकर इसको भजे तभी मनुष्य के सब ग्रह शान्त हो जायेंगे और सम्पूर्ण जीवन प्रकाशित हो जायेगा।

सिंह

श्री सिंह राशि का हुआ प्रकाशा
नित्य नित्य करे प्रकाशा
नीर भरे सतवासा
कर्म करें सात्विका
पूर्ण हो धर्म विका

धर्म की गाँठ खुले हो जाय सतमास
फूलों की झड़ी लगी करने लगी पुकार
कहाँ गये कृष्णा मुरारी भगवान
कोई योगी कहें कोई कहे भगवान
सिंह राशि जिसकी पड़ती हो जाय काम
जो भी कृष्णा जी को भजे
सिंह राशि से उत्तेजित ग्रह हटे
सत की नाव जिसकी बहे
वह नर अजय अमर हो जाय
पूजा करे श्री कृष्णा की मन्त्र मनन हो जाय
बिगड़े काम सुधरे ग्रह शान्त हो जाय
इति सिद्धम्

इस मन्त्र का मनन करने वाले सिंह राशि वाले होने चाहिए और कृष्णा की पूजा करनी चाहिए सिंह राशि वालों के लिए कृष्णा की पूजा करनी है। वह ही उनके देव हैं। मनन करना है। सब ग्रह शान्त हो जायेंगे। सम्पूर्ण जीवन जो मनन करेगा प्रभु सब प्राप्त करा देगें।

कन्या राशि मन्त्र

धुन लगी जब गिरधारी लाल
कन्या राशि फिरे सत की दास
देव चले स्वर्ग लोक धाम
पृथ्वी लोक पर मिले कृष्ण मुरारी लाल
कन्या राशि जन्मा बालक
पड़े छाया कृष्णा अवतारक
भेष बदलकर आये प्रभु
दें आशीर्वाद कन्या राशि बालक को
हुआ वरदान कन्या राशि बालक का कल्याण

जो पूजे कृष्णा अवतारि धाम
उसके बन जाय बिगड़े काम
जय जय कृष्ण मुरारी धाम
इति सिद्धम्

इस मन्त्र वाले को कृष्णा की पूजा करनी चाहिए और कन्या राशि में जो जन्मा हो उसे कृष्ण भगवान की पूजा करनी चाहिए उसके जन्म के जीवन के कृष्ण भगवान की पूजा अनिवार्य है और इस मन्त्र का मनन अनिवार्य है।

तुला

निर्भय होकर जगत नर जीता है
प्रभु जिसको दे आशीर्वाद वह पार हो जाता है
शिवजी की महिमा अपम्पार
नर नारी को दे आशीर्वाद
हो जाय बेडा पार
तुला में जन्मा मनुष्य युग में भ्रम निसार
लख चौरासी योनी भ्रम गण धार
शिव का आशीर्वाद नर बना
पृथ्वी लोक पर दरबार बना
सत का जीव बने सतवीर
जो धावे प्रभु शिव को
बन जाय रणधीर
तुला राशि में जो जन्मा
उसके लिए प्रभु शिव पढ़े कलमा
पूर्ण हो जाय काम
जय जय शिव धाम
इति सिद्धम्

प्रभु शिव की पूजा करे और इस मन्त्र का मनन करें तुला राशि वाले इस मन्त्र को भोज पत्र पर लिख कर अपने साथ रखे और सम्पूर्ण जीवन मनन करें। यह मन्त्र तुला राशि के लिए जीवन प्राण है और प्रभु शिव तुला राशि के भगवान है।

वृश्चिक

पुण्य की जड़ हो जाय हरी
सत्य की नाव बहे भरी भरी
गंगा जी की फुहार चले ठंडी भरी
उत्तर से आये दक्षिण में चली जाय
वृश्चिक का भ्रम मिटाया जाय
जहा गंगा तट पर बैठ जाय
पुण्य का द्वीप जलकर शान्ति धाम पाये
लगाकर आसन नर नारी बैठे
बिगड़े काम सुधर जाय
वृश्चिक राशि में जन्मा हो बेडा पार हो जाय
गंगा जी पर जाकर गंगा जी में नहाये
गुँऊवे को घास खुवाये
सीधा घर लौट कर आये
इति सिद्धम्

यह मन्त्र गंगा जी का है वृश्चिक राशि वाले नर नारी इस मन्त्र का मनन करें और गंगा जी को देवी शक्ति माने और इस मन्त्र का आजीवन मनन करें। इस ग्रह का लाभ और कोई ग्रह ऊपर हवा या कोई भी जंजाल परेशान नहीं करेगा।

धनु

मनुष्य की काया धर्म का बीज बोया
उगा कर शिव जी धरती पर लाया

मान बढ़ाकर मनुष्य को पृथ्वी लोक में आया
धर्म की लाज रखने धर्म पुत्र आया
परमेश्वर की इच्छा से भरमाया।
धनु राशि में जीव आया
शिव राखे लाज धर्म पुत्र के काज
सपुत की राखे लाज धर्म के सुधरे काज
धनु राशि का होआ सन्देशा।
मनुष्य बन धर्म का वासा
शिव करे काज धर्म आस
राखे जो नर तर जाये
जो शिवजी की पूजा करे नित्य नित्य घर में आवे।
इति सिद्धम्

यह मन्त्र धनु राशि वालों के लिए है जो भी करेगा वह सम्पूर्ण कार्य होंगे और शिवजी धनु राशि के देव होंगे। इस मन्त्र को सदैव मनन करें। धनु राशि वाला मनुष्य सम्पूर्ण सुख सम्पत्ति से भरपूर हो जाय।

मकर

सत की बांधी से परे न कोय
जगत में मनुष्य बन कर रोये
दुख भोगे कर्मो का दुखा खाये
शिवजी का नाम ले तर जाये
मकर का ध्वज मनुष्य पर पड़ जाय
पूर्णमासी को शिवजी घर पर आये
पूर्ण हो काम मनुष्य तर जाये
धर्म अपना घर धरती लोक पर बनाये
मनुष्य कर्म बन्धन से छुटकारा पाये

इच्छा पूर्ण हो मकर ध्वज बन जाय
जो शिव की पूजा करे धर्म का बन जाय
जय शिव धाम
इति सिद्धम्

मकर राशि वालों के लिए यह मन्त्र अनिवार्य है। यह मन्त्र पूर्णमासी के दिन करना है 108 बार और बाकी सम्पूर्ण जीवन मकर राशि वालों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस मन्त्र के मनन करने से मकर राशि का मनुष्य नर या नारी सम्पूर्ण सुख भोगेंगे। सब कार्य पूर्ण होंगे। इस मन्त्र में शिव, मकर राशि वालों के लिए प्रभु है।

कुम्भ

धर्म की गंगा मन हो जाय सतनाम
नाम गाओ प्रभु शिव का, पूर्ण हो जाय काम
धर्म की नाव जग बहे नर बन जाए सतवान
धरती पर प्रेम की फुआर चले
जैसे गंगा जी की पावन धार चले
नर का कुम्भ हार चले
सत की नाव की बोछार चले
अगम्भ बुद्धि सतवार वार चले
गंगा जी की नाव कुम्भ राशि वार चले
जो गंगा जी शक्ति को ध्याने चले
नर नारी बिछले गंगा जी पर मिल चले
जय जय गंगा जी धाम
पूर्ण हो जाय काम
इति सिद्धम्

कुम्भ राशि वालों को गंगा जी का ध्याना जरुरी है और घी का

चिराग 5 लगाकर इस मन्त्र को 108 बार करने के बाद सम्पूर्ण जीवन कुम्भ राशि वालों को मनन करना है और गंगा जी शक्ति को मानना है। सब कार्य ग्रह दोष सब इस मन्त्र के लिए मनन से सिद्ध होंगे और मनुष्य का जीवन में सुख शान्ति धन धान्य से परिपूर्ण होंगे।

मीन

कौशल्या का बाना सीता जी ने पहना
श्री राम का वनवास हो गया बहना।
कैकये का सुगम भाव कौशल्या को कहना।
गंगा जी का शक्ति श्रोत उत्तर से दक्षिण को बहना।
श्री राम चले बनवास हुआ चितवास
सीता जी साथ चली वनवास
वन में मिले सेवक हनुमान
श्री राम राम राम भजते हनुमान
मीन की चादर थामे चले हनुमान
कौशल्या का प्रेम सागर उमड़ा
चले वनवास श्री राम
दशरथ जी का हुआ अन्त जब
दिन हुआ वीरवार
जय जय हो जय हनुमान
इति सिद्धम्

यह मन्त्र मीन राशि वालों के लिए अति उत्तम है इसमें हनुमान की पूजा करनी है। मीन राशि वालों के लिए यह मन्त्र मनन करने हैं और हनुमान जी का भगत बनकर रहना है। इस मन्त्र को करने से हनुमान जी दर्शन देंगे और ग्रह शान्त होंगे। सम्पूर्ण सांसारिक कार्य सिद्ध होगे।

श्री यन्त्र

पात पात पर प्रभु बैठे यह सत्य की बात
सत पर चीर चढ़ा कृष्ण जी ले अवतार
पूर्ण करे नर नारियों की मनोकार
श्री यन्त्र का बनाकर बाना कृष्ण जी चले
गोकुल में गुऊवे चरावें घर घर जाकर खीर खावे
गोऊवे चरावें श्री यन्त्र बनावे और ग्वालियों को पहनावें
श्री यन्त्र पहनकर ग्वाले भी कृष्ण बन जावे
मति बदल कर ग्वाले भी मौज उड़ावे
श्री यन्त्र कृष्ण जी बनावे गोपियां बांट बांट कर चढ़ावें
जिसके घर में श्री यन्त्र कृष्णा दे आवें
वह घर धन से भर जावे
सभी मनुष्य श्री यन्त्र को बनवावें
जाकर गोकुल श्री कृष्ण से सिद्ध करवावें
जय जय श्री कृष्ण देव।
इति सिद्धम्

महामृत्युन्जय यन्त्र

ॐ शिव ने दिया वरदान
नर जीव मोक्ष का खुला द्वार
जिसमें बैठे शिव पार्वती देवा
नर की भगति शिव की शक्ति
देवों का मिला वरदान
नर नारी का हुआ कल्याण
महामृत्युंजय जपे जो नर नारी
शिव की भगति करे नर नारी

मोक्ष मिले और मिले मुक्ति
नर की भगति शिव की शक्ति
जो माने नर नारी मृत्युंजय हो
जय जय शिव शक्ति
इति सिद्धम्

नव दुर्गा यन्त्र

नौ दुर्गा विष्णु माता शिव पार्वती विधाता
नौ माता सती देवी का रूप बनाता
जग जिता जग बिता सत्य की रीत बनाता
धर्म की शक्ति जीत बनाता अधर्म को श्राप बताता
नौ दुर्गा परम शक्ति धर्म का द्वीप जलाती
संसारी नर नारी का धुन्धला रूप दिखाती
जो भगति करता माता रूप दिखाती
भगति में शक्ति होकर सत्य मार्ग दिखाती
भगति का द्वीप बना नव दुर्गा यन्त्र बनाती
जो नर नारी भगति करे माता की उसके घर
सत्य की ज्योत जलाती
सत्य की भाँति भाँति नवीन ज्योति जगाती
जय जय हो माता माती
इति सिद्धम

दुर्गा अम्बाजी यन्त्र

दुर्गा माता की चली सवारी
जिसमें बैठे बाल ब्रह्मचारी
आगे चले हनुमन्त पीछे चले भैरों सवारी
चन्द्र सा मुकुट धारण करके चली सवारी

दुर्गा अम्बा वैष्णों बन कर एक माता सारी
दुर्गा माता के भगतों को यन्त्र दे सहारा
बिगड़े कार्य बने और हनुमन्त दे हुंकारा
भैरों जी की लगी तेल की ज्योत संसार पूजे सारा
तीनों लोक में जय जयकार हुई माता का लगा दरबारा
आगे चले हनुमन्त पीछे चले भैरो सर्वहारा
जो नर नारी पूजे मनन करें यन्त्र धारण करें
मनावांछित फल मिले सारा
जय दुर्गा अम्बा भवानी गीत गावें संसारा
इति सिद्धम्

गायत्री मन्त्र

ॐ जग जोत है पूर्ण गायत्री की माया
सतयुग से बहती आई कलयुग तक धारा
गायत्री वेदों की माता सर्व सतकारा
बुद्धि दे माता, नर नारी करे पुकारा
देव माता शान्ति दो करो मेरी रखवारा
दुखी न रहूं जग में गायत्री माता दे वरदान
सुख शान्ति दे पुकारूं मैं दिन रैन
गायत्री यन्त्र दे माता जिसके सहारो मैं करूं गुजारा
मेरे बन जाय बिगड़े काम गायत्री यन्त्र तारा
जय गायत्री माता

गायत्री का यन्त्र सिद्ध करने से सम्पूर्ण सांसारिक कार्य बन जाते हैं और शान्ति स्थापित हो जाती है। मनुष्य आरोग्य हो जाता है। इस मन्त्र से यन्त्र को सिद्ध किया जाता है और जो भी इस यन्त्र को धारण करेगा वह मनन भी करें सम्पूर्ण वैभव को प्राप्त होगा।

इति सिद्धम्

महालक्ष्मी यन्त्र

विष्णु भरे भण्डार महालक्ष्मी आवे
महालक्ष्मी बताये विष्णु भेद भावे
विष्णु की चली सवारी संग बैठी महालक्ष्मी प्यारी
यन्त्र बनाकर दिया जगत को धन से भरे भंडार
देवता चले स्वर्ग से इन्द्रदेव बने धनवान
विष्णु जी का लगा दरबार महालक्ष्मी आई बारम्बार
सत का पहिया चले जगत लक्ष्मी यन्त्र बहता रहे
जो नर नारी महालक्ष्मी यन्त्र पहने,
धन धान्य से भरपूर होवे
कल्याण हो जगत का नर नारी धनवान होंवे
जय लक्ष्मी देवी

विष्णु यन्त्र

विष्णु जी का चला चक्र अधर्म की हार हुई
सन्तों की जीत हुई पापियों की हार हुई
विष्णु का अवतार बनकर कृष्ण जी सतकार हुई
जब जब धरती पर पाप बढ़ा जब जब विष्णु अवतार हुए
प्राणियों के रक्षक विष्णु जी के अवतार हुए
श्री कृष्ण जी के नाम से जग में सोलह कला अवतार हुए
नर नारी के रक्षक बनकर भगवान विष्णु अवतार हुए
शेषनाग पर बैठ कर करें सवारी
विष्णु जी बैठे संग में बैठी लक्ष्मी प्यारी
विष्णु यन्त्र चक्र समान जो माने
उसके हो जाय बिगड़े काम

विष्णु जी सत्यनाम नर नारी भजे
हो जाय बिगड़े काम
इति सिद्धम्

महाकाली यन्त्र

माता महाकाली करे जगत की रखवाली
पूजे देव जिसे पूजे तीनों लोक धर्मवाली
सत्य का द्वीप जगाने वाली
पापी दुष्ट को मिटाने वाली
दुर्बल को सहारा देने वाली
धर्म का पुँज द्वीप जलाने वाली
माता महाकाली अधर्म का नाश करने वाली
जो भी नर नारी याद करें
जगत माता है माता बनकर प्यार करें
हर काम में सहारा बनकर संसार का कल्याण करें
जय जय महाकाली माता तेरी
जगत जय जयकार करे।
इति सिद्धम्

बगलामुखी यन्त्र

सिद्धि बन अग्नि फन
देवी का यन्त्र बगलामुखी के संग
महादेवी महाविद्या जब करे प्रचारा
मनुष्य का करे कल्याण स्वर्ग लोक पहुंचाना
बगलामुखी का लगा दरबार
जिसमें बैठे देव बेसुम्मार
बगलामुखी दे वरदान

नर नारी सुखी रहे और खाये जलपान
जल पान सुपारी मीठी हो जुबान
जिस पर बैठकर बगलामुखी दे वरदान
जय जय बगलामुखी देवी।
इति सिद्धम्

इस यन्त्र को सिद्ध करने के लिए तेल का दिया लगाकर पान सुपारी जल का पूजा में रखकर 108 बार करें शनिवार को यन्त्र सिद्ध करें।

चामुण्डा यन्त्र

चामुण्डा चण्ड धाती शिव की अनुभुति
चली चामुण्डा राक्षसों को मिटाने
शिव चले पुण्य कमाने
शिव जी से ले वरदान चण्डी चली धर्म बचाने
शिव का त्रिशूल मिला वरदान में
चामुण्डा चली राक्षसों के मैदान में
राक्षसों को मारा चली चामुण्डा धर्म बचाने
जय जय चण्डी माता
इति सिद्धम्

त्रिपुर भैरव यन्त्र

त्रिपुर सुन्दरी का लगा दरबार
जिसमें बैठी शक्ति परिवार
शिव जी बैठे बैठी सति नार
त्रिलोक की त्रिपुर भैरवी जिसको देखे त्रिलोकनहार
ब्रह्मा विष्णु शिव बैठे शक्ति बैठी पवन दरबार
शिव की जो नर भगति करे शक्ति का हो संचार
त्रिपुर सुन्दरी नर के घर आवे

जो करे शिवजी की पुकार
जय जय शिव, त्रिपुर भैरवी पालनहार
इति सिद्धम्

हनुमान यन्त्र

श्रीराम वनवासी संग चली सीता पूर्णमासी
हनुमान मिले जब राम को शिव का साथ मिला विष्णु को
अमर गाथा जग गाता विष्णु विधाता
चराचर जगत विष्णु गीत गाता
जब तीनों मिल जाते एकम दशा हो जाता
ब्रह्मा शिव को गुरु माने शिव विष्णु को ध्याता
एक दूसरी शक्ति गुरु मान कर जगत को दिखाता
हनुमान का रूप धरके शिवजी पृथ्वी लोक पर आता
जो भी नर नारी हनुमान यन्त्र बनवाता
सहज ही सुख सम्पत्ति पाता
जय जय हनुमन्त देवा
इति सिद्धम्

राम रक्षा यन्त्र

राम का बाण करे रक्षा यन्त्र बनकर
करें कृपा विभीषण पर छत्र बनकर
हनुमान जी को दे आज्ञा सीता जी मिलने की
लक्ष्मण जी ने खिंची रेखा अग्नि की
जिसको पार न कर सके लंकेशी
राम का बाण करे रक्षा यन्त्र बनकर
चक्रव्यूह तोड़ा रावण का राम अवतार बनकर
जय जय श्री राम
इति सिद्धम्

कनकधारा यन्त्र

कनकधारा विष्णु जी का फुआरा
प्रेम का दरिया जिसमें बैठे जग सारा
कनक के सामान जल की किरणें
चमक रही जैसी हिरणी हरणे
जल की धारा मोती बनी झरने
कोमल डाली ले रिझाने
कनक की बैला यन्त्र बनकर चली रिझाने
आगे चलकर नर नारी मिले दुख याने
कनकधारा में नर नारी चले नहाने।
जय जय विष्णु देव
इति सिद्धम्

कुबेर यन्त्र

महालक्ष्मी का लगा दरबार
उसमें बैठे कुबेर महाराज
कुबेर की जब चली सवारी
जाकर रुकी आंख की डारी
जाकर कुबेर ने कृपा बरसाई
जहाँ पर बैठी महालक्ष्मी माई
शीतल जल कुबेर जी ने लक्ष्मी को पिलाया
उसी समय कुबेर जी की बरसने लगी माया
कुबेर यन्त्र जो भी पाये उसके घर धन वर्षा होवे
जय जय कुबेर जी की माया
इति सिद्धम्

इस मन्त्र से कुबेर देव का यन्त्र 108 बार सिद्ध करना है।

बीसा यन्त्र

बीसा यन्त्र फुका जन्त्र
निकला मुख अग्नि मन्त्र
ज्वाला जली सिद्ध किया यन्त्र
जहाँ बैठा जाकर वही पर विजय पाकर
चला बीसा यन्त्र विजय पाकर
अग्नि का तत्व बनकर जय जय अग्नि देव
इति सिद्धम्

इस मन्त्र को अग्नि देव से सिद्ध किया जायेगा। 108 बार अग्नि देव की पूजा करनी है। इस मन्त्र को 108 बार यन्त्र पर करना है।

सुख समृद्धि यन्त्र

गायत्री माता सुख निधान
जो घर बांचे शान्ति मिले घर बैठे
जहाँ जाओ देखों सन्तों की माया
नर नारियो का गायत्री माता ने सुखी बसाया
देवरिषियों का मनन हुआ गायत्री की छाया
सुख समृद्धि यन्त्र की जो करे सिद्धि
गायत्री निर्मल करे नर नारी की बुद्धि
सुख दे समृद्धि दे करे बुद्धि की सुद्धि
जय जय गायत्री माता
इति सिद्धम्

धनदा यन्त्र

धन की माया विष्णु जी की छाया
करे पुराण व्याख्यान जगत में

नर का करे कल्याण माया में
धन की कोठी विष्णु जी के नाम
आभूषण दे महालक्ष्मी के धाम
सुन्दर वैभव करे सुजान
धन की माया विष्णु जी की छाया
धनदा यन्त्र नर नारी की करे छाया
इति सिद्धम्

वशीकरण यन्त्र

फूंका दिया पच्च मेवा में होम किया
दृष्टि में पहुंचा नीर खाई पवन की खीर
नर नारी वश हो जावे खावे नीर खीर
ललिता देवी को याद करे वशीकरण की
बैल बैठाकर खीर चढ़ाओ ललिता देवी को मनाओ
वश में हो जाय जीव
नर नारी ललिता देवी का याद करे
बन जाय जब खीर खाये जगत नीर
पवन खाये सन्त संसार खाये खीर
जो नर ललिता देवी को याद करे बन जाय धीर
वशीकरण हो जाय जगत का
जहाँ पर बैठी शक्ति पीर
जय जय ललिता देवी
इति सिद्धम्

इस मन्त्र से वशीकरण किया जाता है। जीवधारी शरीर वाले को वशीकरण कर सकते हैं।

शुभ लाभ यन्त्र

जय गणेश देवा घी खाँड मेवा

जो भी माने उसका पार हो खेवा

मोतियों भरी खांड का भोग लगावे

सत्य पुरुष महात्मा पुरुष करे सेवा

प्रथम बार पूजा करे गणेश जी को दे मेवा

प्रसाद चढ़ाओ याद करो गणेषी देवा

देवों के देव जो भी याद करे लाभ करे

जो भी शुभ लाभ यन्त्र को बनावे

गणेश जी को ध्यान करे ज्योत जलावे

उसका घर धन से भर जावे

जय जय गणेशाय नमः

इति सिद्धम्

कार्य सिद्धि यन्त्र

माता काली की करो पुकार

ममता करो आंसुओं की करो फुआर

माता भगत की सुन पुकार

पृथ्वी लोक पर आये हजार बार

सत्य का नाम जो भी लेवे हर बार

उस नर नारी के काम बने सात बार

जो भी माता काली को पूजे

कार्य सिद्धि बने हजार बार

जय जय काली माता

इति सिद्धम्

चरण पादुका मन्त्र

चरण पादुका बनकर सतपुरुषों का
जगत में सत्कार हुआ
नर नारायण बनकर जगत का उपकार हुआ
राम राज्य में चरण पादुका से राज्य हुआ
राम के चरणों का सत्कार कर भरत मुक्ति कार हुआ
सन्तों के चरणों का आदर करके
शिष्यों का बेड़ा पार हुआ
चरण पादुका का जो सत्कार
करे सन्तों को मीठा भोजन करावे
ऐसे नर नारी का सदैव कल्याण होता है।
इति सिद्धम्

दुर्वा के प्रयोग मन्त्र

दुर्वा निधि विधि सिद्धि की जड़
जो धरती में उगे पनपे नड
उगे सन्तन की तरह चले बैल की जड
दुर्वा पूजा की जड़ है पूजे बृहस्पति देव
दुर्वा पूजा की जड़ है पूजे पूजा पूर्ण होय
जो पूजा में रखे उसके काम सब बन जाय
दुर्वा से आरोग्य हो मनुष्य इस मन्त्र को पढ़ जाओ
दुर्वा पर बैठ कर करे मनुष्य मन्त्र मनन
रोग काया में हो जाय करे रोग मुक्त
जो भी दुर्वा को लेकर इस मन्त्र का
करे जाप पूर्ण काया होय
मनुष्य रोग मुक्त हो जाय
इति सिद्धम्

विल्व दल प्रयोग और मन्त्र

शिवजी से नर मांगे वरदान

दोनों हाथों में विल्व रखो मांगों वरदान

शिवजी दे हंसकर देव लोक का धाम

संकल्प करके विल्व पर मांगो वरदान

वर मांगों घर माँगो माँगो सदा सुहाग नार

जो माँगे वह मिले कहती शिव पुराण

जय जय शिव धाम

इति सिद्धम्

काली तुलसी प्रयोग और मन्त्र

काली तुलसी ताप को उतारे धाम

जय शिव शिव शिव बोले खिला देवे

नर नारी बच्चे को हो जाय ताप

करो शिव की याद पार्वती की आन

इतना मन्त्र पढ़ो सम्पूर्ण हो जाय काम

काली तुलसी जो पढ़कर खिलावे

ताप की गति रुक जावें

जय बात शिव पार्वती सुनावे

नर नारी प्रयोग करे धोखे में न रहने पावे

इति सिद्धम्

श्री हनुमान बजरंग बली

हनुमन्त वीर सन्तों की खीर पसारे धीर हनुमन्त वीर

बाले गोरख खाये

सत्य की टोकरी धरी बावन धाम

हनुमन्त बैठे सत्य लोक विश्राम

शिव की शक्त्ति हनुमन्त की भगति
पूजे सारा लोक सरोबार
जय हनुमन्त रखवारा।
इति सिद्धम्

कालिका

क्री क्री कालिका सत्य का बीज
सत्य का युग बंधे सन्त अपने जुग
आओ सन्तों माता के संग
चले गोरक्ष ज्वालामाई के संग
कालिका चली आगे आगे
पीछे चले गोरक्ष रखवाले
वावन भेदिनी योगिनि चली
शिव की आन जगत में पली
कालिका देवी की चली सवारी
पीछे बैठे जग के नर नारी
चली कालिका की सवारी
जिसको पूजे नर नारी
जय कालिका देवी की जय
इति सिद्धम्

इस मन्त्र का 7 कुओं के जल सामने रखकर शनिवार के दिन तेल की ज्योत जलाकर सिद्ध करें। ब्रह्मचारी का पालन करें सवा लाख ॐ गोरक्ष योगी का मन्त्र करके यह मन्त्र कर सकते हैं। कालिका देवी दर्शन देगी और मनोकामना पूर्ण करेंगी।

जिस मनुष्य को दूसरा मनुष्य दुख दे रहा है उससे बचने के लिए यह कालिका देवी मन्त्र है।

कार्य सिद्धी

मनुष्य का धाम पृथ्वी लोका
कर्मों से हुआ प्रलोका
कार्य सिद्ध हुए जब लगी शिव की आन
पूर्ण हो गया कार्य शिव ने किया प्रकाश।
पूर्ण हो गई आस
जब देवों की लगी आहट
धरती पर फिरे जब सन्तों की आहट
मनुष्य के हो गये सब ठाट
शिव की धरती शिव का त्रिशूल
कार्य सिद्धि करे बिन भूल
कार्य सिद्ध हुए सन्तन के
जब मनुष्य सन्तन बन के
शिव का बन के गुणगान करे
जय जय सिद्ध सन्तों की।
इति सिद्धम्

7 दिये घी के जलाओ गीले गोबर पर उनके सामने 7 मिठाई, धूप दीप ईत्र बगैरा छिड़ककर 108 बार सोमवार के दिन सिद्ध करो। फिर जिस मनुष्य का कार्य सिद्ध करोगे आप गाय के गोबर में इस मन्त्र को भभूति पर 42 बार दोगे फिर वह गोबर में मिला देगा और अपने घर 7 दिन तक ज्योत जलायेगा।

जय भैरो जी

भैरो चले उज्जान चाकरी
गोरक्ष मिले मूल आखरी
हुआ मिलन जब गौरक्ष ने सुध ली सारी
गोरक्ष के बने शिष्य ब्रह्मचारी

भैरो जी ने दिया वचन बहुत भारी
जा गोरक्ष जगत में कर दे वाह वाह न्यारी
कल्याण कर दें नर नारी
भैरो का दिया वचन पूर्ण हुआ
गौरक्ष जी ने सम्पूर्ण किया
जय जय गोरक्ष की आन
भैरो जी की शान
जय जय भैरो जी की
इति सिद्धम्

इस मन्त्र को शनिवार के दिन गुल्लर के पेड़ से डाली तोड़कर उसे सरसों के तेल में भिगो लो 5 शनिवार उस डाली डड्डे को तेल के चिराग जलाकर 108 बार सिद्ध करें गुरु धारण किया हुआ मनुष्य इस मन्त्र को सिद्ध कर सकता है।

गौ जोगिन

गौकुल चले कृष्ण मुरारी
गोपी मिली अर्पणी प्यारी
मधुर संगीत सुनावती गोपियां सारी
मंगल करत कृष्ण मुरारी
आवती देख गौ जोगिनी सारी
श्री कृष्ण ने बाँह पसारी
व्याकुल हो गई जोगिनी सारी
हुआ मिलन जब श्री कृष्ण मुरारी
जोगिनी हो गई व्याकुल सारी
धर्म की बन गई जोगिनी सारी
श्री कृष्ण चले गोकुल रणधारी
पीछे पीछे चली जोगिनी सारी

मान बढ़ा जोगिनों का
हुआ भंडारा गोकुल सारी
मिलन हुआ कृष्ण मुरारी
पीछे चली ब्याही कुँआरी जोगिनी सारी
जय जय श्री कृष्ण मुरारी
इति सिद्धम्

यह मन्त्र सिद्ध करने के लिए 108 बार मन्त्र बोलते रहो और 108 कन्याओं को मीठा भोजन कराते जाओ और यह मन्त्र उच्चारण करते जाओ। सिद्ध हो जायेगा। सिद्ध करने के बाद किसी भी कन्या की चुन्नी से झाड़ सकते हैं। कन्या छः वर्ष तक की होनी चाहिए।

भैरव जी प्रकट होने का मन्त्र

भरो जी की जय हुआ हुंकारा
भैरो चले विकराल रूप धर के सारा
रखी भगत की लाज हुआ वनवास भारी
देखने चले सपूत नर नारी
पूजने चली क्वारी जब शनि हो भारी
पूजे शनि को नर नारी
तेल की ज्योत फुलवारी
भैरो चले बनवारी
भगत हुआ कल्याणी
जगत का हुआ कल्याण भारी
सहस्त्रों चले नर नारी
जय जय भैरो बनवारी
इति सिद्धम्

जिस नर नारी पर शनि का ग्रह भारी हो उसको इस मन्त्र को बच्चे शनिवार के दिन इसका जाप करें और पीपल पर तेल की ज्योत जलाये या सिर्फ तेल चढ़ावें।

जल शान्ति

अलील की माया
जिससे निकला जगत पराया
पानी की माया विष्णु की छाया
जिसमें बैठे सन्तों की माया
धरे धीर खुल गई तकदीर
पुण्य में हो गई काया
अलील पुत्र विष्णु की माया
जो सिद्ध पढ़े अलील को
अमर हो गई काया
जय जय विष्णु की माया
इति सिद्धम्

काँसे की कटोरी में शुद्ध जल लेकर इस मन्त्र से 7 बार आमन्त्रित करके रोगी को पिलाये स्वस्थ हो जायेगा।

शंख सिद्ध करने का मन्त्र

शंखनाद उपजी धरती पर मधुर गीत सुनाये
आलोकिक श्रृंखला ध्वनि पर
मुकुट सजा शिव का देख देव मुस्कराय
लीला सारी शंख की ध्वनि में समाये
शिव जी पृथ्वी लोक पर आये
पार्वती का संगीत सुन आये
पृथ्वी लोक के नर नारी शुभम हो जाय
शंख की ध्वनि उपज मधुर गीत सुनाये
धरती माता की मधुर वाणी से गर्भ धारण हो जाय
शंखनाद उपजी धरती मधुर गीत सुनाये।

जिस तरह का भी शंख हो उसे इस मन्त्र से सिद्ध करना है 108 बार इस मन्त्र से सिद्ध करके शंख बजाना है। इसके करने से सम्पूर्ण देव नर या नारी से अनेक प्रकार से धन प्रगति और शान्ति स्थापित होगी।

इति सिद्धम्

श्री यन्त्र सिद्ध करने का मन्त्र

गणेश जी की अनुपम शक्ति
जिसको पूजे नर नारी शक्ति
लक्ष्मी का लगा दरबार
यन्त्र बने सिद्ध हो देवों को स्वीकार
यत्न करो नर नारी बारम्बार
गणेश जी चली सवारी जगत में पहली बार
पहले ध्वनि करो शंख की यन्त्र करो बारम्बार
सिद्ध करो यन्त्र और लक्ष्मी को ध्यावो
पूजा करो गणेश जी की मिट्टी के अन्दर दबाओ
श्री यन्त्र सिद्ध करने गणेश लक्ष्मी पूजा पर आये
सम्पूर्ण विघ्न हटाकर श्री यन्त्र सिद्ध हो जाय।
इति सिद्धम्

श्री यन्त्र को सिद्ध करने के लिए गणेश जी की मिट्टी की मूर्ति बनाकर पूजा घर में रखो और इस मन्त्र को 11 दिन तक 108 बार करो शुक्ल पक्ष में ग्यारह दिन बाद श्री यन्त्र को गणेश जी की मूर्ति के नीचे रखकर 1 दिन रात अखण्ड जोत जलाकर छोड़ दो फिर यन्त्र को प्रयोग करो। सभी नर नारी के लिए यह कार्य करना है और दूसरे दुखी दरिद्रों को भी फायदा पहुंचाना है।

अष्टधातु सिद्ध करने का मन्त्र

अष्ट धातु अष्ट भुजा देवी की ज्योत
जिस पर बैठे ब्रह्मा विष्णु महेश
अष्ट भुजाओं पर दुर्गा माता के अंग पर
सम्पूर्ण देव समा जाय
दुर्गा माता का दीप घी का जलाये
पूर्ण करें कार्य सन्तन के घर जाय
मति करें सिद्धी की शान्ति घर में आये
आख का पेड़ धरे पूजा में दूध से नवाहये
कमण्डल पीतल का ले अष्ट धातु को डुबोये
जब डूब जाय अष्ट धातु सिद्ध हो जाय

अष्ट देवी की पूजा करें घी की ज्योत जलाये और आख का पेड़ का पत्ते और दूध निकाल कर कमण्डल में डाल दें और अष्ट धातु भी कमण्डल में डालें फिर सिद्ध करें। शनिवार से लेकर शनिवार तक 108 बार इस मन्त्र का पाठ करें और शनिवार को इस आख के दूध और पत्ते को चलते पानी में बहा दें।

इति सिद्धम्

पारद शिवलिंग मन्त्र

शिव पार्वती का किया बिछोना
धरती बन गई बिछोने की काया
उन पर बैठे शिव पार्वती सत वाला
नाभि से कुंडलिनि बनकर पार्वती चली नहाने
पारद शिवलिंग मृत्युंजय बनकर लगे बहने
सुर चले पार्वती का शिव चले बहने
सात सुरो मैल हो जब पारद शिवलिंग हो गये मतवाले

भैरो चले चली साथ बनकर योगिनी
दिया साथ जब भैरो जी का बनहने लगी चौसठ योगिनि
पारद शिवलिंग की चढ़ गई बैल
नर नारी पूजे शिव पार्वती बैल
जगत शब्द का खेल सत की बैल
पारद शिवलिंग में अंकुर फूटे शिव
पार्वती का हो गया मैल
इति सिद्धम्

पारद शिवलिंग के स्थापित करने के लिए यह मन्त्र लगातार 5 दिनों तक पूजा करना है और दूध से भरकर नहलाना है फिर गंगाजली में रखकर स्थापित करना है। रोजाना 108 मन्त्रों से सिद्ध करना है जहां सिद्ध करो उसी स्थान पर रखना हे। स्थापना उसी जगह करनी है। यह मन्त्र मृत्युंजय है और पारद भी मृत्युंजय है। मनुष्य इस तरह से पारद शिवलिंग को स्थापित करेगा। वह मनुष्य शरीर के अन्दर कोई भी बीमारी नहीं हो सकती और न अकाल मृत्यु हो सकती है।

एक मुखी रुद्राक्ष सिद्ध करने का मन्त्र

ॐ शिव का धाम पूर्णमासी का धाम
शिव पार्वती का फल खाये शिव ओंकारानन्द
देवपुरी पर अंकित फल एकम मुखी रुद्राक्षानन्द
स्वर्गपुरी में जाकर लगे वृक्ष के अंग
प्रभु शिव के अंग पार्वती के संग
चले बहने सर्व बैल एकम मुखी रुद्राक्ष के संग
मोती मणि के संग एकम रुद्राक्ष के अंग
भोर हुई जब ओंस मोती बने
बने शिव के अंग एकम मुखी रुद्राक्ष के संग

चारों वेद लटके अंग शिव पार्वती के संग
एकम मुखी रुद्राक्ष जो नर धारण करे
मिले शिव पार्वती का संग
अधिपति के अंग
जय जय शिव पार्वती
इति सिद्धम्

एक मुखी रुद्राक्ष को सिद्ध करने के लिए शिव पार्वती का आसन बनाकर 2 कलश स्थापित करके शिव पार्वती के दोनों तरफ रखो और एक रुद्राक्ष को शिव पार्वती के सामने घी का चिराग लगाओ और रुद्राक्ष को दूब दूध में भिगोकर दुब के ऊपर शिव पार्वती से स्थापित कर दो और सोमवार के दिन सुबह 12 बजे से पहले करना है। मन्त्र का जाप 108 बार करना है और जो भी मनुष्य इस एक मुखी रुद्राक्ष को धारण करे वह इस मन्त्र का मनन करेगा सम्पूर्ण कार्य की सिद्धी होगी।

द्वि मुखी रुद्राक्ष सिद्ध करने का मन्त्र

द्विमुखी रुद्राक्ष गणेश जी का मुखारविन्दम्
गणेश जी का धर्मभिषेक जगत के अंग
संग चली लक्ष्मी पुण्य हो जाय मनुष्य कर्म
ज्योति बने गणेश जी की सिद्धी हो जाय अंग
बुद्धि बढ़े और सिद्धी बढ़े जीव के अंग
महात्मा बनकर जो शिव को भजे शिव हो जाय संग
गणेश जी ने द्विमुखी रुद्राक्ष माना अंग
नर नारी दरिद्र हो पहनाओ अंग
द्विमुखी रुद्राक्ष सदैव रहे संग
जो मनुष्य द्विमुखी पहने रहे धर्म के संग
जय जय गणेश जी नर के चले संग
इति सिद्धम्

द्विमुखी रुद्राक्ष प्रेम का सागर है जिस मनुष्य को जीवन में प्यार नहीं मिलता वह मनुष्य इसे रुद्राक्ष को धारण करें और 108 बार गणेश जी की मिट्टी की मूर्ति बनाकर 108 बार पाठ करें और इस रुद्राक्ष को धारण करने के बाद इस मन्त्र को मनन करें। यह मन्त्र शरीर के अन्द शुद्ध प्रवाह धारण करायेगा और गणेश जी का आशीर्वाद सदैव के लिए मनुष्य पर हो जायेगा।

त्रिमुखी रुद्राक्ष सिद्ध करने का मन्त्र

त्रिलोक की माया जगह हो जाया पराया
जो जाने बुद्धि से यह जग उसी नर ने जाना
त्रिलोक के स्वामी चले परम धाम
तीनों देव जब चले साथ में चली प्राण
शिव चले शिव लोक विष्णु चले पाताल
ब्रंह्मा चले ज्ञान लोक साथ में ले त्रिमुखी रुद्राक्ष
ब्रह्मा विष्णु शिवम् चले जब पूर्ण हो आस
नर नारी धरती पर हुआ बसेरा शिव लोक में बसेरा
गऊएं चली पुण्य लोक धर्म का हो बसेरा
त्रिलोक में त्रिमुखी चले गले में पड़ गई माला
प्रभु शिव सम्पूर्ण लोकों का रखवाला
धर्म पर विजय कर शिव लोक में
पुण्य पहुंचा ध्याला
इति सिद्धम्

त्रिमुखी रुद्राक्ष ब्रह्मा विष्णु महेश की माया रूप है इसकी पहने और इस मन्त्र से इसे सोमवार के दिन 108 बार पाठ करके और गंगाजल में रुद्राक्ष को नहलाकर पूजन करे और इस मन्त्र का मनन करें। इसके पहनने के बाद कोई भी दशा या ग्रह दोष या ऊपर की हवा का दोष दूर हो जाता है।

चतुर्थ मुखी रुद्राक्ष सिद्ध करने का मन्त्र

चतुर्थ वेद ब्रह्मा की माया
त्रिलोक से चतुर्थ मुखी आया
पुण्य पृथ्वी पुण्य हो माया
ब्रह्म लोक में झूला बनाया
शिव लोक की है माया
जगत में सत की माया
उल्टा ओढ़े सीधी दिखे काया
भजन करने भगत चले कलयुग की माया
नित्य नित्यम् चतुर्थ मुखी रुद्राक्ष
भजे शुद्ध हो काया
ब्रह्म लोक की माया
जो नर सन्तोष रखे सब कुछ समाया
पूर्ण हो काज शिव की जो जाय माया
त्रिलोक से चतुर्थ मुखी रुद्राक्ष आया
श्री शिव की हो माया
इति सिद्धम्

चतुर्थ मुखी रुद्राक्ष पूर्ण परमेश्वर की गति धारण करने वाली है। इसे शुद्ध करके पहने सोमवार के दिन इस मन्त्र को भजो ओर 108 बार पाठ करके धारण करो और धारण करने के बाद मनन करो।

पंच मुखी रुद्राक्ष सिद्ध करने का मन्त्र

पंचम ध्वनि प्रज्वलित
मधुर गीत सुनावति
पंच सुरों में कनकल करती

उपवन पंचमुखी रुद्राक्ष प्रणवती
गाती फिरती माला जपती
शिरोमणि की ध्वजा बनती
पंचमुखी रुद्राक्ष बनकर परमेश्वर भजती
पाँच नाम परमेश्वर बनकर पूर्ण पृथ्वी विचरती
पाँच नाम देवों के लेकर ध्वनि करती
ॐ नाम लेकर ॐ नमः शिवाय करती
जय जय शिव ध्वनि करती
इति सिद्धम्

षष्ट मुखी रुद्राक्ष सिद्ध करने का मन्त्र

षष्ट मुखी देवों का भजन निराला
गावे देव षष्टमुखी रुद्राक्ष पहनकर
वेदों की देव वाणी बनकर
विधा से सरस्वती माता को भजकर
गुणों से भरकर नर नारी गाते फिरते
सतगुणों का दीप जलाकर युग युग भरमण करते
देवताओं का गुणगान करते सिद्धो को नमन करते
षष्टमुखी रुद्राक्ष पहन कर योगी भजन करते
नर नारी गाते फिरते वेदों की बाणी
सिद्धी मिले सहस्त्रों युगों की बाणी
धर्म की कणी धरती का बिछोना बनी
देव लोक में सरस्वती का हुआ निवास
पृथ्वी लोक पर षष्टमुखी रुद्राक्ष पहने नर नारी
वेदों ने मुख से देवों की गाई वाणी
इति सिद्धम्

सप्त मुखी रुद्राक्ष सिद्ध करने का मन्त्र

सन्तन की छाया में बैठे जगत धारी
पुष्प की बोछार करते देव बारी बारी
शिव की अमर गाथा गाते वेद ब्रह्मचारी
सात समुन्द्रों की गाथा गाते नर नारी
जग में अलख जगाते सिद्ध पुरुष अधिकारी
निर्भय होकर जीते बाल ब्रह्मचारी
देवों का वरदान मिले सिद्ध निरंकारी
पृथ्वी पर वास करे देवी कन्या कुआरी
शीश झुकावें सत्य काम हो बाल ब्रह्मचारी
युगों से चली रीत बहती नर नारी
सप्तमुखी रुद्राक्ष पहन कर पूजने चली देवी सारी
पुण्य की घडी आ गई धर्म की नारी
गांठ खुली सप्त रुद्राक्ष की डारी
धर्म में लीन हुई नर नारी।
इति सिद्धम्

अष्ट मुखी रुद्राक्ष सिद्ध करने का मन्त्र

अष्ट नाम लें श्रीकृष्ण का
विष्णु के अवतार देव का
जिसने आलोकिक कलाओं से जगत जीता
अधर्म की हार हुई धर्म जीता
अष्ट मुखी रुद्राक्ष पहन कर रण जीता
कुसुमलता सी गोपियों का ह्दय जीता
नर नारी बने कुण्डल जगत जीता
पूर्ण शक्ति धारण किये रण जीता

पांडवों के साथ मिले धर्म जीता
धर्म की लाज रखी पुण्य जीता
अष्ट नाम धरा के जगत जीता
कुल का किया नाम अमर गीता
धरा पर आके पूर्ण किये काम
गोकुल की मर्यादा बनी श्री बने कृष्ण धाम
श्री कृष्ण नाम धरा के युग जीता
जय जय श्री कृष्ण देव
इति सिद्धम्

अष्ट मुखी रुद्राक्ष श्री कृष्ण जी का है इसे सिद्ध करें और जो भी सिद्ध करें वह सम्पूर्ण फल पावें और इस मन्त्र का मनन करें जो भी इस मन्त्र से अष्टमुखी रुद्राक्ष सिद्ध करके पहनेगा वह सांसारिक परेशानियों से तुरन्त हटेगा। उसके सोचे किये कार्य सम्पूर्ण हो जायेंगे।

नव मुखी रुद्राक्ष सिद्ध करने का मन्त्र

नव मुखी राम नाम का होये
इससे बड़ा तीनों लोकों में न पावे
मर्यादा पुरुषोत्तम जगत में कहावे
सीता जी राम की हो जावें
गुणगान गावे जगत राम कहावे
सत्य युग से लेकर कलयुग तक अमर फल पावें
कष्ट में पड़े राम हनुमान प्रगट हो जाय
सीता बिछड़ी राम से हनुमान लंका जलावे
सीता जी का राम जी का सन्देशा पहुंचावें
हनुमान जैसा भगत तीनों लोकों में न पावें
सीता ने दिया वरदान हनुमान कुछ न मांगने पावे
मांगने से न मांगे भला सम्पूर्ण कला

हनुमान जी को मिल जावे

इति सिद्धम्

नव मुखी रुद्राक्ष सिद्ध करे और जो पहने वह इस मन्त्र का मनन करे रुद्राक्ष सिद्ध 108 मन्त्र से दूध में डालकर घी की ज्योत जलाकर सिद्ध करें और हनुमान जी की मूर्ति लगाकर याद करके नवमुखी रुद्राक्ष सिद्ध करें।

दस मुखी रुद्राक्ष सिद्ध करने का मन्त्र

दश मुखी रुद्राक्ष दस दिशाओं की परछाई
माया मांगे मिले ना मनुष्य को राम राई
सत्य की रीत कलयुग तक कहावाई
जो सत्य बाटे जगत में कोटी कोटी नाम कहावाई
श्री राम का नाम से जग तरे परमेश्वर नाम कहावाई
धरती पर धर्म की जीत हो देव लोक तक गाई
मनु देव ने धरती पर मनुष्य रीत चलाई
चिन्ता मुक्त जब हो जा मनुष्य बांट सके ना जाई
दशमुखी दश दिशाओं में सत्य की विधा गाई
पुरुषत्तम श्री राम जी सीता जी अवध पुरी में आई
श्री राम जी ने आकर राजगद्दी थमवावाई
सत्य के कारण लें नाम राम का विजय सत्य पर पाई
इति सिद्धम्

दश मुखी रुद्राक्ष को इस मन्त्र से सिद्ध करना है और श्री राम की पूजा करनी है। दशमुखी रुद्राक्ष यश और दीर्घ आयु पाने के लिए होता है। जो भी मनुष्य दशमुखी रुद्राक्ष धारण करेगा वह इस मन्त्र को भी धारण करें और मनन करें।

एकादश मुखी रुद्राक्ष सिद्ध करने का मन्त्र

एकम दिशा वाहिनी धर्म प्रज्वलितम

सहस्त्रों युगों समुन्द्र मन्थन प्राजिकिता

मनुष्य धर्म पर अंकित हो शिव ज्याक्ति्ता

पूर्ण मनुष्य धारण करें एकादश मुखीक्ता

शुभव वैभव गता सन्तोष मनन गाता

शिव का मनन करे जगत शीश पर जुड़ जटाता

भावगता सत्य हो परमेश्वर गाता

मनुष्य जगत में आता जाता

प्रभु शिवजी के गुण गाता

एकादश मुखी रुद्राक्ष पहन कर मनुष्य मुस्कराता

जय जय शिवजी ज्ञाता

इति सिद्धम्

जो भी मनुष्य इस ग्यारह एकादश मुखी रुद्राक्ष को धारण करेगा उस मनुष्य को उन्नति का मार्ग इसके धारण करने से हो जायेंगे और इस मन्त्र से रुद्राक्ष सिद्ध करके मनन भी करें यह ही सच्चा शिवजी तक पहुंचने का मार्ग बतायेगा।

द्वादश मुखी रुद्राक्ष सिद्ध करने का मन्त्र

सर्व प्रथम मनु ने द्वादश मुखी रुद्राक्ष पहनाया

पेड़ शिव ने लगाया फल जगत में आया

मनु ने द्वादश मुखी रुद्राक्ष मनुष्य पहनाया

सत्यम हो वाणी जिसकी वह प्रभु शिव कहलाया

जिसने की जगत की उत्पत्ति धर्म जगत में फैलाया

अगत चली जब मनुष्य की मनु धरती पर आया

सत की बाँधी डोर जगत मनु नाम धराया
परमेश्वर ने जग रचा मनु ने कर्म चलाया
शिवजी ने पेड़ लगाया जगत को पहनाया
मनु ने द्वादश मुखी रुद्राक्ष मनुष्य को पहनाया
जो भी मनुष्य धारण करे विधाओं का पुंज खिले।
इति सिद्धम्

जो भी मनुष्य इस द्वादश मुखी रुद्राक्ष को धारण करेगा उसे सम्पूर्ण विधाओं का ज्ञान हो और जीवन में शक्ति का पुंज बनकर जगत की भलाई करेगा।

त्रयोदश मुखी रुद्राक्ष सिद्ध करने का मन्त्र

सत्य का बीज बोया धरती पर उग आया
शिव ने दिया वरदान सत्य का पेड़ बलवान
जो नर सत को धारण करें शक्तियों से पूर्ण शक्तिवान
भाग्य का खुले ताला नर की समझ में आये
बुद्धि का प्रकाश नर जगत में फैलावे
जिसके सिर शिव स्वामी वह दुख काहे का पावे
त्रयोदश मुखी रुद्राक्ष पहन कर पूर्ण बन जावे
सुखी हो काया ज्योति जगत में जल जावे
जो नर नारी शिव जी को धावे
सम्पूर्ण पुण्य का फल पावे
त्रयोदश मुखी रुद्राक्ष पहन कर नर सिद्धि को पावे।
इति सिद्धम्

चर्तुदशमुखी रुद्राक्ष सिद्ध करने का मन्त्र

चैतन्य करे प्रभु नर को भाग्य बदल जाय
शिव का चोला पहनकर नर नारायण बन जाय

भगवा वस्त्र पहनकर नर नारी चतुर्दश मुखी बन जाय
सत्य का भागी बने नर नारी सन्तों की सेवा में जाय
प्रभु शिव करे पूर्ण कार्य जो चर्तुदश रुद्राक्ष पहना जाय
पूर्ण परमेश्वर का नाम शिव है नाम जप करता जाय
खुल जाय धर्म की गांठ नर नारायण बन जाय
चतुर्दश मुखी रुद्राक्ष पहनकर नर नारी
शिव पार्वती के दर्शन पाये
मुक्ति मिले नर को नारी मोक्ष को पाये
जय शिव पार्वती द्वार खोल मोक्ष के नर नारी दर्शन पावे।
इति सिद्धम्

चतुर्दशमुखी रुद्राक्ष जो भी नर नारी पहने इस मन्त्र से सिद्ध करें और मनन करें जिसका पति पत्नी का प्यार न हो और धन की कमी हो उसे रुद्राक्ष धार करना चाहिए।

गौरीशंकर रुद्राक्ष सिद्ध करने का मन्त्र

पार्वती का रूप सम्पूर्ण शक्तियों का आधारभूत
शक्ति बीज उत्पन्न करे जगत की माता बनकर
शिव के संग चले शिव की पटरानी बनकर
पार्वती सम्पूर्ण शक्तियों का आधार रूप बनकर
जगत का कल्याण करे शिव शक्ति बनकर
गौरी शंकर रुद्राक्ष शिव पार्वती का नाम बनकर
नर नारी गौरी शंकर रुद्राक्ष पहन कर
शिव शंकर का शुभ वरदान मिल नर नारी
को पूर्ण धाम मिले
गौरी शंकर रुद्राक्ष जो नर नारी धारण करें
शिव पार्वती के आशीर्वाद को सरोबार करें
नित्य नित्य भजन करे सदैव मनन हर बार करें।

इति सिद्धम्

यह मन्त्र शिव पार्वती का मन्त्र है। पतिव्रता नारी इस मन्त्र का मनन करें जितना ज्यादा मनन करेंगी पति उतना ही ज्यादा प्यार करेगा और पति भी सुख शान्ति से रहेगा। धन धान्य ग्रह की दशा सब दिशाओं से मनुष्य परिपूर्ण हो जायेगा और नारियों के लिए सदा सुहागन रहने का मन्त्र है। पति को कभी भी अचानक दुर्घटना या आपत्ति नहीं आ सकती।

सन्तान गोपाल यन्त्र

सन्तों की खीर देवों के घाट पर खाई
कृष्ण जी ने दिव्य नगरी बसाई
पीछे चले गाँवों के नर नारी भाई
विष्णु चले ध्यान योग में बहाई
कृष्ण जी की लगी आँख जभाई
विष्णु जी ने कलाओं की वर्षा बरसाई
सन्तान गोपाल के आंगन में खेले गोसांई
सन्तों की खीर देवों ने खाई
जो खावे वही जाने पीड़ पराई
जय जय कृष्ण गुसांई जय जय देव
इति सिद्धम्

श्री गंगा जी धाम

गंगा जी मेरी राखो आन
भगत की राखो लाज
करो सत्य गाई पूर्णमासी आई
गाई गई धर्म की अग्न
परमेश्वर ने किया विश्राम

शिव आये गंगा धाम
भगीरथ की राखी तप की लाज पूर्वजों की आन
सतयुग से द्वापर तक आई आन
त्रेता से कलयुग किया विधान
परम गति हुई पांडवों की
चले स्वर्ग पांडव धर्म की राही
पहले ही मिली कुन्ती माई
जब चले पाँचों भाई
गंगा जी ने कि अगुआई
जब चले धर्म के भाई
गंगा जी सतयुग से कलयुग तक आई
जय जय गंगा माई

घी के चिराग जलाकर गंगाजल रखकर इस मन्त्र को बोलना है घर में गंगाजल का छींटा लगाना है। इससे शान्ति स्थापित होगी।

सिद्धी में सहायक मन्त्र

जहाँ हुआ प्रभु का वासा
सिद्धी ने किया प्रकाश।
मधु द्वीप ने जलकर उगले
मोहन बेला की धुन बनकर
शिव धाम से चले योगी
अपना चिमटा त्रिशूल थामकर
गोरक्षनाथ चले बादलों सा रूप धरकर
पहुंचे उस घर जहाँ सिद्धी का वासा
गोरक्षनाथ ने वहाँ किया प्रकाश।
रखी भगत की लाज किया प्रकाश
अनन्त किरणों का वासा

किया गोरक्षनाथ ने प्रकाश।
जय जय गोरक्षनाथाय नम:
इति सिद्धम्

इस मन्त्र को वह ही साधक कर सकता है जिसने गुरु धारण किया हो और सात्विक प्रवृत्ति का हो इस मन्त्र को मनन करने से साधक की साधना सम्पूर्ण होगी और सिद्धियां प्राप्त होंगी।

कार्य सिद्धी

मनुष्य का धाम पृथ्वी लोक।
कर्मों से हुआ प्रलोक।
कार्य सिद्ध हुए जब लगी शिव की आन
पूर्ण हो गया कार्य शिव ने किया प्रकाश
पूर्ण हो गई आस
जब देवों की लगी आहट
धरती पर फिरे जब सन्तों की आहट
मनुष्य के हो गये सब ठाट
शिव की धरती शिव का त्रिशूल
कार्य सिद्धी करें बिन भूल
कार्य सिद्ध हुए सन्तन के
जब मनुष्य सन्तन बन के
शिव का बनके गुणगान करे
जय जय सिद्ध सन्तों की

7 दीये घी के जलाओ गीले गोबर पर उनके सामने 7 मिठाई धूप दीप ईत्र बगैरा छिड़कर 108 बार सोमवार के दिन सिद्ध करो। फिर जिस मनुष्य का कार्य सिद्ध करोगे। आप गाय के गोबर में इस मन्त्र को भभूति पर पढ़कर दोगे फिर वह गोबर में मिला देगा और अपने घर में ज्योत जलायेगा 7 दिन तक।

विजय भाँग का प्रयोग और मन्त्र

भाँग पढ़कर खिला देवे यह सन्तन की रीत

सन्त मन्त्र पढ़ें भाँग का असर हो जाय

पेट में दर्द हो नर नारी ठीक हो जाय

भांग शिव का भोजन महात्माओं की खीर

नाथ खाये योग में यह सन्तन की रीत

जो नर नारी शिवलिंग पर भांग चढ़ावें

इस मन्त्र को योग बनावे जो बोले वह मिल जावे

शिव की ज्योत जलावें शिवलिंग पर भाँग चढ़ावें

वह नर नारी फले फूले धन धान्य बन जावें

जय जय शिव धाम

इति सिद्धम्

पीपल पर जल चढ़ाने का मन्त्र

विष्णु का दिया पीपल वनस्पति पर जलाओ

पीपल पर विष्णु करते वास

सत्ययुग से कहते आये व्यास

पीपल पुण्य की बैल जितना पूजे हरी हो

नर नारी पूजे पीपल मिल जाय हरी ॐ

जय जय विष्णु देवम्

केले पर जल चढ़ाने का मन्त्र

केला पूजो करो देवों को सत्कार

जिस पर रहते नव द्वीप आहार

सत्य के कारण केला भजे जय सियाराम जय सियाराम

मनुष्य भजे तो कल्याण होवे

पूजे जल चढ़ावे धन का भरे भण्डार
केले को जो राम जी मान करे पूजे हो जाय बिगड़े काम
हर हर देव श्री सियाराम देव

अनिद्रा दूर करने के लिए

ॐ की ध्वनि शिव का गीत
सुर मिलाओ ध्वनि के मीत
ॐ नाम का जप करो
निद्रा आये प्रभु के मन लगाये
ॐ की धुन मन में समाये
निन्द्रा की अवस्था तुरन्त बन जाये
ॐ शिव, ॐ शिव
इति सिद्धम्

इस मन्त्र को सोते समय करने से स्वप्न भी खराब नहीं दिखेगा आनन्द से नींद आयेगी। इस मन्त्र का रात को सोते समय मनन करो।

मोहम्मद पीर

जग बाँधू यज्ञ बाँधू
बाँधू सन्त फकीर
जब चले मोहम्मद पीर
बाँध कर बाना चोला सब बन्दनामा
करके फकीरी बाना
मिला गोरक्ष भगवाना
गोरक्ष कहे मोहम्मद पीर
तूं चल आगे ओ ओ सन्त फकीर
पूजे तुझे हिन्दु मुस्लिम सभी धीर

वसूलों से भरा दरबार
जो पाये उसी का भर जाय
सन्तों का बाना नहीं कुछ चाहना
गोरक्ष धरे ज्ञान की धीर
यह जगत परम वीर
जो माने स्वम्भू की खीर
खाये जगत राँधे गोरक्ष धीर
चले मोहम्मद पीर
जय गोरक्ष बाले वीर
जहाँ सन्तों की भीड़
खाओ सभी सन्तों की खीर
जिसमें बैठे मोहम्मद पीर
जय गोरक्ष भगवाना

मुस्लिम ईलम को काटने के बाद शान्ति स्थापित करना और जिस आदमी पर परेशानी हो इसे हर वक्त मनन करना रक्षा स्वयं होगी।

मसान मन्त्र

धतूरा बीज उठा गगन चोटी
परमेश्वर चले होकर बाराती
उठा धुंआ शमशानों में
मसान चला आंखों में तेल डालकर
धुंआ चला बाराती बनकर
उठा ब्हाने मसान को
वापिस चली बारात
मिले गोरक्षनाथ
मैं भी चलुंगा बाराती बनके

संग लूंगा मसान का साथ
तभी ले उड़ गोरक्ष चले
मसान चला गोरक्ष के संग
गोरक्ष ने कुएं में छोड़ा मसान को
और चला गोरक्ष अपने गुरु मच्छेन्द्रनाथ के अंस
जय जय गोरक्षनाथ

इस मन्त्र को सिद्ध करने के लिए बबुल के पेड़ के नीचे बैठकर कर सकते हैं। यह मन्त्र भी सिद्ध कर सकते हैं या फिर गोरक्षनाथ का मन्त्र ॐ शिव गोरक्ष का मन्त्र सवा लाख कर सकते हैं। इस मन्त्र से मसान का रोगी ठीक होगा और उस मरीज को बबुल की छाल कूटकर भी रोजाना खिलानी होगी।

डाकिनी मन्त्र

चली अगुआई ब्रह्म की
डाकिनी चली अपने लोक
मनुष्य का हुआ पलड़ा भारी
कलह कलेश की आग पर पड़ गया पानी
जब ब्रह्म की लगी शस्त्र की ओट
डाकिनी हो गई ओट
हुई ब्रह्म देव की झड़ी
मनुष्य की खल गई नली
पूर्ण हो गई काया
जब धर्म का द्वीप जगाया
जय जय धर्म का द्वीप
ब्रह्म लोक की हुई जीत
जय जय ब्रह्म देव।

इस मन्त्र को अमावस्या की रात के दिन करना है। जिस नर नारी पर ऊपर की हवा हो इस मन्त्र को सात्विक प्रवृत्ति का मनुष्य जिसने गुरु धारण कर रखा हो वह इस मन्त्र से झाड़ सकता है। अमावस्या की रात 12 बजे इस मन्त्र का 108 बार जाप करके सिद्ध करें, तेल की ज्योत जलावे।

चुडेल के उतारने का झाड़ा

चण्डी चली शिव के धाम
पूर्ण किया बावनी धाम
सत्य का किया धर्माणा
पूर्ण हुआ कर्माणा
जब शमशान का सवेरा
चुडेलों का हुआ संहार
चण्डी चली शिव के धाम
पूर्ण के शमशान
चुडेलें चली पाताल
जब चण्डी का लगी हुंकार
हुआ भगत का वारावार
जय जय चण्डी माता जी की
इति सिद्धम्

चण्डी माता की पूजा करें और इस मन्त्र को रात के समय सिद्ध करें 108 बार करने से यह मन्त्र सिद्ध हो जायेगा, साधक सिद्ध करने के बाद झाड़ फूंक सकता है।

धरण ठिकाने आने का मन्त्र

चल धर्म की गाँठ
हिलडुल हट: फट: स्वाहा
कुण्डिलिनि ने किया बिछोना

चल नाड़ी रात्रि के धाम
जय जय देवी माँ उद्धार करो माँ

ककराली झाड़ने का मन्त्र

जो काँख में निकलती है
बड़ के पत्ते से झाड़ना और दूध लगाना
साबर धाम चलो गठरांली
बैठ उठ बैठ यति की दुहाई
ककरालि चली माईके जाई
जय जय गोरक्ष की दुहाई

बिच्छु का जहर झाड़ने का मन्त्र

मन्त्र झाड़ फूंक हट झेड़ि
चले सुदामा कृष्ण धाम
नवमी का लिये पैगाम
गोरक्ष चले लेकर भाल
शिव चले नीला विष बाण
छोड़ कीड़े की सुजान
हट: पीडे जहरीला नाम
जय जय गोरक्ष सुजान

सपेरे की बीन बाँधने का मन्त्र

बन्ध सपेरे योगी हाथ
उज्याड बन्ध गोरक्ष वाद
चले योगी बिना हाथ
लिए बीन मुरली तान
चल सपेरे तेरा क्या काम
गावे गोरक्ष गान

जय जय गोरक्षयोगी जान

सर्प निकालने का मन्त्र

योगी चले बाराती दाल
बन जा शिवजी विकराल
चल सर्प बैठ उड़ाल
धरती छोड़ उड़ज्या पाताल
चल योगी की ढाल
मेरा बनज्या मेरी ढाल
जय जय गोरक्ष विधि काल

हांडी बांधने का मन्त्र

चली मदिरा भांग चढ़ाये
हांडी चली अग्नि में जाये
हांडी हाड मास से भर जाये
हांडी हट पीछे डायन
उलटा पहिया चले शमशान
चले गोरक्ष अपनी बान
जय गोरक्ष की दुहाई की कमान

नजला झाड़ने के लिए

नटखट बोले घघट में
फिरे चक्कर घट घट में
तोड़ी फनी चन्दन से तीन
बैरी की डाली पत्ते तोड़ खाओ
खाँसी जुकाम को दूर भगाओ
चौरंगी नाथ जी की ज्योत जगाम्
नजला ठीक हो जाय बान

नवनाथों को पूजन जाओ
धर्म की ज्योत लगाओ
नाथों को घर से भूखा न जाय
नाथ घर से भूखा जाय सुखा पड़ जाय
नाथ भूखा न जाय धन वर्षा हो जाय।

अग्नि स्तम्भन रोकने के लिए

माता काली का झंकारा
पापी मिटे धर्म ने डाला डेरा
अग्नि स्तम्भन हटे काली माता का पहरा
काली माता की भगति शिवजी की शक्ति
जहाँ बोले नर नारी वहाँ खीर धर्म की खाई
पापी हटे धर्म का बीज बोई
सत्य की हुई सगाई
सती काली माता बनकर शिव धाम आई
जय जय काली माता की दुहाई
इति सिद्धम्

मूठ उच्चाटन दूर तक हटाने के लिए

मूठ चली हवा बनकर
काल भैरो चले ढाल बनकर
अष्ठ हाथ भैरो जी के फैले
काट दी जड़ मूठ की चढ़ा दी आकाश
नीचे काटी ऊपर काटी काट की पाताल में
काल भैरो का नाम ले जो नर नारी
उसके लिए मूठ कभी न पड़े भारी
जय जय काल भैरव देव
इति सिद्धम्

जहाँ पर मनुष्य खड़ा हो और मूठ आती दिखे इस मन्त्र को पढ़ो और मिट्टी उठाओ चारों दिशाओं में फैक दो और इस मन्त्र का मनन करते रहो मूठ हट जायेगी।

शत्रु उच्चाटन मन्त्र

अग्नि पर शत्रु जले जैसे जले नीर
भैरो की दुहाई हो सत्य की खाओ खीर
सन्तों की भगति शिव की शक्ति
फूंको शत्रु पर करे दण्डित वीर
जो नर नारी पाप करें सन्त लिखे तकदीर
सन्तों का ले नाम जगत में खाये खीर
जय जय सन्तों की
इति सिद्धम्

इस मन्त्र से शत्रु का वार काटा जाता है और शत्रु तुम्हें परेशान करें तो इस मन्त्र को भभूत पर पढ़कर खिला देवें या उसके आंगन में फैंक देवें। परन्तु इसे सिद्ध करना है। 10 हजार मन्त्र से यह मन्त्र सिद्ध होगा और यह अधर्मी मनुष्य पर चलेगा, धार्मिक मनुष्य पर नहीं चल सकेगा।

ग्राहक उच्चाटन मन्त्र

भैरो का पानी खूंटे पर दे बांध
सात दिनों तक खूटे पर चढ़ाओ जल
सातवें दिन ले भैरो जी का नाम घर ले आओ
उसी पानी से ग्राहक के पसीने सुखाओ
मारों छींटा देह पर यह भैरो की आन जगाओ
जय जय भैरो जी की

किसी भी जंगल या घेर घर में पशु का खूंटा खाली मिले उसके चारों तरफ गढ्डा करो रोज 7 दिनों तक पानी चढ़ाओ रात के

समय और सातवें दिन पानी चढ़ाओ उस पानी को इकट्ठा करके ले आओ उस पानी का छींटा ग्राहक पर दो ग्राहक का उच्चाटन हो जायेगा।

स्वप्न में डरना या कोई ऊपर की हवा डरावनी दिखती हो उसे ठीक करने का मंत्र

सति की आई बारात

शिव चले अपने लोकात

शिव के साथ चले भूत पिशाच

यात्रा में मिले पृथ्वी लोकां

जहाँ पर बसते नर नारी झोका

दिया वचन शिव ने जब

भूत पिशाच हट गये जम

किया प्रकाश पृथ्वी लोका

आई बारात सति की ओका

जय जय हो शिव का ओका

इति सिद्धम्

नौ देवियों के चिराग जलाकर इस मन्त्र को 108 बार करना है और मनन करने के बाद लय होने के बाद इस मन्त्र से झाड़ना है और पीपल की जड़ बांधने के लिए देनी है।

नर नारी को परमेश्वर भगति में मन लगाने के लिये

सन्तों की वाणी नर नारियों की पहचानी

सब माने वेदों की बाणी

सत्य पुरुष वही है जो जाने सच्ची कहानी
शिव जी ने जग बनाया यह रित पुरानी
जानकर भी नर नारी न माने यह कर्मों की कहानी
जो माने वह बने सन्तों की बाणी
धर्म में जोत है धर्म नहीं तो जग नाही
शिव का नाम भजो यह सन्तों की बाणी
शिव नाम सत्य है और सब मित्थ्या बाणी
ॐ शिव नाम जप है शिव लोक में आनी
धर्म की जोत लगाओ समझे सत्य कहानी
जय जय शिव धाम
इति सिद्धम्

इस मन्त्र को मनन करो ध्यासन लगने लगेगा।

शीघ्र विवाह का मन्त्र

धुर्व गति सिद्धासन
मुनि बैठ कावडी संग
शीघ्र विवाह उत्पन्नम्
जय महाकाली जम:
जय जय गोरक्ष विकराली जम्

नये मकान में जाने (गृह प्रवेश) का मन्त्र

श्री गणेश जी का लगा दरबार
सतियों ने किया श्रृंगार
नर नारी बन क्रीड़ाहार
किया गृह में प्रवेश द्वार

लगा दिया गणेश जी का दरबार

ज्ञान ने लिया अपना हक वार

गणेश जी का लगा दरबार

जय जय गणेश जी

नये मकान में प्रवेश करने से पहले इस मन्त्र से 108 बार गणेश जी का दरबार लगाकर उसके सामने 108 बार हवन करें। नये घर में प्रवेश करें कोई भी परेशानी भविष्य में नहीं हो सकती।

सास ससुर द्वारा बहु पुत्र वधु से प्यार हेतु मन्त्र

धर्म की माता बनकर कैकई ने वरदान लिया

श्री राम को वनवा हुआ

श्री दशरथ को दुख साथ हुआ

सीता जी भी चली वन में

सास ससुर को पछताताप हुआ

सास ससुर करें प्यार बहु से भाव अपार हुआ

बहु चली वन में सास ससुर विभाव दर्द हुआ

सास ससुर जग में बहु से प्यार करें

यह धर्म पुण्य का सार हुआ

जो माने शक्ति राम की पुण्य स्वीकार हुआ

जय श्री राम

इस मन्त्र के करने से बहु सास में प्यार रहेगा, इस मन्त्र से बहु अपने सास ससुर को जीत सकती है, अपनी तरफ खींच सकती है। इस मन्त्र का अपने अन्दर ही मनन करें यह मन्त्र पूर्ण शक्ति देगा। इति सिद्धम्

पुत्र वधु का सास ससुर से स्नेह करने हेतु मन्त्र

पुत्र बने मात पिता की ढाल
पुत्र को लगा प्यार को रोग
ससुराल पहुंचा गाये गुणगान
बहु को ले साथ पहुंचा घर आंगन
सरवण जैसी इच्छा करें पुत्र पुण्य धरे
मात पिता की सेवा करे कहते आये धर्म वेद
यह ही पुण्य जगत में इससे बड़ा न कोई
जो पुत्र वधु माता पिता की सेवा करे
फले फूले धन भरे पुण्य का धर्म करे
सरवण जैसा पुत्र बनकर मात पिता की सेवा करे
जय जय श्री राम को याद करे
जय श्री राम
इति सिद्धम्

जिस महिला का पति पत्नी के विरुद्ध हो ठीक करने के लिए मन्त्र

सती चली जब शिव की हाट
नारी बन गई शिव की साख
नारी को दिया जब शिवजी ने वरदान
नारी ने जब किया शिव जी का फरमान
शिवजी ने भेजा शैतान
नारी को जब दिया वरदान
हो गये सब बिगड़े काम

जय जय हो सती निस्काम

लगा जब शिव का सती को वरदान

जय जय हो शिव धाम

इति सिद्धम्

यह मन्त्र दूध पर पढ़ा जाता है नारी के लिए है। इस मन्त्र को नारी 108 बार कर सकती है और मननकरके लय करके कार्य में ला सकती है। दूध पढ़कर पिलाना है और शिव पार्वती की पूजा करनी है।

पति बात–बात पर गलत बोलता हो ठीक करने के लिए मन्त्र

सती का जब हुआ स्वयंबर

शिव चले अपने पवनें दर

शिवजी ने जब बदला चोला

कहने लगे सब भोला भोला

हुआ जगत में सत्य का बोलबाला

सती का हुआ जग में बोलबाला

शिवजी का हुआ जगरात्मा

सति हुई नारियों की रखवाली

जो जो सती को पूजे

वही नारी बन जागे

जय जय सती को धावे

बिगड़े काम सुधर जावें।

इति सिद्धम्

यह मन्त्र नारी के लिए है। इस मन्त्र को 108 बार करके मनन करना है फिर परिवार के सब शान्ति में हो जायेंगे। नारी पूजा करनी है।

पति पत्नी के मैल मिलाप के लिए

पानी पर पानी बाहें यह बार भारतीय नार कहें
नर नारी का जोड़ा अति शुभवार रहे
पुत्र वधु नारी जग में अति हर्षार रहे
पत्नी पति से करे प्यार शिव पार्वती को कहे
सत्य से पूजे जो शिव पार्वती को सुखी संसार रहे
सोमवार के करे व्रत खाने कसार रहे
शिव पार्वती की ज्योत लगाकर गंगा जल धार रहे
व्रत पूर्ण हो जाय गंगा जल पति पत्नी पीयें
पंच परमेश्वर हो पांच पांच व्रत का संचार रहे
पति पत्नी प्रेम से जिये जग आनन्द सार रहे।
इति सिद्धम्

पुरुष को परनारी से बचाने के लिए

भैरो की करो जात
शनिवार को करो तेल की ज्योत
भैरो को चढ़ाओ लड्डू और भात
नियम से करो पाये शनि मन्त्र दिन रात
ॐ भैरो, ॐ भैरो ॐ भैरो ॐ भैरो ॐ भैरो
जो नारी करे दिन राती पति हटे परनारी जाति।
इति सिद्धम्

परपुरुष से बचाने के लिए

भैरो जी का कड़ा
जग में बना घड़ा
जो पानी पिये वह सत पुरुष पिये
नारी नर के वश हो भैरो जी का जल पिये

शनि को भैरो जी का घड़ा पानी से भरो
जय जय भैरो करके मिट्‌टी के घड़े में पानी भरे।

11 दिन तक 11 बार इस मन्त्र को पढ़कर उस नारी को पिलाओ जो परपुरुष के वश में हो। मिट्‌टी का छोटा घड़ा लो और यह मन्त्र बोलकर 11 बार किसी भी बर्तन से पूरा भर दो उसी घड़े से नारी को 11 बार पढ़कर 11 दिन तक पानी पिलाओ बाद में घड़ा उस रास्ते में गाड़ दो जिस तरफ नारी जाती है।

मनुष्य के आलस्य को दूर करने के लिए

ॐ ॐ ॐ ॐ ॐ का करो जाप
ढाई दिन और 13 रात
आलस्य न आये दिन रात
जो नर नारी करे इस मन्त्र को शरीर हो जाय शुद्ध
ॐ का करो जाप हो जाओ शुद्ध
इति सिद्धम्

मनुष्य के लिए जिस पेड़ का फल खाया जा सकता है उसी पेड़ के पत्ते से फल जितना फायदा पहुंचाने के लिए मन्त्र

फल खाये जैसे पढ़े वेदों के शब्द
पत्ते खाये जल पिये, पिये छाल के बल
सत्य करे देवों को स्वाद चढ़े पत्तों का
अमर फल हो जाय जो याद करे सातों जती का
सातों जती हुए जगत में जो फल खाये पत्तों जैसा
इति सिद्धम्

जिस पेड़ पर फल लगे अगर फल प्राप्त न हो तो आप पत्ते या

छाल या पत्तों का रस निकाल कर पी सकते हैं। आपको उसमें भी पूर्ण शक्ति मिलेगी जितनी फल खाने में मिलती है। इस मन्त्र को पढ़ते जाओ और खाते जाओ।

दुष्कर्म करने वाला आदमी की बुद्धि भ्रष्ट करने के लिए मन्त्र

नटखट बैरी नीच घर जा बैठ
कऊए जैसी तेरी चोंच
तेरे हो गये उलटे होंट
जा गिर समुन्द्र पार
जहाँ बैठे लंकेश्वर सार
वही देखे तेरे वार
तू जा नर समुन्द्र पार
लंका में बैठे तेरे घर बार
जय जय लंकेश्वर सार

इस मन्त्र से दुष्कर्मी के लिए कार्य में लाना है। 108 बार करके मनन करें फिर इस मन्त्र को 7 बार करके खाने में खिला देवें। शान्त हो जायेगा फिर वह मनुष्य कभी भी गलत पाप नहीं करेगा।

पुरुष क्रोध को शान्त करने के लिए

शिवजी नर का रूप बनकर भ्रमण करे
नर का भेष भरकर प्यार की बौछार करे
शान्ति हो जग शक्ति की भरमार करे
नर शिवजी की सन्तान जग का भ्रम टलें
शिव भगति करे नर सन्तों की सोहबत करे
शिव का नाम भजो जग के नर प्राणियों
प्यार करो सबसे यह शिवजी का वरदान प्राणियों

शिव नाम है जग में और सब मिथ्या के फल प्राणियो
ॐ शिव का जाप करो नर नारियो
जय जय शिव धाम
इति सिद्धम्

इस मन्त्र को नर नारियों को मनन करना है कभी भी गुस्सा नहीं आयेगा।

नारी क्रोध को शान्त करने के लिए

पार्वती बनाये खीर शिव खाये खाये
देखे शिव लोक की माया
धर्म में जग हो यह शिव लोक की माया
पार्वती दे वरदान जग में नारी क्रोध हो शान्त
नारी पार्वती का रूप धर जग में आई
नारी पार्वती की शक्ति धर्म न गाई
पार्वती की शक्ति नर नारियों न गाई
नारी पार्वती का रूप है वेदों न बतलाई
जो नारी धर्म में हो क्रोध कभी न आई
जय जय पार्वती जी माता
इति सिद्धम्

नारी जाति इस मन्त्र का मनन करें क्रोध कभी नहीं आ सकता।

बन्द मासिक धर्म को शुरु करने के लिए

पार्वती का लगा वरदान जग में नारी के बने सब काम
लगा ताला खुले यह पार्वती का वरदान
फूल खिले सधे सम्पूर्ण हो जाय काम
मासिक धर्म खुले यह पार्वती का वरदान

पुण्य की गठरी बाँधों धर्म की नियति
जो माने धर्म को खुल जाय नियति
शिवजी की वाणी जाय न खाली
पार्वती दे वरदान जग में फैली
जय जय पार्वती माता

इस मन्त्र को नारी मनन करे मासिक धर्म शुरु हो जायेगा।

अति मासिक धर्म को नियमित करने के लिए

मृग छाल पहनकर निकले शिव पार्वती का जोड़ा
सत्य धर्म में जोत है अति को तोड़ा
शिवजी की धर्म की नीव
पार्वती उसमें बैठी सब नारी करे धीर
सत के कारण जग भया कहते आये पीर
अति मासिक धर्म न हो पार्वती की लगे आन
शिवजी पार्वती से कहे यह बान
पार्वती का नाम रटो सबके बन जाय काम
जय जय शिव पार्वती धाम
इति सिद्धम्

इस मन्त्र को करने वाली नारी को मासिक धर्म नियमित रूप से सही और समय के अनुसार होगा।

भिलनी चली कृष्ण जी धाम
पत्थर की बनी मूर्ति मान
भिलनी पूजे कृष्ण कीर्तिमान
मांगे वचन कृष्ण से भिलनी चली मासिक धर्म से
भिलनी का हो गया मासिक पात

न मिल सकी कृष्णा विधात
भिलनी मिलनेको हुई व्याकुल
श्री कृष्ण ने दी बूटी भिलनी हो गई त्रिकुटी
जो नारी श्री कृष्ण को याद करे
हो जाय मासिक धर्म पाक
जो कृष्ण जी का ध्यान करे
जय जय कृष्ण देव
इति सिद्धम्

(नामर्द) पुरुष (निपुंसक) सन्तान प्राप्ति के लिए

शिवजी की सन्तान जगत धाम
परमेश्वर ने बनाई पृथ्वी लोक पुराण
नर नारी शिवजी को पूजे बोले वेद पुराण
मांगे वर जो दे शिव वरदान
कर्मों से मोती मिले जो रखे मान
शिवजी दे वरदान निपुंसक ने हो जाय में नर धाम
पुत्र हो दे वरदान शिवजी दे वरदान
धर्म हो जिसके घर पूजे शिव धाम
पुण्य हो कर्म जिसके नर हो जाय धाम
जय जय शिव धाम
इति सिद्धम्

इस मन्त्र का मनन करना है जो शिव का मनन करेगा वह मनुष्य पूर्ण हो जायेगा।

नारी गर्भ धारण करने का मन्त्र

नाडी बंधे नारी की
सत बंधे नीर

शिवजी बाँधे मन्त्र सत्य का
नारी गर्भ धारण होय
ॐ शिव ॐ शिव ॐ शिव का जाप करे
नारी बैल को खिलाये खीर
जो नारी बैल को भोजन कराये
नारी फल पावे, सन्तों का कहाँ पार हो जाय
इति सिद्धम्

जो नारी बैल को सोमवार के दिन मीठा भोजन कराये और मन्त्र का जाप करे वह नारी गर्भवती हो जायेगी जो नारी बच्चे नहीं होने से परेशान है।

जिस महिला के बच्चे बीच में ही खराब हो जाते हो ठीक करने के लिए

सत की घडी सत का पुत
गृहस्थ की तरफ चला अवधूत
जिसके घर में नारी बाँझ
गोरक्ष ठहरा उस घर की सांझ
गोरक्ष ने उठाई भभूति
भागे सब भूत पिशाच
नारी की कौख की बन गई आस
गोरक्ष चल अपने गाँव
गंगा जी में आ बैठे नाव
सम्पूर्ण हो सब के सब गाँव
जो भी गोरक्ष को याद करे
रहे गोरक्ष की छाव
इति सिद्धम्

जिस चूल्हे में खाना पकाया जाता हो उसकी राख इस मन्त्र से पढ़कर सवा महीने तक खिलानी है और ॐ शिव गोरक्ष का जाप करना है। नारी को इस मन्त्र को गुग्गल की धूनी जलाकर चिराग लगाकर 108 बार करके मनन करने के बाद राख पढ़कर खिलानी है।

जिस महिला के बच्चे सूखकर पैदा होता हो या अन्दर ही सूख जाता हो ठीक करने का मन्त्र

पार्वती चली शिव के धाम
त्रिलोक में पहुँचा पैगाम
पृथ्वी लोक पर होने लगा गान
नर नारी बच्चे सब सुख धाम
काया बन गई सुरभियान
नारी को पार्वती ने किया बखान
जा नारी तेरा गर्भ हो धाम
बच्चे तेरे सुखी जन्में पूर्ण हो जाय काम
चली पार्वती शिव के धाम
इति सिद्धम्

देशी सफेद गाय का दूध और गंगाजल पर पढकर पिलाना है सवा महीने सिद्ध करने के लिए सोमवार को शिव पार्वती की घी की ज्योत जलायें। 108 बार माला जाप करे फिर मनन करें जब लय हो जाय झाड करनी है और दूध गंगा जल पढ़कर पिलाना है।

प्रसव पीड़ा को शान्त करने के लिए

बेमाता चली गाँव घाट से
गंगा नदी पर ठहर गई

गंगा ने दिया पुरकारा बेमाता चली बेसुमाता।
पहुंची जा नारी के घर जहां प्रसव हो घनेरा
बेमाता उठी पहुंची रात घनेरे
पीड़ा हरी दे प्रेम की जड़ी
प्रसव पीड़ा शान्त हुई नारी हो गई सत्य की कड़ी
जय जय धर्म की घड़ी
जय जय बेमाता जय हो।
इति सिद्धम्

बाँझ नारी के सन्तान प्राप्ति के लिए मन्त्र

शिव की नर में है नारी है पार्वती
जगत माने शिव की शक्ति घनी
पार्वती का मान बढ़े जग में शिव नाम भजे
पार्वती दे वरदान–नारी खुल जाय कोख बाण
पार्वती की शक्ति करे नारी भगति
बाँझ नारी न रहे पार्वती दे वरदान
पुण्य हो जग में काम धर्म जी के नाम
आन रहे पार्वती की बाँझ न रहे कहते वेद पुराण
जय जय पार्वती माता
इति सिद्धम्

जन्म लेने के बाद जो बच्चा न बोलता हो के लिए मन्त्र

कर्ण भेदी कर्ण सरस्वती माता
दो मुझे वरदान तू मेरी माता
तेरे सत्य के कारण में जग में आता
जुबान दे दो माता सत्य कुमारी

जग में तेरा नाम गाते कन्या कुमारी
सरस्वती की आन पूरे हो जाय काम
जय जय धर्म की आन सत्य हो काम
जय जय सरस्वती माता
इति सिद्धम्

इस मन्त्र का मनन करना है जो बच्चा नहीं बोलता इसको पढ़कर जमीन के नीचे का पानी पढ़कर पिलाओ लगातार सवा महीने पिलाना है।

बच्चे की मन्द बुद्धि को तीव्र करने हेतु मन्त्र

बुद्धि दाता शिवजी विधाता
परमेश्वर बनकर जग चलाता
बुद्धि दो मुझको मैं धर्म पर चलता
सत्य को पूजूं धर्म पर चलना मेरा काम
बुद्धि की कणी खोले शिव नारायण
सत्य कर्म करे जो नर नारी जाप
शिव लोक धाम पहुंचाय पैगाम
शिवजी सुने भगति नर नारी जाये शिव धाम
जय जय शिव धाम

मन्द बुद्धि बच्चा हो उसे इस मन्त्र का जाप करवाना है जब याद हो जाय उसे कहकर रोज 1 या 2 घंटे करवाना है बोलने में रुकावट न हो उस बच्चे की बुद्धि तीव्र गति से चलने लगेगी।
इति सिद्धम्

जो बच्चा दूध पीता हो ऊपर की हवा का दोष

गुग्गल की धूप
जाग गये महन्त अवधूत

चले गोरक्ष योगी बाना धरके
गोरक्ष पहुंचे मन्जिल पर
ओझल होगई सब डायन
चौराहे पर जमा जमावडा बनकर
गोरक्ष का डर इतना सुनकर
शमशानों ने भी किया जमाणा
गोरक्ष निकले जब योगी का बाणा
भूतों की पड़ गई शमशानों की राही
गोरक्ष की कील जब झाई
तीनों लोकों की हो गई भरपाई
जय जय गोरक्षनाथ की जय
इति सिद्धम्

गुग्गल जलाकर इस मन्त्र को जिस पर बच्चे की माता और बच्चा हो धूप गुग्गल जलाकर इस मन्त्र को 7 बार बोलकर घर से बाहर रख दें। यह मन्त्र जच्चा के समय के लिए है सवा महीने तक सुरक्षित रखने के लिए मन्त्र।

दूध पिलाने वाली माता के स्तन में दर्द रोकने के लिए

कौशल्या ने प्रण निभाया नारी जाति जिताया
कौशल्या जैसी नार नहीं जो मग माहि
राम जैसा पुत्र नहीं कौशल्या जैसी मात नाही
दूध पिलाने नारी ले कौशल्या माता का नाम
दर्द रुके राम का सत्य रुके कौशल्या की ममता बढ़े
सत्य का नाम राम है माता कौशल्या हुई
जो नारी नाम ले कौशल्या का ध्यान प्रभु का होए
इति सिद्धम्

महिला के दूध में खून को रोकने के लिए

गंगा तेरी ओट जुग जोत
गंगा जी में जो नहाये
दूध हो जाय सवाय
नारी का दूध गंगा जी में जाय
पिता पुत्री को नहाये
एक रात गंगा जी पर ठहराये
दूध की धार गंगा जी में बहाये
गंगा जी में नहाकर पिता पुत्री घर को आये
जो भी गंगा जी को आये
दूधु फले गंगा जी नहाये
जय जय गंगा जी को धाय।
इति सिद्धम्

नारी के पैर बांधने का मन्त्र

नारी चल परिधनाम्
चल चरित्री उफान
चल फन नारी चरण पधांरू
यति जति की लागो दुहाई
चल नारी बन्ध धर खूटे पधारो
जति की बानि न जाय खाली
दुहाई हो जती की।

व्यसन छुड़ाने के लिए

(गुटका, तम्बाकू, बीड़ी, सिगरेट, ब्राऊन शूगर)

जय भैरो जी की लगी सवारी
उसमें बैठे नर नारी

नशा करे गुटका तम्बाकु खाये
भैरो बाबा घर घर जाये
जिसके घर पर जाये वहां से नशा भाग जाय
शनिवार के दिन भैरो पर फूल चढ़ाये
सत्य के कारण नर नारी से नशा छुड़वाये
जो घर पर भैरो को बुलवाये
नशा छुड़े और धर्म बनकर आये
जय जय भैरो बाबा की
इति सिद्धम्

शनिवार के दिन सवा महीने तक भैरो बाबा की तेल की जोत जलाकर इस मन्त्र को 108 बार जो मनुष्य करेगा उसे नशा छूट जायेगा।

मीठ मच्छी खाने की इच्छा खत्म करने के लिए

ॐ शिव ॐ ॐ शिव का जाप है
घट में बैठे जाय सतपुरुष बन जाय
सत्य की पहचान हो नर बन जाय
शिव नाम में शक्ति जग समा जाय
शिव नाम ले जो नर नारी इच्छा कोई न धारी
शिव नाम सत्य लोक का
अर्पण कर लो नर नारी
जय जय शिव अधिकारी
शिव नाम की रट लगाओ बन जाय सत्य की क्यारी
जय जय शिव लोक धाम
इति सिद्धम्

इस मन्त्र का मनन करो मनुष्य निदोर्ष हो जायेगा।

शराब छुडाने के लिए

महाशिव की जड़ी बताई
परमेश्वर से सिद्ध कराई
सत्य की प्रथा विभिन्न बताई
महाशिव की भांग की जड़ बताई
शराब जो पिये भांग की आन लगाई
शिव धर्म का नाम देव लोक में गाई
शिव की आन लगाकर पृथ्वी पर आई
भांग घिसी पत्थर पर शिव की आन लगाई
शराबी पिये भांग की जड़ पत्थर पर घिस आई
यह लोक बड़ा अन्धा बात शिव लोक में गाई।
जय जय शिव गोसांई

इस मन्त्र को भांग की जड़ को पत्थर पर घिसकर उसका उस पियं और इस मन्त्र का रस पर जाप करें और जो मनुष्य शराब पीता है वह इस मन्त्र का मनन करें शराब तुरन्त छुड़ाई जायेगी या घर को कोई भी सदस्य इस मन्त्र का जाप करे रोजाना और भांग की जड़ घिसकर शराबी को खिलाये।

लिकोरिया (सफेद पानी) को रोकने के लिए

सत्य की बांधी डोर खोट न पावे जोत
नारी फिरे भरमती खुली काली माता की डोर
नारी जाति गाय भाँति दुख सह न पाये
काली माता नारी जाति का दर्द सह न पाये

खाओ पियो ज्योत जगाओ
काली माता बनकर मेरा दुख मिटाओ
मैं तेरी अबला नारी दुख पड़ा बड़ा भारी
मैं माता के चरणों की आभारी
मेरा दुख मिटाओ अति लिकोरी
जय जय माँ काली दुख हरनी माँ प्यारी
जय जय माँ काली
इति सिद्धम्

माता के उत्तरार्ध काल (बुढ़ापा हेतु) में पुत्र–पुत्र वधु द्वारा सेवा होने हेतु

माता की पीड़ जग जाने झीड़
पुत्र मान बचपन की खीर
माता से बड़ी नहीं कोई धीर
पुत्र बन चाहे तकदीर सतवीर
पुण्य धर्म का नाम सत्य करे सब काम
कौशल्या जैसी माँ मिले राम जी जैसा पुत्र मिले
रत्न माँगे माँ धरती पर उपकार करे
सत की खातिर धरती पर अवतार धरे
श्री राम जी कौशल्या को माँ का प्यार करे
नर नारी जगत राम जैसा व्यवहार करे
नारी कौशल्या जैसी हो राम जैसा पुत्र करे
श्री राम जी का नाम लेकर जगत में पैर धरे
जो माता को सत्य माने वह पुत्र बने
श्री राम जी की जय जयकार बने
इति सिद्धम्

चर्म रोग निवारण के लिए

कृष्ण का लगा जग में दिया
पूजने चले नर नारियों का समूह
उनके अन्दर जा रहे थे चर्म रोगी घने
श्री कृष्ण जी मिले प्यार से मिले
गले मिले तभी चरम रोग मिट गया
सत्य के कारण शक्ति है धर्म की बेल
जो गावे कृष्ण जी को काया रहे निर्मल
जय जय कृष्णा देव
इति सिद्धम्

व्यापार वृद्धि यन्त्र

कमण्डल में भभूति रखी
मांगे नर नारी की भगति
सन्त करे पूजा और भगति
जिसको मिले योग और शक्ति
संसारी मनुष्य को मिले भगति
करे कल्याण हो जाय मुक्ति
जो भी मनुष्य मांगे वह मिले
जो भी सन्तों की करे भगति
धन मिले व्यापार चले मिले शक्ति
जो भी सन्तों के चरणों में रहे
ऐसे मनुष्य के दिन फिर जाय
सुखी हो काया धन मिल जाय।

धन बढ़ाने के लिए

त्रिदेव चले लक्ष्मी पुंज धारी
आकाश में मिले मुनि नारद वेषधारी

मन्त्रणा चली जब भई पूर्णमासी
त्रिदेवों को जब नारद ने किया प्रणाम्
त्रिदेवों ने जब नारद जी को दिया वरदान
कहो नारद कैसी भीड़ पड़ी है भारी
कहने लगे नारद धन की भीड़ पड़ी है भारी
त्रिदेवों ने इतना कहना नारद जी का
देवों ने किया भ्रमण देखा दारिद्रता भारी
तभी देव पहुंचे लक्ष्मी पुन्य कुमारी
देवों से मिली लक्ष्मी त्रिलोकी प्यारी
देवों ने जब लक्ष्मी को दिया वरदान
लक्ष्मी हो गई पुन्य को प्रस्थान
चली जब लक्ष्मी पृथ्वी लोक पर जय जयकार हुई
जो नर नारी दरिद्र थे, भण्डार भर गये भारी
जय जय लक्ष्मी त्रिलोकी प्यारी
इति सिद्धम्

इस मन्त्र को पूर्णमासी या दिवाली पर सिद्ध करना है। लक्ष्मी की पूजा विधान से करनी है और इस मन्त्र को 108 बार लक्ष्मी के चरणों में दूध गाय का और चावल हल्दी मिठाई पूजा में रखनी है और लाल आसन होना चाहिए या भगवा और फिर याद होने पर इस मन्त्र का मनन हमेशा करते रहना चाहिए जैसे जैसे मनन ज्यादा बढ़ेगा मन्त्र की शक्ति बढ़ेगी।

व्यापार उन्नति हेतु मन्त्र

चल गोरक्ष अपने गुरु के पास
जिसकी राखे मच्छेन्द्र आस
धन पर लक्ष्मी माई
चारों पहर नाथों ने बिताई

मिले नाथ जहां लक्ष्मी आई
जहां नाथों ने रात बिताई
उसके ही घर में लक्ष्मी आई
जय जय हो गोरक्ष की दुहाई
इति सिद्धम्

आकस्मिक धन लाभ के लिए

महालक्ष्मी जी का अंग मिला विष्णु जी के संग
सात बार महालक्ष्मी को करो याद विष्णु जी के साथ
महालक्ष्मी विष्णु जी के आई संग ले धन घर आई
नर नारियों ने गीत गाये धुन महालक्ष्मी की लगाई
धन का भरे भण्डार यह वेदों में बतलाई
महालक्ष्मी का करो सतकार धर्म की रीत बतलाई।

पृथ्वी के ऊपर लीप पोत कर गाय के गोबर से 7 दिये बनाओ और दिवों को स्थापित करो। सातों पर जोत जलाओ और बीच में नारियल रखो पानी वाला और तेल की ज्योत जगानी है। शनिवार के दिन सुबह के समय यह पूजा करनी है। फूल मेवा दान यह सब पूजा में रखना है और यह मन्त्र 108 बार बोलना है। हर मन्त्र पर चावल से आवाहन करना है बाद में यह चावल इकट्ठे करके पक्षियों को डालने हैं।

जुआ जीतने का मन्त्र

पांडवों ने खेला जुआ
कौरवों की जीत हुई धर्म की हार हुई
जब धर्म की हार हुई कृष्ण जी की जीत हुई
जो हारे जग में जीत उसी की होय
नाम ले हरि का सत्य का बीज बोय

नाम ले श्री कृष्ण का जीत धर्म की जोय
जो जुआ खेले धर्म का हार कभी न होय
जय जय कृष्ण देव नमः

इस मन्त्र को वह मनुष्य करेगा जो सत का जुआ खेलेगा और इस मन्त्र को हर वक्त मनन करेगा वह जुए में सदैव जितेगा।

रुका हुआ धन पाने के लिए

भैरो जी की ज्योत जलाओ
सात रंग की दाल चढ़ाओ
ज्योत दान के ऊपर रख जाओ
आधी रात को तेल जगाओ
भैरो जी का नाम लेकर ज्योत लगाओ
जिस नर नारी से धन लेना हो उसका नाम लिखाओ
कोरे पन्ने पर लिखकर छत पर जाओ
जाकर सात प्रकार की दान में दबाइो
ऊपर तेल की ज्योत लगाओ
दुहाई हो भैरो बाबा की धन वापिस मंगाओ
जय जय भैरो बाबा की
इति सिद्धम्

नौकरी पाने के लिए

जग में जो नर आये नेकी करे कई बार
सत में वह तरे जिसके बच्चों का हो बेडा पार
भैरों बाबा मेरे बिगड़े काम बनाओ
मैं तुझे पुजूं शनि को ज्योत जगाऊ
काली गाय को भोग लगाऊं
सवा महीना शनि को पुजूं गाय जिमाऊं

कार्य बने मेरा मैं चुरमा चढ़ाऊं
भैरो बाबा मेरी विनती सुनो में गंगा जी नहाने जाऊं।
इति सिद्धम्

सरकारी कार्यों की रुकावट दूर करने के लिए

शिव की चरणों की धूल
फिरे आकाश मंडल पर बनकर फूल
फूल बनकर चढ़े भगतों पर जो शिव नाम जपे
शिव का नाम जगत में प्रथम और अन्त तक जपे
सर्व कार्य बने सर्व बुद्धि होय
जो कार्य रुके धर्म के शिवजी के द्वारा पूर्ण हो जाये
जय जय शिव नारायण

जिस नर नारी के सरकारी कार्य में बाधा हो जब तक कार्य सिद्ध न हो इस मन्त्र का मन्न करें मनन करने से शक्ति का संचार होता है फिर कार्य पूर्ण होते हैं।

यात्रा के समय थकान रोकने के लिए

ॐ शिव ॐ शिव ॐ शिव
पूर्ण शरीर श्रद्धा सुमन होय
जग में शक्ति शिव की होय
नर नारी जपे शिव को शरीर पवित्र होय
जय जय शिव धाम
इति सिद्धम्

इस मन्त्र के मनन करने से शरीर हृष्ट पुष्ट रहेगा शरीर में कोई भी बीमारी नहीं होगी। थकान बगैरा नहीं होगी।

यात्रा करते समय उल्टी न लगने के लिए

(दुर्घटना से बचने के लिए)

जय शिव योग सिद्धी प्रणय

नाड़ी वशीकरण दे सिद्धी प्रणव

जय शिव योग धरणम्

जय जय शिव ॐ

इस मन्त्र को सफर करते समय मनन करना है। जो मनुष्य ज्यादा से ज्यादा यात्रा करता है उस मनुष्य को यह मन्त्र मनन करे इससे सफर में कोई तकलीफ नहीं होगी और आकस्मिक दुर्घटना भी नहीं हो सकेगी।

वाहन दुर्घटना नाशक यन्त्र

ब्रह्मदेव चले ब्रह्म लोक से

धर्म का व्याख्यान देवों को ले के

प्रवान चढ़ाने चले विष्णु शिव द्वार पर जाके

शिव चले नाथिया को लेके पृथ्वी लोके

नर नारी के घर द्वीप जलाने चले शिव रखवाले

पुण्य का द्वार खुले नर नारी चले वाहन पर चलने

खुशी रहो जगतवासी यह वाणी शिव का वचन सुनाने।

जय जय शिव धाम

इति सिद्धम्

घर से चुहे भगाने का मन्त्र

गणेश जी की लगी ज्योत

घर घर में हुई ओट

गणेश जी की चली सवारी

चुहे चले आसन छोड़ जंगल की ओर

जंगल में लगी गणेश जी की ज्योत
चुहों ने ली शरण ज्योत की ओट
खाने लगे गुड़ चने की जोट
जय जय गणेश जी की ओट

गणेश जी की मिट्‌टी की मूर्ति बनाकर गुड़ और भुने हुए चने से पूजा करे और यह मन्त्र 108 बार पढ़े सिद्ध हो जायेगा। सिद्ध होने के बाद इस मन्त्र को 21 बार घर में चिराग जलाकर गुड़ चने का प्रसाद चढ़ाकर पक्षियों को बांट दें।

चोरी का पता लगाने का मन्त्र

भैरो जी की फिरी जगत ज्योत
प्रचारक मिले जग में जले ज्योत
जो नर चोरी करे उसे का नाम खुले
ले नाम भैरो जी का खुल जाय नाम चोरी का
सत्य का नाम धर्म है पाप का नाम नाश
सत्ययुग से लेकर कलयुग तक कहते आये फकीर
जय जय भैरो जी की

इस मन्त्र से चोरी का पता लग जाता है। इस मन्त्र को चोरी होने के बाद घर में तेल का चिराग लगाओ और रात के समय इस मन्त्र को 21 बार बोलो और भैरो बाबा को याद करो। 11 दिन में चोरी का पता चल जायेगा किसी के भी द्वारा लग जायेगा।

श्री गंगा जी धाम

गंगा जी मेरी राखो आन
भगत की राखो लाज
करो सत्यगाई पूर्णमासी आई
गाई गई धर्म की अग्न

परमेश्वर ने किया विश्राम
शिव आये गंगा धाम
भगीरथ की राखी तप की लाज पूर्वजों की आन
सतयुग से द्वापर तक आई आन
त्रेता से कलयुग किया विधान
परम गति हुई पांडवों की
चले स्वर्ग पांडव धर्म की राही
पहले ही मिली कुन्ती माई
जब चले पांचों भाई
गंगा जी ने की अगुआई
जब चले धर्म के भाई
गंगा जी सतयुग से कलयुग तक आई
जय जय गंगा माई

घी के चिराग जलाकर गंगा जल रखकर इस मन्त्र को बोलना है। घर में गंगाजल का छिंटा लगाना है। इससे शान्ति स्थापित होगी।

बेल पत्थर का सेवन करने का मन्त्र

बेल का स्वाद चखा शिव ने
भेजा सत्यलोक न्यौता
बेल चढ़े आकाश में चली कैलास
शिव के चरणों में पहुंची कैलास
धर्म का बीज बेल है सत्य कैलास
शिव का स्वाद बेल ही चखे शिव लोक
बेल चढ़े शिवलिंग पर शिवजी का मान बढ़ाने को
जो फल मांगे वही फल मिले सत्य की खीर खिलाने को
इति सिद्धम्

बैल पत्थर को खाने के लिए इस मन्त्र को करना है और शिवलिंग पर चढ़ाने के लिए भी कर सकते हैं।

तेल की ज्योत जलाकर मन्त्र पढ़े

भाकडी बैल को घर में रख कर साबर मन्त्र से पढ़कर स्थापित करना जो भी ऊपर का किया कराया या कोई ऊपरी हवा हो उसको घर में रखकर स्थापित करने के लिए जब तक यह वनस्पति घर में रहेगी तक तक ऊपरी हवा नहीं आ सकती इसमें ऐसी महत्वपूर्ण खुशबु होती है।

मोहनी शक्ति

चण्ड मुण्ड भैरो साजे धरे धर्म की धीर
पूर्णमासी की सांझ में मिले सत्य वीर
कर्णभूषण सिस जटा चिमटा त्रिशूल
कहे गोरक्ष चले सन्तों का मूल
चले सन्त गांव गांव पीछे चली नर नारी
पूजा करे सन्तों की भीड़ लगी बड़ी भारी
भा गये सन्त मोहित हो गई सब फुलवारी
चहकने लगे पक्षी भंवर सुनहरी
सन्तों ने जब वचन सुनाये
मोहित हो गयी संसार की सब नर नारी
सन्तों ने जब शिव की तरफ बाह पसारी
शिव लोक से जब चलने लगी फुंवारी
मोहित हो गई सब नर नारी
जय जय शिव जी अधिकारी
शिवजी को जिसने याद किया
उसकी हो पूर्ण मनोकामना सारी
जय जय शिव जी अधिकारी
इति सिद्धम्

इस मन्त्र को सिद्ध करने के लिए बैल पत्थर को बीचोबीच पूजा में रखे चारों तरफ फूलों की माला चढ़ावे और बैल पत्थर के सामने घी का चिराग जलावें, और इस मन्त्र को 108 बार सात्विक मनुष्य करें और फिर सवा महीने तक इस मन्त्र का मनन करें जितना भी हो सके रात दिन के अन्दर फिर यह मन्त्र सिद्ध हो जायेगा। धर्म के अनुसार ही यह मन्त्र पूर्ण होता है। पूर्णमासी सायं के समय।

सुपारी मोहन

शक्ति दे कर्मों की भगति
करे कर्म नर देव लोक के
मिल जाय धर्म में सत लोक के
नारायण का भगत बनके
सत की राही बनके
सुपारी पर पड़े नजर बनके
देव लोक की नजर बनके
सुपारी चली मोहनी बनके
बैठी दाड़ में घुण बनके
नर को करे मोहन सत बनके
जय जय नारायण देव
जय जय सत लोक
इति सिद्धम्

पान मोहनी

काली माता करे भगत के काम
पान मोहनी हो बन बिगड़े काम
सत असत्य को तोड़े कहते वेद पुराण

महाकाली करे भक्षण पानी कर्मन का
भगत करे जो भगति शक्ति मिले कर्मम की
पान मोहन करे नर नारी पर सत की गांठ लगे
काली माता की जय जयकार करे
भगत का अधूरा काम करे
जो भगति करे पान मोहनी
नर बन जाय फूल की टहनी
जय जय काली माता
इति सिद्धम्

लोंग मोहन

काली पर लोंग का जोड़ा
सत बीज बोय धर्म का जोड़ा
पापी बोय कर्म हीण का जोड़ा
दोनों चढ़ाये लोंग का जोड़ा
सत के कारण चढ़े लोंग का जोड़ा
पापी चढ़ावे न चढ़े नाव पर जोड़ा
लोंग मोह करे नर को सत का जोड़ा
भगत करे माता की भगति मिले शक्ति
लोंग मोहन करे नर पर फूंके मन्त्र शक्ति
काली माता की भगति शिव की शक्ति
जय जय काली माता
इति सिद्धम्

इलायची मोहन

श्री कृष्ण गऊंये चरावे
गोकुल जाकर घर दूध पिलावें

ग्वाला दूध पीकर खुश हो जाये
दूध पिलाकर इलायची खिलावें
विष्णु की भगति करके नर तिर जावें
इलायची को ले मुख में चबावें
इलायची मोहन बन जावें
जो नर नारी खावे मोहन हो जावें
जय जय श्री कृष्ण मुरारी
इति सिद्धम्

मिठाई

काली माता की चली सवारी
दैत्य भागे मारी लंकारी
मार दैत्य माता की चली सवारी
लश्कर चले पीछें चले रणधारी
माता को पुत्र प्यारा माता जगत में न हारी
सत्य के पीछे जगत में हुई अवतारी
काली माता की चली सवारी
खाकर मिठाई मीठी बोली बोले नर नारी
सत्य की मीठी बोले नर नारी
काली माता की चली सवारी
जय जय माता की
इति सिद्धम्

गुड मोहन

काल भैरो की चली सवारी
खाय गुड जगत में नर नारी
भोगे वही जगत जो करे पापकारी

जय जय काल भण्डारी
गुड मोहन हो नर पर कहे शब्द काल भण्डारी
सत की आन जगत माने कहें लोकारी
भुनेश्वर पर करे जो भगति शिव लोक जाय जगतारी
गुड मोहन हो नर पर जो बने पापधारी
काल भैरो की चली सवारी
जय जय काल भैरो
इति सिद्धम्

नमक मोहन

जय काली माता तेरी दुहाई
सत का कागज नमक की माला
काली माता करे नमक उजाला
जय जय शिव भोला खोल बन्द ताला
काली माता करे नमक का मोह भला
स्थिर हो जा नमक धोला
कर मोह नमक का शिव भोला
काली माता की भगती पूरा करे शिव शक्ति
जय जय काली माता
इति सिद्धम्

सिन्दूर मोहन

हनुमान का लगा रोट
हनुमान जी धारण करे लंगोट
सिन्दूर का तिलक करे बलवीर
हनुमान जी की भगति करे राम की शक्ति
जो मांगों वह मिले हनुमान जी की करो भगति

सत्य में होती शक्ति कहती आई लोक भगति
सिन्दूर का करो मोहन भगति का करो दोहन
जय जय हनुमान जी
इति सिद्धम्

पुतली मोहनी

आँख फड़के पुतली जले
जले ऐसे जैसे हाथ जले
पुतली करे मोहनी श्री राम जी की कहानी
सत की हवा चले पुतली पर सर्प डसे
श्री सत फुके लंका जड़ से फुके
विधि का विधान जगत में रहे होके
श्री राम जी फूंक मारे पुतली मोहनी हो जावे
जय जय श्री राम
इति सिद्धम्

तेल मोहनी

काल भैरों की लगी चौकी
तेल फूंके दिन राती
तेल का लगा चिराग तेल को हो गया वैराग्य
तेल कहे भैरो जी से कौन बुरा हुआ
भैरो जी कहे तेल से तू जले मैं हस हस रहे
तेल बन कर चढ़ गया नर नारी पर
हो गया तेल मोहनी बनकर
रोया तेल बैठा नर नारी के घर
तेल मोहनी हो गया नर
लगी शक्ति भैरों जी की तेल पर

जय जय भैरों जी

इति सिद्धम्

काजल वशीकरण

धूप में बना काजल सूर्य का तेज लेकर
चुभा जाकर आँखों में काजल बनकर
सूर्यदेव ने काजल को किया वशीकरण
किरणों की धुरी बनकर
काजल का रंग हो गया काला धूप लगकर
काजल का रंग काला हुआ सिद्ध बनकर
काजल को किया वशीकरण सूर्यदेव ने धूप बनकर
जय जय सूर्यदेव
इति सिद्धम्

टीका वशीकरण

हनुमान जी की शक्ति की आन
टीका वशीकरण हो बन जाय काम
भगत करे हनुमान जी की भगति
मिले शक्ति टीका का हो जाय वशीकरण
हनुमान जी का सत हो राम जी शक्ति
माने जगत करे नर भगति
टीका वशीकरण करे कुटुम्भ पक्ति
जय जय हनुमान जी कहें
भगत के वश में नर नारी हो जाय
सत कर्म करे जो भगत
टीका वशीकरण हो जाय
जय जय हनुमान जी
इति सिद्धम्

कुश्ती जीतने का मन्त्र

चजे हनुमन्त वीरां
लंगर चोटी बांध वधीरा:
हाथ धरे गर्दन पीरा:
मार धाड़ पिछाड तीरा
जय जय गोरक्ष वीरा
चले हनुमन्त वीरा
सधे हाथ पैर सधे
कहो गोरक्ष की दुहाई हो सधे

नजला झाड़ने के लिए

नटखट बोले घघंट में
फिरे चक्कर घर घर में
तोडी फनी चन्दन से तनी
बैरी की डाली पत्ते तोड खाओ
खाँसी जुकाम को दूर भगाओ
चोरंगी नाथ जी की ज्योत जगाम्
नजला ठीक हो जाय
नवनाथों को पूजन जाओ
धर्म की ज्योत लगाओ
नाथों को घर से भूखा न जाय
नाथ घर से भूखा जाय सूखा पड़ जाय
नाथ भूखा न जाय धन वर्षा हो जाय।

किसी भी बीमारी में प्रयोग नीम का मन्त्र पत्ते छाल तेल बगैरा

नीम वृक्ष सत्य का फल
नर नारी खाय निकल मल

नीम वृक्ष मनुष्य शरीर फल
कल्प धर्म का प्राकृति निर्भय होय
नर नारी खाये शरीर चेतन होय
शिवजी ने रची सृष्टि कल्प वृक्ष होय
पत्ते खाये छाल खाये शुद्ध शरीर होय
नर नारी नीम फल खाये औषधि दूसरी न खाय
इति सिद्धम्

नीम के पत्ते छाल फल खाने से शरीर की पेट की सभी बीमारियां नष्ट हो जाती हैं। जो भी नर नारी खाये इस मन्त्र को करके खाये। 108 बार मन्त्र औषधि पर करें सम्पूर्ण शरीर को फायदा पहुंचेगा।

चर्म रोग निवारण के लिए

कृष्ण का लगा जग में दिया
पूजने चले नर नारियों का समूह
उनके अन्दर जा रहे थे चर्म रोगी घने
श्री कृष्ण जी मिले प्यार से मिले
गले मिले तभी चरम रोग मिट गया
सत्य के कारण शक्ति है धर्म की बैल
जो गावे कृष्ण जी को काया रहे निर्मल
जय जय कृष्णा देव
इति सिद्धम्

गले में गिल्टी रोग निवारण के लिए

शिव की छाया जो रहे मन माया
गले पर छाया तीन लोक का धाया
परमेश्वर करे अपनी माया गले पर परछाया

शिव जी का गीत गाया निर्मल हो काया
धर्म बीज उत्पन्न होकर शिव लोक में आया
जो शिव लोक में आया निर्मल हो काया
गले में गिल्टी हटे शिव की शक्ति डटे।
इति सिद्धम्

चन्दन पर इस मन्त्र को करते रहो और घिसते रहो और फिर लेप करो गिल्टी समाप्त हो जायेगी।

अण्डकोष वृद्धि रोग

शेषनाग की लगी आन
विष्णु जी करे पूरे काम
धाम पर जाय शेषनाग
विष्णु बैठे धर्मनाथ
नर हो काया निरोग
शेषनाग करे भगति विष्णु दे शक्ति
नर अण्डकोष के लगे ताला
यह शब्द बताये वेद वाला
जय जय शेषनाग पाताल वाला
इति सिद्धम्

मिर्गी का दौरा ठीक करने के लिए

धोबन चली धोबी घाट
करके जोबन सिंगार
रास्ते में मिल गई पतिव्रता नार
नार ने धोबन झांडी
पकड़कर धोबन की उड़ा मारी
मिर्गी चली पाताल में जारी

नाम ले शिव का नार चली वारी वारी
शिव की भक्ति नारी की भक्ति
हुआ मिर्गी सतपात
जय जय शिव जी का साथ

पेशाब (मूत्र) रुक जाने को ठीक करने का मन्त्र

नाड़ी बन्द हो जा बन्द ताला
जिसमें बैठे शिव रखवाला
नाड़ी चढ़े नाड़ीबढ़े शिष पर चढे
मूत्र रुके नाड़ी झुके नीचे छूटे नीर
परमारी के कारने शुद्ध हो जा शरीर
जय शिव धर्म की पीर

तुलसी के पत्ते हींग और प्याज को इस मन्त्र को पढ़कर दे और पानी बार बार पिलाये तुरन्त ठीक हो जायेगा।

पेशाब में खून आने को ठीक करने के लिए

गंगा में जब चलने लगी फुहार
शिव जी बने गंगाजी की हार
सत का नीर चला जब बहने
कुंआरी चली गंगा जी नहाने
सत का दीप चले गंगा जी पर
नर के अन्दर जल गया दीप
हुआ सवेरा गंगा जी पर
नर गंगाजी में नहाया
पारस की बन गई काया
जय जय गंगा की माया
इति सिद्धम्

यह मन्त्र गंगा जी पर सिद्ध किया जायेगा और इस मन्त्र को 108 बार याद करके मनन करना है, जब जय हो जाय तभी मनुष्य को झाड़ा लगाया जायेगा और गंगाजल पिलाया जायेगा।

आधा शीशी का दर्द

उड़द से झाड़ना है एक–एक उड़द डालते रहो और मन्त्र बोलते रहो

चल यम की ढांल
बैठे जाते गोरक्षलाल
गाँठ खोल यति की ढाल
सन्त चले ब्रह्मलोक उड़ान
जय गोरक्ष स्वम्भु आदि की लड़ी उड़ान
जहाँ बैठे गोरक्ष भगवान्
जय गोरक्ष बान
काटों लड़ी कर्म की कड़ी
निमाहों लाज सती की आन
जय जय गोरक्ष जति बान

5100 बार करने से सिद्ध करना है। उड़द की साबुत दाल लेकर एक–एक दाना डालते रहो झाड़ते रहो।

दाड़ के कीड़े का मन्त्र

किल दत: फुंकार
यति जति चले ले हुंकार
मारी दर्द चूंचुकार
किड़े चले यम लोकार
जय यति धर्म की नाल
गोरक्ष चले मार फुंकार

उडज्या दर्द दे मार

जय जय गोरक्ष की दुहाई।

5100 बार सिद्ध करना है।

नेत्र दुख निवारण नींबू की डाली से

पेत्र का बघुवा पान सुपारी चढ़ा

परशुराम का फरसा चला ऊपरी दिशा

नेत्रों का दर्द फसा

चले गोरक्ष अपने धाम

लेकर दुखों का डाम

जय जय गोरक्ष भगवान

पीलिया रोग का मन्त्र

नीला अम्बर पीली बगिया

अभी चढ़े रोगी की बगिया

मानुष चढ़े ऊंची घटिया

पुकारे चंडी की कुटिया

पीला रोग का करे निवारण

जय जय माई चंडी का दुहाई

करे सतलोक में बसाई

जय जय गोरक्ष बाले की आन

जब बोले जय धर्मा की बान

बाल गिरने का मन्त्र

(सिर में तरावट, सिर दर्द न होना;

केश खुले बंधे गिरने न पाये

सती की शक्ति बढ़े घटने न पाये

शिव की शक्ति सती की भगति

नर की शक्ति नारी भगति
बालों को मिले शक्ति न गिर सति की शक्ति
जो इस मन्त्र को मनन करे
बालों का गिरना न पड़े
जय जय सती जी की

इस मन्त्र से बालों की रक्षा होती है जो भी नर नारी इस मन्त्र का मनन करेंगे उसी मनुष्य को दिमाग में तरोताजी तरावट आयेगी। सिर में दर्द भी नहीं होगा। दिमाग खुश्क नहीं होगा और बाल नहीं गिरेंगे।

बुखार उतारने का मन्त्र

बुखार का नाम शैतान का
डरे बुखार नाम ले सुलेमान का
खुल जाय नाड़ी डर कर निकल जाय शैतान
नाम लिया करो सुलेमान का
21 बार रोज पढ़ो गुड़ काली मिर्च मुनाका
पकाओ अग्नि पर पिलाओ मिलाकर
हटे बुखार नाम ले सुलेमान का

गुड़ काली मिर्च मुनाका को पकाओ जिसको मरीज पी सके दिन में तीन बार यह मन्त्र 21 बार पढ़कर पिलाओ गुड़ काली मिर्च मुनाका अपने दिमाग के हिसाब से डालो कम ज्यादा से नुकसान नहीं होगा।

आले रोकने के लिए

शिव की झड़ी ओले की लड़ी
फोड़ डली ओले की फली
शिव को ध्यान जगत का कल्याण

शिवजी ने मारी लात झुक गया आसमान
ओले बन्द शान्त हुआ आसमान
बादल चले शिव लोक पृथ्वी पर हो गया शान्त लोक
जय जय शिव लोक
इति सिद्धम्

पेट में दर्द ठीक करने का मन्त्र

बेमाता चली सिर से चली नाड़ी पेट में समा गये
सुषुम्ना नाड़ी चली पेट में धर्म बना गई
रुक रुक कर चले अधर्म करे पीड़ा कर्म
धर्म चले पीछे पीछे अधर्म चले आगे आगे
पहुंचा जब शिव चरणो हाथ जोड़ विनती करी
मैं अधर्म हारा शिव ने विनती सुनी
नर नारी की निर्मल हो गई काया
यह भेद ऋषियों ने बताया शिवजी की यह माया
जय जय शिव जी की

पानी रोकने के लिए, पानी धीमी गति करने के लिए

गंगा जी चली शिव लोक में जाय
शिवजी के दरबार में जाकर
जहाँ लगा देवों का दरबार
गंगा की भगति शिव की शक्ति
जहाँ फुंके सच्चे मन वहां का नर नारी गंगा पार होवे
सत की बाँधी नाव कभी डूबे
असत्य की नाव सदा भंवर में डूबे

जो धावे गंगाजी को वह होवे पानी से पार

जय जय गंगा जी सर्वोकार

इति सिद्धम्

आँख फड़कने को रोकने का मन्त्र

आँख अग्नि रूप बताई

जिसमें जगत समाई

शिव का रूप जगत मन भाई

आँख फड़के जूते से झाड़ लगाई

परमेश्वर के कारने आँख उलटी आई

जय जय शिव धर्म गोसाई

इति सिद्धम्

धात की बीमारी के लिए नीम के पत्तों के ऊपर करके खाना है

जल दे मार कुएं में

बालटी भरी कुएं में

सन्त चले जब पूर्ण हांट

गोरक्ष चले पंजाबी ठाठ

मिले जब पूरन भार

वनस्पति किली किया सत वार

जंगल में हो गये ठाठ बाट

नीम का मंजन बनाया

सफल हो गई काया

जय जय गोरक्ष आया

इति सिद्धम्

नीम की छाल कूटकर इस मन्त्र से पढ़कर सवा महीने खानी है।

बन्दि मोचन मन्त्र

कोई तांत्रिक बगैरा घर में बंधन कर उसको काटने के लिए

तपस्वी धरती सन्तों पूजे

सन्तों की ही माया

जब फिरे सन्तों की झंडी

पवित्र हो जाती धरती की लडी

जहाँ हो सन्तों की पूजा

वह ही स्थान पवित्र हो जा

सन्तों की माय

जय जगत पार न पाय

पूजा करो सन्तों की जितने भी हुए सन्त फकीर

आओ आओ मनुष्यों खालों

बाँटी सन्तों की खीर

जय जय सन्तों की पीर।

इति सिद्धम्

परिवार के अन्दर कोई भी भिक्षा लेने वाले को घर में लाकर यह मन्त्र उसके मुख से 7 बार या 21 बार बुलवा दें और उस सन्त को भगवे वस्त्र खाला खिलाकर दक्षिणा दे दे। घर पवित्र हो जायेगा।

उल्लू का पिंजर किस–किस काम आता है

हड्डी–अगर हड्डी गाड दो तो चरखा उलटा घुमने लगता है

मन्त्र– पराई चुडी यमण भाणयणम पारभावियम

झुआ हाडपिस्था पिन्जरम् व्याकुलम पद्मिनि सुद्धम्

काले कपड़े पर पैगाम लिखकर हड्डी में बांध दो।

दाँत– मसाण का रोग, किसी के घर में रोग उत्पन्न करना

मसाण के रोग के लिए मन्त्र

मसाण के रोगी को यह दाँत पढ़कर बांधना है

मन्त्र–

कार्णानि मुखी दंतझावडियम: प्राविज्ञाणतम:

महाभिमुख प्राजितम: मनुष्या मृदणी मुसकारणियम:

प्राज्ञया निगणम: प्रावितुकम मनिक्षीवियम: अनुजम भाषन:

घर में बीमारी पैदा करने के लिए–

आलायकिकय उत्पन्नम पीड़ावणी हर्षम:

पाकिविर्धि: नुनमायकम: उठ पीड़ा जनकम:

पतझंडम: उठान पटहल पारिकिवितम: परिवारम:

नाखून–

1. जो बच्चा बोलता न हो वह बोलने लगेगा।
2. पेशाब को रोक होने पर बाँधना है।
3. जिसके ऊपर मिर्गी का दौरा पड़ता हो।
4. जिसके पेशाब में खून आता हो।
5. जिस महिला के दूध में खून आता हो।
6. जिस महिला के बच्चे सूख कर पैदा होता हो या पेट में ही सूख जाता हो उसके लिए बाँधना है।
7. जिस महिला के बच्चे बीच में ही खराब हो जाते हो।
8. स्वप्न में डरना या कोई डराता हो बच्चे या महिला या आदमी के लिए।

रात के समय 51 बार पढ़ने हैं–

1. बच्चा बोलने के लिए जो बोलता नहीं है–

मन्त्र–क्रियानिरियरतन : महानिर्णाक्षरियम : प्रानियाणम :

2. पेशाब रुक जाने के लिए बन्द हो गया हो, बच्चा बूढ़ा जवान

फतहतकारियान उदल फिदल

3. मिर्गी का दौर पड़ने का मन्त्र

यथागति ध्वनियम प्रागतिवियम

आभाषुणन पिरिनिक्तियम : आभारिणियम :

सहाराणियम : मनुष्यातम : शरीरम : निर्माणम :

प्रयात्निवियम भूषणम :

4. पेशाब में खून आना–

भूवर्ति विन्ध्या अग्रीहिणम

प्रमदिवियम : आणुक्षणम : विन्धाक्षणम : भूर्णाजम : परिपांक्यतियम

5. महिला के दूध में खून आता हो–

भ्रमणुयम प्राशुहुयम माकाणी वियम :

अन्धा व्याकिणीयम : प्रायाज्ञयम : ध्याज्ञयम :

6. पेट के अन्दर बच्चा सूखना या पैदा होकर सूखना

प्राभिणियणम विकासकिर्णम : परिमरिणावियम

अध्याक्तुथानम : संसारम :

7. महिला के बच्चे बीच में ही खराब हो जाते हैं–

भ्रगुणु विकम अव्यध्या विकिनय आस्थीवियम

प्रणीजम प्रीतिकम उपषणम : व्याज्ञयाणीविजय भूत्वम :

8. स्वप्न में डरना–

हर्जियाक्यानमंझीरी

9. भिरूसगमवाकान वाकिन नफिनि

10. पंझावाकिन मकतुरि ईल्लाहयक्तुन

11. नादिरशहियकम मुददाईयकन

12. पखंयानियतान मुकलाईयतन

13. कलमुहियादिनियाकारान

14. वाहकिवाकान तफदिमियाकान

15. करिभियाणीयघंज फरीखतन

16. याकुलताईयमन

17. यालुताईमरूखनयातिकि

18. पदिमिनारकि अफसान

19. याकुकाईमर्धानयासुकाईइमाम:

तृतीय खण्ड

कुदरती टोटके जो मनुष्य पढ़कर खुद करेगा उसी का कार्य पूर्ण होगा और जो दूसरे को पढ़कर बतायेगा जिसको बतायेगा उसका कार्य नहीं होगा, जो पढ़ेगा और बिना किसी को बताये करेगा उसी का कार्य सम्पूर्ण होगा।

सूर्य देव के दोष के लिए

निवारण-सूर्यदेव के दोष के लिए खीर का भोजन बनाओ और रोजाना चींटी के घर पर रख कर आओ और केले को छील कर रखो। केला छिला होना चाहिए और जब वापिस आओ तभी गाय को खीर और केला खिलाओ। जल और गाय के दूध को मिलाओ और सूर्यदेव को चढ़ाओ, जल जब चढ़ाओ जल सिर से ऊपर से चढ़ाओ जो सूर्य की किरणें मस्तिष्क को प्रवाहित कर सके। ऐसा करने से सूर्य दोष शान्त हो जायेगा।

सूर्यदेव

निवारण-सुबह उठकर नहाकर पूजा पाठ करके जल का लोटा भरकर रोजाना सवा महीने तक सूर्यदेव को सिर से ऊपर से जल चढ़ाओ जो कि सूर्य की किरणें शरीर को छू सके और फिर जहाँ पर भी जल चढ़ाया हो वहां पर सवा मुट्ठी साबुत चावल चढ़ा देवें यह विधि करने से सूर्य दोष दूर होगा और भाग्य भी उदय हो जायेगा।

चन्द्रमा ग्रह दोष

निवारण-पूर्णमासी के दिन गोला बुरा और घी मिलाओ और गाय को खिलाओ। 5 पूर्णमासी तक गाय को खिलाना है और शुक्ल पक्ष में हर 15 दिन तक गंगाजल और गाय का दूध चन्द्रमा निकलने

के बाद चढ़ाओ चढ़ाने का तरीका आपका हृदय नीचे रहना चाहिए जिससे चन्द्रमा की किरणें तुम्हें स्पर्श कर सके। चन्द्रमा देव का दोष समाप्त हो जायेगा।

चन्द्रमा देव के दोष

निवारण-जब चाँदनी रात हो तभी पन्द्रह दिनों तक जल के किनारे जल में चन्द्रमा को हाथ जोड़कर दस मिनट तक खड़ा रहे और फिर पानी में मीठा प्रसाद चढ़ा देवें घी का दिया जलाकर यह कार्य विधि पन्द्रह दिन तक लगातार करें यह कार्य विधि घर में भी की जा सकती है। पीतल के बर्तन को पानी से भरकर छत पर रखकर या जहाँ भी चन्द्रमा पानी में दिख सके वहीं पर यह कार्य कर सकते हैं।

शनि ग्रह दोष के लिए

निवारण-जिस मनुष्य पर शनि ग्रह का दोष हो वह मनुष्य तेली के घर बैल को गुड तेल रोटी से सवा महीना जिमाओ सेवा करो, शनि ग्रह का दोष समाप्त हो जायेगा।

शनि की साढ़े साति दोष के लिए

निवारण-सवा महीने तक पीपल पर जड़ों में पीले कपड़े में बाँधों फिर काले कपड़े में बाँधो सवा किलो सरसों का तेल, तेल में सवा सौ ग्राम काले तिल और गुड़ 200 ग्राम किसी डिब्बे में बाँध दो और उसमें छोटा छेद कर दो फिर उसे पीले कपड़े में बाँधो फिर काले कपड़े में बाँधो और बाँध कर पीपल पर ऊपर जाकर बाँधो जिसमें उस डिब्बे से तेल की बून्द पीपल पर पड़ती रहे ऐसा करने से साढ़े साति शनि दोष नहीं होगा और सवा महीने तक हर शनिवार को पीपल की जड़ों में तेल का दिया जलाओ और तिल चढ़ाओ।

शुक्र ग्रह दोष के लिए

निवारण-शुक्र की दशा में उड़द का पेड़ घर में लगाओ उस पर दूध चढ़ाओ दूध सुबह के समय चढ़ाना है, जिस दिन पेड़ पर दूध चढ़ाना शुरू करो उस दिन संकल्प करो और पेड़ की जड़ में कलावा बाँधो, सवा दो महीने दूध चढ़ाओ और अपने साथ सफेद कपड़े में उतने काले उड़द के दाने रखो जितने सवा 2 महीने में दिन होते हैं उतने ही उड़द के दाने साथ में रखो। शुक्र की दशा शान्त रहेगी।

निवारण-शुक्र के दिन उड़द सवा सौ ग्राम पीपल की खोखर में रख देवें और पॉच गेंदा के फूल चढ़ावें पाँच शुक्रवार तक यह विधि करने से शुक्रदेव की दशा नम्र हो जायेगी।

राहू दोष के लिए

निवारण-राहु की दशा वाले मनुष्य को चन्दन की लकड़ी साथ रखें और रोज सुबह के समय उस चन्दन की लकड़ी को पत्थर पर घिसकर पानी पियें और साबुत मूंग का खाने में अधिक सेवन करें, राहु की दशा समाप्त हो जायेगी।

निवारण-जिस मनुष्य पर राहु की दशा हो वह मनुष्य साबुत गेंहू उबालकर मीठा डालकर कोढी मनुष्यों को खिलावें और जब खिला देवें प्रेम से बोलें और सतकार करके घर वापस आवें इस विधि के करने से राहु की दशा नम्र हो जायेगी और किसी भी कार्य में बाधा नहीं आयेगी।

केतु ग्रह दोष के लिए

निवारण-मिट्टी के घड़े का आधा हिस्सा करो और उसको जमीन में दबा दो घड़े का हिस्सा साफ तौर से सीधा और बराबर होना चाहिए और जहाँ भी घड़े को जमीन में गाड़ो उस जगह में गड्डा करो

और घड़े में नीचे छेद करो और रोजाना सुबह अपने ऊपर सात बार उतार कर दूध चढ़ाओ सवा सौ ग्राम दूध चढ़ाओ और फिर उससे तुरन्त अलग हो जाओ पीछे हट कर न देखो। घड़े में छेद इस तरह होना चाहिए जिससे जो दूध चढ़ाओ वह दूध छेद के द्वारा जमीन में चला जाय। सवा महीना दूध चढ़ाना है, ऐसी जगह घड़े के हिस्से को गाड़ना है जहाँ पर मनुष्य पशु बगैरा न जा सके, ऐसा करने से केतु की दशा समाप्त हो जायेगी।

मंगल ग्रह दोष के लिए

निवारण-चावलों को उबालो और उसमें से जो माँड़ पानी निकले उसको और जल में मिला लो और रोज गाय को खिलाओ उसमें गुड़ 100 ग्राम डालो जिससे मीठा हो जाय और गाय को खिलाने में दिक्कत न हो और साबुत चावल पीले कपड़े में बाँधो। उतने बाँधो जितने सवा महीने में दिन होते हैं, यह चावलों की गांठ अपने साथ रखो और सवा महीना गाय को चावलों का माँड और 100 ग्राम गुड़ खिलाओ इससे मंगल ग्रह शान्त हो जायेगा।

निवारण-मंगल के दिन श्री हनुमान जी के पाँच व्रत करो और बन्दरों को चने और गुड़ खिलाओ और पीपल पर तेल की ज्योत जलाओ। बन्दरों को भोजन कराने से पहले दिन लाल सवा मीटर कपड़ा उस जंगल में बाँध आओ जहाँ पर आपको बन्दरों को भोजन कराना है। इस विधि के करने से मंगल का दोष समाप्त हो जायेगा और हनुमान जी की भी कृपा होगी।

बुध ग्रह के लिए

निवारण-सफेल कपड़ा सवा मीटर लाओ उस कपड़े में हल्दी से 21 जगह ॐ लिखो लिखकर पीपल पर लटका दो उस कपड़े पर ॐ वह मनुष्य लिखेगा जिसके ऊपर बुध ग्रह दोष हो और

सवा महीने तक गोचनी ओर दूध चढ़ाओ थोड़े गेहूं और थोड़े चने दूध में डालकर बुधवार के दिन पीपल पर चढ़ाओ इससे बुध ग्रह दशा समाप्त हो जायेगी।

बुध ग्रह

निवारण-सोमवार से बुधवार तक हर सप्ताह कनियर के पेड़ पर दूध चढ़ायें और जिस दिन शुरूआत करें उस दिन कनियर के पेड़ पर संकल्प करके पेड़ की जड़ों में कलावा बाँध देवें पाँच सप्ताह तक यह कार्य विधि सोमवार से बुधवार तक करें, यह विधि करने से बुधवार की दृष्टि शुभ वातावरण में बदल जायेगी।

बृहस्पति ग्रह के लिए

निवारण-बृहस्पति ग्रह गुरु दशा दोष के लिए साँड को रोजाना 7 अनाज गुड़, सवा किलो अनाज सवा सौ ग्राम गुड़ साँड को सवा महीने तक खिलाओ और हल्दी की पाँच गाँठ पीले कपड़े में बाँध कर पीपल पर बाँध दो और 3 गाँठ अपने साथ पीले कपड़े में बाँधकर रखो अपनी जेब के अन्दर, ऐसा करने से बृहस्पति ग्रह का दोष शान्त हो जायेगा।

बृहस्पतिवार ग्रह

निवारण-बृहस्पतिवार के दिन भुने हुए चने बिना नमक के होने चाहिए ग्यारह मन्दिरों के सामने बांटे कोई भी नर–नारी बच्चे मिले सबको बांटे सुबह उठने के बाद घर से निकलते ही जो भी जीव सामने आये उसे ही खिलावें चाहे चार पैरों का पशु जानवर हो या फिर नर–नारी बच्चे हो जितने भी चने अपने पास लेकर चलोगे उनको जो भी मिले देते चले जायें। यह विधि करने से बृहस्पति देव की दृष्टि शान्त हो जायेगी।

शनि की साढ़े साती

निवारण-जिस मनुष्य पर शनि की साढ़े साती हो वह मनुष्य तम्बाकू बनाकर या बना हुआ खरीद कर लायें तम्बाकू 250 ग्राम होना चाहिए और उस तम्बाकू को पीपल के पेड़ पर बाँधो शनिवार के दिन। तम्बाकू 250 ग्राम, 500 ग्राम तेल को या तो छोटे मिट्टी के बर्तन में डालकर नीचे छोटा छेद कर दें या फिर मोटा ताकतवर कपड़े में छेद करके तम्बाकू बाँध दो ऊपर पीपल के पेड़ पर फिर 500 ग्राम तेल 5 सप्ताह शनि के दिन लगातार डालने से शनि का प्रवाह समाप्त हो जायेगा।

शनि की साढ़े साती

निवारण-जिस पेड़ पर शहद का छत्ता लगा हुआ हो उस पेड़ के नीचे हर शनिवार के दिन तेल का चिराग जलाओ और कच्चे सूत से शहद के छत्ते से बाँधकर वहाँ तक ले आओ जहाँ पर जड़ हो जहाँ पर चिराग लगाना है। इस कार्य को हर शनिवार को करो सात शनिवार तक करने के बाद उस छत्ते को तोड़ डालो और फिर उस छत्ते में जो शहद निकले उसका सेवन प्रतिदिन करो ऐसा करने से शनि की साढ़े साती ढल जायेगी। मनुष्य का जीवन सुखी हो जायेगा।

मेष राशि की साढ़े साती

निवारण-जौ का सवा पाँच किलो आटा पिसवाओ और उस आटे से रोजाना सवा सौ ग्राम आटा चीटियों के घर पर चढ़ाओ और सबसे पहले जिस दिन चालू करो उस दिन तेल का दिया चिटियों के घर पर जलाओ और जब आखिरी दिन चढ़ाओ तभी भी तेल का चिराग जलाओ, ऐसा करने से मेष राशि पर साढ़े साती का प्रभाव समाप्त हो जायेगा।

वृष राशि की साढ़े साती

निवारण-पूर्णमासी के दिन सवा 5 किलो चावल का आटा बनवाओ प्रतिदिन उस आटे के सवा सौ ग्राम गाय को दूध के साथ खिलाओ और हर रोज पीपल के पत्ते पर या पीपल पर किसी भी चीज से नाम लिखो जब तक गाय को खिलाओ तक तक पीपल पर भी जाना पड़ेगा, पीपल पर नाम लिखना जरूरी है ऐसा करने के बाद आखिरी दिन पीपल पर घी की ज्योत लगाकर मीठा प्रसाद चढ़ाओ। ऐसा करने में वृष राशि पर से साढ़े साती हट जायेगी और मनुष्य सुखी रहेगा।

मिथुन राशि की साढ़े साती

निवारण-गाय का सींग अपने घर पर रखो प्रतिदिन उस सींग को अपने माथे से लगाओ और गाय को बाजरा चौलाई और मीठा मिलाकर गाय को रोजाना सवा महीने तक खिलाओ ऐसा करने से मिथुन राशि से साढ़े साती शान्त हो जायेगी।

कर्क राशि की साढ़े साती

निवारण-हर इतवार के दिन सात छः वर्ष तक की कन्याओं को हलवा पूरी से भोजन कराओ और उन्हें सवा रुपया भेंट करो और किसी कन्या की शादी हो रही हो तो उसमें कन्यादान करो और जो बारातियों के लिए खाना बनाया जाता है उसमें जो भी धन मिला सकते हो मिला दो ऐसा पुण्य करने से कर्क राशि से साढ़े साती शान्त हो जायेगी।

सिंह राशि की साढ़े साती

निवारण-जो मनुष्य भूखा हो कपड़े न हो गरीब कन्याओं को भोजन कपड़े पहनाओ और हर मंगलवार को भूखे को रोटी कपड़ा दो

और मंगलवार के दिन पीपल पर तेल की ज्योत लगाओ ऐसा करने से सिंह राशि वालों को शान्ति मिलेगी और साढ़े साती शान्त हो जायेगी।

कन्या राशि की साढ़े साती

निवारण-जो मनुष्य पागल की स्थिति में हो जिसको सांसारिक विषयों का ज्ञान न हो उसे अपने हाथों से खाना खिलाओ और अपने हाथों से नहलाओ और नये कपड़े पहनाओ और यह कार्य करने के बाद किसी अन्जान जगह शनिवार के दिन तेल का चिराग जलाकर दो हल्दी की गाँठ रख कर आ जाना, यह कार्य पाँच शनिवार करना है ऐसा करने से कन्या राशि वालों से साढ़े साती शान्ति में हो जायेगी।

तुला राशि की साढ़े साती

निवारण-बारह वर्ष के लड़कों को भोजन कराओ और सरसों के तेल में हलवा बनाओ और पूरी उतारो और तेल में ही सब्जी बनाओ सवा किलो तेल लेकर पीपल के पाँच चक्कर इतवार के दिन लगाओ और इतवार को इस तेल से भोजन बनाकर कम से कम दो लड़कों को खिलाओ।

वृश्चिक राशि की साढ़े साती

निवारण-साठ वर्ष के ऊपर के मनुष्यों को खीर खिलाओ और खीर में गुलाब के पाँच फूल शिवलिंग पर चढ़ाकर वापस ले आओ और उस खीर में तोड़कर डाल दो और बूढ़ों को खिला दो। साठ वर्ष से कम से कम पाँच बूढ़ें होने चाहिए। गरीब अमीर कोई भी हो सकता है ऐसा करने से वृश्चिक राशि में साढ़े साती शान्ति में आ जायेगी।

धनुराशि की साढ़े साती

निवारण-अपने माता–पितजा को अपने हाथों से नये कपड़े अपनी मेहनत की कमाई से खरीदो और पाँच सोमवार अपने हाथों से

नहलाओ फिर कपड़े पहनाओ। यह कार्य प्रथम सोमवार के दिन करना है चार सोमवार को घर में ज्योत जलानी है घी की ज्योत होनी चाहिए और हर सोमवार जो चार बचे हैं उनमे माता–पिता को अपने हाथों से नहलाओ और उनके साथ पाँच सप्ताह कोई भी ऐसा शब्द न बोलो जिससे उन्हें दुख पहुंचे, पिछली बातों के लिए पहले सोमवार को क्षमा याचना कर लें क्योंकि अगर पहले की कोई नाराजगी हो वह न रहे। अगर किसी के माता–पिता न हो तो दूसरे किसी प्यारे दोस्त के माता–पिता की सेवा कर सकते हैं, ऐसा करने से धनुराशि से साढ़े साती शान्ति में परिवर्तित हो जायेगी।

मकर राशि की साढ़े साती

निवारण-हर इतवार के दिन छोटे बच्चों के स्कूल के सामने रात के समय पाँच गाँठ हल्दी की रखो। सरसों के तेल में भिगोकर जो किसी को न दिखे किसी भारी वस्तु के नीचे दबा देवें। ऐसा इतवार को करने के बाद सोमवार से लेकर अगले सोमवार तक स्कूल मे जाकर काले चने उबाल कर स्कूल में बांट दें। अगर स्कूल में नहीं कर सको तो कहीं बच्चों का समूह हो उन्हें बांट सकते हैं। ऐसा करने से मकर राशि से साढ़े साती शान्ति में आ जायेगी।

कुम्भ राशि की साढ़े साती

निवारण-कुम्भ राशि वाले मनुष्य शिवलिंग के सुबह के समय सोमवार से अगले सोमवार तक शिवलिंग पर घी की ज्योत लगाकर 21 इक्कीस चक्कर लगाओ गंगाजल हाथ में लेकर जब चक्कर पूर्ण हो जाय, शिवलिंग पर चढ़ा दो माथा टेकों और अपनी शान्ति के लिए प्रभु शिव से वरदान मांगों अवशय मिलेगा और कुम्भ राशि वालों को सफलता मिलेगी और साढ़े साती का भार भी हट जायेगा।

मीन राशि की साढ़े साती

निवारण-सतनजा बनाकर इक्कीस दिन लगातार चलते दरिया में रोज एक मुट्ठी डालों और प्रतिदिन एक तेल का दिया नदी के किनारे जलाये और एक मुट्ठी सतनजा चढ़ा देवें। ऐसा करने से मीन राशि से साढ़े साती शान्ति में बदल जायेगी।

शनि की ढइया

निवारण-नदी के किनारे पीपल का पेड़ पर जाओ जाकर जमीन साफ करके पाँच जड़ों में पाँच काले धागे बांधो और प्रति शनिवार को पीपल पर जाओ और उन पाँचों जड़ों पर तेल चढ़ाओ और चार बत्ती का चिराग जलाओ और थोड़ा तेल अपने ऊपर सात बार उतार कर दरिया में बहा दों पाँच शनिवार इस कार्य को करो तुम्हारी उन्नति होगी और शनि की साढ़े साती शान्ति में बदल जायेगी।

मेष राशि की ढइया

निवारण-सोमवार के दिन कहीं जंगल में जाकर सवा किलो गेहूं लेकर जाओ और चलते-चलते गेहूं के दाने जमीन पर छोड़ते जाओ जहां पर समाप्त हो जाय वहीं पर तेल का चिराग जला दें। वापिस आये परन्तु उस रास्ते से न आये दूसरे रास्ते से आयें। पाँच सोमवार यह कार्य करना है। शान्ति मिलेगी, धन बढ़ेगा, बिगड़क कार्य बनेंगे।

वृष राशि की ढइया

निवारण-विधवा नारी को दान में इकत्तहर रु0 दान करो इतवार के दिन और मनुष्य जिसकी पत्नी न हो उसे भोजन कराओ और दक्षिणा दे दो पाँच इतवार तक ऐसा करना है इससे वृष राशि से जो आपत्ति है वह समाप्त हो जायेगी। वृष राशि से ढइया समाप्त हो जायेगी।

मिथुन राशि की ढइया

निवारण-जो घास जमीन पर दूब के नाम से जानी जाती है उस घास को जड़ों से उखाड़कर हर इतवार के दिन गाय को खिलाओ खिलाने के बाद पानी पिलाओ जब पानी पिलाओ उसमें थोड़ा मीठा मिला दो। ऐसा करने से मिथुन राशि पर ढइया शान्त हो जायेगी।

कर्क राशि की ढइया

निवारण-रेशमी लाल कपड़े को हर वक्त रुमाल के लिए प्रयोग करें और हर इतवार के दिन सवा महीने तक माता दुर्गा की पूजा करो जिस दिन से पूजा करें उस दिन से माता की लाल चुन्नी चढ़ावें और हर इतवार के दिन मन्दिर में जाकर घी का दीपक लगावें और जो लाल रुमाल जिसको प्रयोग करते हैं उसमें माता की चुन्नी से कुछ धागे सातवें दिन निकाल कर अपने रुमाल में सिल लें और अपने साथ रखें, मुंह हाथ पोछें जैसे आप रुमाल प्रयोग करते हैं, ऐसे ही प्रयोग करें सवा महीना तक यह कार्य करें ऐसा करने से कर्क राशि से ढइया समाप्त हो जायेगी।

सिंह राशि की ढइया

निवारण-पूर्णमासी के दिन पूरब की दिशा में जाओ एक कोस की दूरी में जितने भी चीटियों के घर मिलें सब घरों पर केला गुढ़ चढ़ावें हर पूर्णमासी को घर से चलने से पहले घी का चिराग लगाकर जावें, पाँच पूर्णमासी ऐसा प्रयोग करने से सिंह राशि से ढइया समाप्त हो जायेगी।

कन्या राशि की ढइया

निवारण-मध्य रात्रि में सवा महीने तक एक बार रोज जागो या फिर मध्य रात्रि के बाद सो जाओ, जब मध्य रात्रि का समय आवे

एक तेल का चिराग लगाओ पानी की कटोरी भरकर रख दो और उसके अन्दर इस दिये को रोज रखो और सुबह होने पर उस जल को पीयो ऐसा सवा महीने तक लगातार करने से कन्या राशि पर ढइया शान्त हो जायेगी और ज्यादा फायदा होगा।

वृश्चिक राशि की ढइया

निवारण-पान–सुपारी मंगलवार के दिन हनुमान पर चढाओ और जिस मन्दिर में हनुमान जी की मूर्ति हो और उसी मन्दिर में पेड़ हो, पेड़ किसी भी प्रकार का हो उसी के नीचे जड़ों में तेल का दीया जलाओ और हनुमान जी को पान चढ़ाओ, सात मंगलवार करने से वृश्चिक राशि पर ढइया समाप्त हो जायेगी।

धनु राशि की ढइया

निवारण-सवा पाँच किलो मीठा प्रसाद घर में रखें और जिसके माता हो सवा महीने तक सुबह के समय लगातार अपनी माता के चरण स्पर्श करो और जो प्रसाद घर में रखा हुआ है उसमें से माता रोज प्रसाद देगी उसको तुरन्त खा जाओ सवा महीने तक ऐसा करने से और रोज घर में घी का दीपक जलाने से धनु राशि से ढइया समाप्त हो जायेगी।

मकर राशि की ढइया

निवारण-तुलसी को माता समझ कर सुबह के समय तुलसी की जड़ों को स्पर्श करें और रोज सवा महीने तक घी का दिया लगातार जलाते रहें और जब सवा महीने बीत जाय अन्तिम दिन तुलसी की जड़ों को स्पर्श करो और जल चढ़ाओ फिर खीर का भोजन खिलाओ चढ़ाओ ऐसा सवा महीना करने से मकर राशि पर ढइया समाप्त हो जायेगी।

मकर राशि की जिस पर ढइया हो उसे पाँच मन्दिरों में तुलसी

का पेड़ लगाओ लगातार पाँच दिन तक यह कार्य विधि करनी है एक दिन में एक पेड़ लगाना है और फिर पाँच दिनों तक तुलसी की जड़ों में जल–फूल चढ़ाने हैं यह कार्य विधि करने से मकर राशि की ढइया नम्र हो जायेगी।

कुम्भ राशि की ढइया

निवारण-सवा पाँच किलो जौ और चालीस किलो गेहूं इन दोनों को मिला दो बीस ग्राम गुड रोजाना के लिए यह सामान घर में रखों और रोजाना के हिसाब सवा महीने तक बीस ग्राम गुड के साथ गेहूं और जो जो मिले हुए हैं उन्हें गऊशाला में गाय को सवा महीने तक खिलाओ और जब अपने स्थान से दूर जाना हो और गऊशाला में न जा सके तो उस दिन के लिए गऊशाला में दे आओ जिससे तुम्हारे नाम से उस दिन गाय को खिला सकें और अन्तिम दिन सवा पाँच किला का गेहूं और जौ गुड़ इनको पकाकर खिला देवें ओर सवा 5 रु0 गऊशाला में दान दे देवें। ऐसा करने से कुम्भ राशि से ढइया समाप्त हो जायेगी।

मीन राशि की ढइया

निवारण-नदी के प्रवाह के किनारे जाओ और आटे की गोली बनाकर ले जाओ 108 बार पानी के अन्दर फैंको जिस दिन पहली बार जाओ उस दिन सबसे पहले तेल का दिया जलाओ फिर गोली पानी में फैंको सवा महीने तक ऐसा ही करना है और अन्तिम दिन को दिया जलाकर आना है अगर किसी कारण आप जाने में असमर्थ हो तो अपने खून के किसी भी सदस्य को भेज सकते हो। अपने हाथ लगाकर ऐसा सवा महीने करने से मीन राशि की ढइया समाप्त हो जायेगी।

राशियों में मंगली दोष–टोटके

मेष लग्न में मांगलिक दोष

निवारण-सात धान के खेत में जाओ और जाकर तेल का दिया खेत के अन्दर जलाओ पूर्णमासी की रात को यह कार्य करना है और चावल एक मुट्‌ठी गणेश जी पर चढ़ाने हैं, चावल साबुत होने चाहिए और गणेश जी पर घी की ज्योत जलानी है। अगर कोई बच्चा या बीमार हो तो संकल्प करके उसके खून का सदस्य भी चढ़ा सकता है करने वाले के हाथ लगवाकर ले जाय ऐसा पाँच पूर्णमासी करने से मेष राशि दोष मुक्त हो जायेगी।

मिथुन राशि में मांगलिक दोष

निवारण-भैरों बाबा के मन्दिर में मिथुन राशि वाला मनुष्य चाँदी की मूर्ति भैरों बाबा की बनवायें कम से कम सवा तोले की बनवायें और उस मूर्ति को हर इतवार के दिन भैरो बाबा के मन्दिर में ले जाय और उस मूर्ति को भैरो बाबा के यहाँ जो तेल चढ़े उसमें उस मूर्ति को डूबो कर वापिस लेकर आये। शनि के दिन भी जा सकते हैं। उस मूर्ति को लकड़ी में स्थापित करें जिससे वह सीधी प्रकार से ले और लायी जा सके जैसे कोई मूर्ति नियम से सीधी ले जाई जाती है ऐसे ही ले जानी है और वापिस आकर मूर्ति के आगे तेल की ज्योत लगा देवें। ऐसा करने से भाग्य हो तो सिद्धि भी प्राप्त हो सकती है।

कर्क लग्न में मांगलिक दोष

निवारण-जिस क्षेत्र में कुआं दूर हो और पनिहारी कुएं से पीने का पानी सिर पर लाती हैं पनिहारी का पानी ग्यारह दिन या 21 दिन लगातार खुद भरें पनिहारी का भरने में सहायता न लें ऐसा करने से कर्क लग्न वालों को मांगलिक दोष हट जायेगा।

सिंह लग्न में मांगलिक दोष

निवारण-सोमवार के दिन 6 वर्ष की कन्याओं को भोजन करावें ग्यारह कन्याओं को पाँच सोमवार भोजन कराना है और सोमवार के दिन सुबह शिवलिंग पर घी की ज्योत जलानी है और शिवलिंग के चारों तरफ फूलों की माला चढ़ानी है। ऐसा करने से सिंह राशि पर मांगलिक दोष हट जायेगा।

कन्या लग्न में मांगलिक दोष

निवारण-पाँच पूरी, सात आटे की गोली, एक गोला नदी के किनारे जाकर तेल की ज्योत जलाओ पाँच इतवार यह कार्य करना है, पाँचवे इतवार को जो भी नदी के किनारे मिले उसे भोजन कराके सवा पॉच रुपये दक्षिणा देनी है। ऐसा करने से कन्या राशि पर मांगलिक दोष शान्त हो जायेगा।

तुला लग्न में मांगलिक दोष

निवारण-तुला राशि वालों के लिए गरीब बूढ़ा आदमी जो अपने कर्मों का बोझ सिर पर ढो रहा हो बुढ़ापे में मजबर हो अपने परिवार का पेट भरना पड़ रहा हो उसकी इक्कीस दिन तक सहायता करनी है उसके परिवार को पूर्ण भोजन कराना है और अन्तिम दिन उस बूढ़े व्यक्ति को कपड़े पहनाने और दक्षिणा देनी है ऐसा करने से तुला राशि पर मांगलिक दोष शान्त हो जायेगा।

वृश्चिक लग्न में मांगलिक दोष

निवारण-गंगा नदी पर पूर्णमासी के दिन जाकर ग्यारह गाय को आटे और गुड़ का भोजन कराना है और उस भोजन से पीपल के ग्यारह पत्तों पर भोजन परोसकर नम्बर वार एक–एक पत्ता गंगा जी में छोड़ना है, फिर गाय को भोजन कराना है पाँच पूर्णिमा तक लगातार

यह कार्य करने के बाद अन्तिम दिन गंगाजी पर घी की ज्योत जलाकर एक गरीब आदमी को भोजन कराना है साथ के साथ गाय को भी उसी तरह से कराना है जैसे हर पूर्णिमा को कराया जाता रहा है। ऐसा करने से वृश्चिक राशि पर मांगलिक दोष शान्त हो जायेगा।

धनु लग्न में मांगलिक दोष

निवारण-काले उड़द तेल शनिवार के दिन पीपल पर चढ़ाओ और तेल की ज्योत लगाओ जिस दिन यह कार्य चालू करें उस दिन पीपल पर ढाई सौ ग्राम उड़द तेल में भिगोकर काले कपड़े में बाँध कर पीपल के ऊपरी हिस्से में बाँधने हैं और पाँच शनिवार तक यह विधि करनी है, अन्तिम दिन मन्दिर के पंडित को भोजन कराना है, यह विधि करने से धनु राशि पर मांगलिक दोष समाप्त हो जायेगा।

मकर लग्न में मांगलिक दोष

निवारण-इक्तालिस दिन तक मन्दिर में झाड़ू लगाकर शिवलिंग पर ज्योत लगाकर जल चढ़ाना है, प्रतिदिन यह विधि करनी है और अगर किसी वजह से पत्नी पर दोष हो, पति कर सकता है और यदि पति पर दोष हो पत्नी कर सकती है परन्तु यह करना मजबूरी के कारण है वरना जिस पर मांगलिक दोष हो उसी को करना अनिवार्य है। यह विधि मकर राशि वालों पर मांगलिक दोष शान्त करेगी।

कुम्भ लग्न में मांगलिक दोष

निवारण-कुम्भ राशि वालों पर 21 इक्कीस दिन तक लगातार गंगाजी या यमुना जी में स्नान करना है और किनारे पर घी की ज्योत लगानी है और अन्तिम दिन इक्कीस पत्ते पीपल के लेकर खीर रखकर नम्बरवार जल में प्रवाहित करनी है। कुम्भ राशि वालों पर मांगलिक दोष शान्त हो जायेगा।

मीन लग्न में मांगलिक दोष

निवारण-गणेश जी की मिट्टी की मूर्ति बनाओ कम से कम आठ अंगुल की होनी चाहिए इससे बड़ी चाहे कितनी भी हो सकती है, सुबह के समय उस मूर्ति पर दूब की घास ग्यारह चढ़ाओ फिर दूध चढ़ाओ, घास के ऊपर मूर्ति घर के अपने मन्दिर में स्थापित करनी है यह विधि 40 दिन तक लगातार करनी है, जिस पर भी यह दोष हो उसे ही करनी है, परन्तु अगर वह नर–नारी, बच्चा किसी मजबूरी के कारण मजबूर होता है तो घर का पत्नी, बच्चा, पति इनमें से एक दूसरे का कार्य मजबूरी में कर सकता है यह विधि करने से मीन राशि से मांगलिक दोष समाप्त हो जायेगा।

सिद्धि में सहायक मन्त्र

टोटका-गंगा जी पर चालीस दिन तक जिसकी देवी–देवता की सिद्धि करो, गंगा जी पर जाओ और रोज लगातार घी का एक दीपक जलाओ और शुरु के दिन पाँच पतासे और एक दीपक जलाओ संकल्प करो कि गंगामाई मैं आपकी शरण में आया हूं मुझे सिद्धि प्रगट कराओ यह संकल्प करके पीपल का पत्ता साथ रखकर उस देवी देवता का स्मरण्या करो जिसकी सिद्धि करनी है और जब पूर्ण चालीस दिन हो जाय तब चालीस नर–नारियों को भोजन कराना है। पीपल का एक पत्ता मन्त्र जाप करते हुए अपने हाथों में रखना है और जब मन्त्र समाप्त हो जाये पीपल का पत्ता पाँच पतासे गंगा जी में रोजाना छोड़ने हैं। यह विधि जो भी भगत करेगा उसको सिद्धि अवश्य मिलेगी और जिस देवी–देवता की साधना करेगा उसके दर्शन भी होंगे।

शनि ग्रह शान्ति के लिए

निवारण-बरगद–बड़ के पेड़ पर शनिवार के दिन दूर किसी जंगल में बरगद का पेड़ होना चाहिए उस पेड़ पर तेल में काले उड़द

साबुत भिगोकर बरगद की खोकर में रखो पाँच शनिवास करके हर शनिवार को करो और साथ के साथ तेल का चिराग उस खोकर में जला दो। सवा पाँच मुट्ठी काले उड़द हो। यह विधि करने से शनि ग्रह शान्त हो जायेगा।

शनि ग्रह की रेखा सीधी धन का प्रवाह करने हेतु

निवारण-नाव की कील लेकर सवा फुट लम्बी पीपल की लकड़ी छः इंच चौड़ी लकड़ी को नदी के प्रवाह में कील गाड़कर शनिवार के दिन तेल में भिगोकर प्रवाहित करनी है और हर शनिवार को पीपल पर काले तिल और तेल का दिया जलाना है।

दुर्गा माताजी की भगति करने के लिए

दुर्गा माता की भगति करने के लिए सबसे पहले पाँच पूर्णमासी गंगाजी में स्नान करके और गाय को जिमाओ गंगा जी पर फिर उसके बाद नियम से तीन माला बीच मन्त्र का जाप करो इक्कीस दिन तक माला करने के बाद पाँच–पाँच माला प्रतिदिन करो फिर इक्कीस दिन तक करो उसके बाद आपका ध्यान लगने लगे फिर रात दिन मनन करो फिर आपको दुर्गा माता दर्शन देंगी और आगे का रास्ता बतायेंगी। संस्कार के हिसाब से आगे की साधना चलेगी, जिस देवी के आप भगत हैं वह उन्हें देखना है कि सिद्धि देगी या फिर उससे ऊपर पहुंचायेगी इस विधि के करने से आप योग्य साधक बन सकते हैं।

भैरो बाबा की भगति करने के लिए

भैरो बाबा की साधना करने के लिए चालीस दिन शनिवार के व्रत करने होंगे या फिर नौ करके उसका उद्यापन करके फिर नौ करें इस तरह से चार बार नौ–नौ करके उद्यापन करो और जो भी दुखी

भूखा कपड़े नहीं हो ऐसे मनुष्य की सेवा करो क्योंकि भैरो बाबा इन्हीं मनुष्यों में वास करते हैं और बीज मन्त्र का नियम से 3 तीन माला करो फिर पाँच करो और फिर मनन करो उसके बाद भैरो बाबा अपने आप मार्गदर्शन करेंगे।

कालका माई की भगति के लिए

कालका माई की भगति करने के लिए नियम करना बहुत जरूरी है। जहाँ पर काली माता का सिद्ध मन्दिर हो वहाँ पर जाकर तीन मालायें करो, बीज मन्त्र से और उसके बाद पॉच मालायें करें और जोत लगाये जब आप इसे निमयपूर्वक करोगे तो आपको अपना मार्गदर्शन अपने आप ही होने लगेगा आप भगति में अपने आप ही लीन हो जाओगे जो माता की भगति करता है माता उसी की हो जाती है स्नेह करने लगती है।

गंगा जी पर जाने से पहले

गंगा जी पर स्नान करने जाने से पहले पाँच दिन पहले ॐ शिव: गंगे नम: का मनन करना शुरू कर दो या फिर एक माला सुबह करना शुरू कर दो अगर आप सत्य में गंगा स्नान करना चाहते हो और उसका फल भी चाहते हो तो सात्विकता धारण करके पाँच दिन पहले से तैयारी करनी शुरू कर दो उसके बाद गंगा स्नान करो और घी की दो ज्योत गंगा के किनारे जलाओ और वापिस आने तक मन्त्र का मनन करते रहो, वापिस आने के बाद पाँच कन्याओं को भोजन खिलाओ, ऐसा करने से यात्रा पूर्ण होगी और जिस फल की इच्छा करके जाओगे वह भी पूर्ण होगी।

पूर्णमासी पर्व पर गंगा जी पर जाने से पहले

पूर्णमासी के दिन गंगाजी पर जाने से पहले घर में पाँच दिन फल की इच्छा करके घी की ज्योत जलाओ और फिर गंगाजी के तट

पर जाकर पाँच ज्योत घी की जलाओ और जिस फल की इच्छा लेकर गंगा तट पर गये हो वह इच्छा मन में धारण करके पाँच गाय को भोजन कराओ और गाय के पैर छुओ यह विधि करने के बाद घर पर आकर पाँच गाय को गुड़ और रोटी खिलाओ ऐसा करने ये यात्रा पूर्ण और फलदायक होगी।

गंगाजी पर नहाने से पहले लाभ हेतु

गंगाजी पर जाते समय गाय को मीठा प्रसाद खिलाना है और गंगाजी की ओर चलना है जब आप गंगाजी पर पहुंचे वहाँ जाकर नहाते समय घी का दीया जलाना है और फिर भूखों को खाना खिलाना है। गाय को मीठा भोजन कराना है और चलते समय किसी दुखी दरिद्र मनुष्य या स्त्री से कुछ न कुछ चीज लानी है चाहे आपको उसके लिए कुछ भी करना पड़े खुश करने के लिए फिर उस चीज को हमेशा कपड़े की गांठ बनाकर अपने साथ रखना है, इस विधि के करने से सब कार्य सम्पूर्ण होंगे।

साधना में लग्न लगाने से पहले

साधन में मनुष्य प्रवीण होना चाहे तो उसे माँ भगवती की शरण में प्रथम बार से जाना होगा माता भगवती के बीज मन्त्र की सबसे पहले एक माला जाप करें फिर तीन माला जाप करें और फिर पाँच माला जाप करें और उसके बाद मनन करें रात दिन मनन करें फिर भगवती माता भगत को अपने अन्दर अपने आप ढाल लेगी जिधर भी माता को साधक को ले जाना है उसी प्रकार भगत को जाना होगा सब कुछ माता पर छोड़कर जो मनुष्य चलेगा वह ही मनुष्य साधना के क्षेत्र में बढ़ सकता है।

सूर्य की नरम दृष्टि हेतु

कमल के फूल पर रोजाना दूध के छींटे लगाओ और कमल

की पखंडी अपने पास घर में ही रखें नौ दिन तक यह कार्य करने के बाद सूर्य देव के सामने जल चढ़ावें और जिस समय सूर्य निकले उस समय जौ 21 ग्राम किसी भी कच्ची जमीन में डालकर पानी का छींटा लगा देवें इस विधि के करने से सूर्यदेव की दृष्टि मनुष्य पर नर्म हो जायेगी।

चन्द्रमा की नरम दृष्टि हेतु

जिस मनुष्य पर चन्द्रमा की दृष्टि कम है उसको पूर्णमासी के दिन पाँच घी के दिये जलाओ और पॉच बार चन्द्रमा की आरती उतारो पहले पाँच बार अपने ऊपर उतारो पाँच पूर्णमासी यह कार्य विधि करनी है और छत पर फूल के बर्तन में दूध रखकर सुबह पीना है दूध कच्चा होना चाहिए और पूर्णमासी शाम को रखना है ऐसा करने से उन्नति होगी और भाग्य में बदलाव आयेगा।

मंगल ग्रह की नरम दृष्टि हेतु

मंगलवार के दिन गौशाला में जाओ और मक्का बाजरा मिलाकर ले जाओ सवा--सवा किलो दोनों चीज होनी चाहिए, गाय को खिलाकर थोड़ा--थोड़ा गुड़ दे दो खिला दो उसके बाद गाय के दूध से पानी में डालकर नहाओ यह विधि करने से मंगलवार की दृष्टि शान्त हो जायेगी यह कार्य विधि पाँच मंगलवार करनी है।

बुधदेव की दृष्टि नरम हेतु

सात दिनों तक गंगाजी पर रहो और ब्रह्मकुण्ड के अन्दर नहावो और नारियल को अपने ऊपर उतारकर गंगाजी में प्रवाहित करो और जय ब्रह्मदेव जय ब्रह्मदेव जय ब्रह्मदेव कहो और नारियल को प्रवाहित कर दो ओर आंठवें दिन अपने घर आ जाओ और घर आकर पाँच कन्याओं को मीठा भोजन कराओ, यह विधि करने से बुध देवां का दोष समाप्त हो जायेगा।

गुरु बृहस्पति की दृष्टि नरम होने हेतु

गुरुवार के दिन सवा किलो चले उबालकर पाँच ऐसे पंडितों को खिलावें जो कर्मकाण्डी पंडित हों और भोजन भी चने का ही करनाहै यह कार्य विधि सात बृहस्पतिवार तक करनी है गुरुवार की दृष्टि शान्त हो जायेगी, नरम हो जायेगी।

शुक्र की दृष्टि नरम होने हेतु

सात शुक्रवार सात अलग-अलग जगह केले के पेड़ लगाओ और फिर जब सात पेड़ अलग-अलग जगह लगा देवें उसके बाद दो गांठे और पाँच-पाँच जौ के दाने हर शुक्रवार को उन केलों की जड़ में चढ़ाओ इस तरह से चौदह शुक्रवार की कार्य विधि करने से शुक्र ग्रह की कृपा दृष्टि होगी।

शनि की दृष्टि नरम होने हेतु

शनि की दृष्टि ठीक और नरम करने के लिए शनि के दिन तेल का दीपक जलाकर अपने ऊपर उतार कर पीपल की जड़ों में रखकर तिलों को चढ़ाओ काले तिल होने चाहिए, इस विधि को सात शनिवार करना है और सात शनिवार करने के बाद सवा मीटर काला कपड़ा उड़द तेल किसी जवान बालक को दान कर दो इस विधि के करने से शनि की दृष्टि नरम हो जायेगी।

मनुष्य के घर में ग्रहों की परेशानी हो

निवारण-सरसों के तेल के 7 दिये जलाकर 7 बार अपने ऊपर से उतार कर शनि के दिन चलते दरिया में बहा देवें 7 शनिवार करना है।

मनुष्य को अपना धन लेने के लिये

निवारण-पूर्णमासी को अपने ही घर में मिट्टी का दिया

बनाकर उस दिये को चावलों के ऊपर रखों चावल 1 मुट्ठी होने चाहिए फिर उस दिये में तेल डाल दो जला दो और जिस आदमी से धन लेना है उसका नाम पता डाल दें, फिर सुबह उन चावलों को लाल कपड़े में बाँध लो जब भी धन लेने जाओ चावलों को साथ लेकर जाओ धन तुरन्त प्राप्त होगा।

पितृगणों को शान्ति स्थापित करना

निवारण-अमावस्या के दिन जो भी भूखा और दुखी आदमी हो उसे खाना और कपड़ा पहना दो। शान्ति स्थापित हो जायेगी।

नौकरी लगाने के लिए और कोई भी रोजगार के लिए

निवारण-शनिवार को गाय के गोबर के गीले 7 दिये बनाओ उन पर 7 बत्ती लगाकर जला दो सरसों का तेल डालकर 7 शनिवार चलते जल में प्रवाहित करो रोजगार लग जायेगा।

घर के अन्दर शान्ति स्थापना करना

निवारण-घर के चूल्हें की मिट्टी थोड़ी उतारकर सब परिवार के सदस्यों पर उतार कर लगातार 7 दिन तक दरिया में बहा दो सभी परिवार में शान्ति स्थापित होगी।

परिवार में छोटे-बड़ों का आदर न करें

निवारण-सुपारी में छिद्र करो और उस मनुष्य या बच्चा या औरत जो नहीं मानता हो उसका कपड़ा उस सुपारी में डाल दो और उसको पीपल की जड़ में बांध दो। 5 सोमवार पीपल पर जल चढ़ाओ, तुरन्त कहना मानने लगेगा।

बिजनैस में लगातार घाटा होता रहे ठीक अवस्था पर लाने के लिए

निवारण-(शनिवार से चालू करना है) पीपल की जड़ काले घोड़े की नाल में ठुकवा लें और रोजाना सरसों के तेल में डूबोकर निकाले और जो तेल नाल पर लगे उसको सिर पर लगाये नाल को सदैव अपने पास रखें, इसी समय से 5 शनि पीपल पर सरसों के तेल की ज्योत जलायें। पूर्ण रूप से बिजनैस चलेगा।

लोहे के बिजनैस के लिए

निवारण-काली चिड़िया का पंख मोमबत्ती पर बाँध कर उसे उसी जगह में रख दो जहाँ कार्य करते हैं और मोमबत्ती को रोज सुबह 2 मिनट के लिए जला दो फिर बुझा दो। जब समाप्त हो जाय तो दूसरी मोमबत्ती में लगा दो। बिजनैस पूर्ण रफ्तार से चलेगा।

मनुष्य जिसके घर में रहता हो और मालिक उससे खाली करवाना चाहता हो और तुम खाली करने में मजबूर हो सत्यता के आधार पर तुम्हें खाली करना हो।

निवारण-जिस आदमी का मकान हो उसी घर से सरसों का तेल बृहस्पतिवार को लेकर बबुल की जड़ों में चढ़ा दो।

बड़ा अफसर छोटे अफसर या और छोटे आदमी को परेशान करें

निवारण-पाँच गेंदे के फूल और सुपारी दोनों को बाँध कर जो आदमी परेशान करता हो उसके हाथ से 1 गिलास पानी लेकर अपने पास रखो फिर फूल सुपारी और पानी तीनों को इतवार के दिन पीपल पर चढ़ा दो।

पुत्र–पुत्री की शादी के लिए

निवारण-कच्चे अनार में छिद्र करके उसमें धागा पहना दो और वह धागा सफेद रंग का हो उसे पीपल की जड़ में बाँध दो और अनार को ऊपर पीपल पर स्थापित कर दो जिस दिन करोगे उस दिन से 11 दिन तक पीपल पर साबुत मूंग चढ़ावे।

पुत्री–पुत्र मुलिया हो शान्त करने के लिए

निवारण-अनार की जड़ के ग्यारह टुकड़े करो और जिस पर मूल हो वह उन जड़ों को 1–1 करके रोज दूध और जड़ पीपल पर चढ़ावे यह कार्य हर वर्ष जब जन्मदिन से 11 दिन पहले शुरू करना है कभी भी असर नहीं रहेगा।

मनुष्य या बच्चा रात को डरें

निवारण-बबूल की जड़ अपने तकिया के नीचे रखें या अपने बायें पैर से बाँध लें।

नर–नारी या बच्चा सफर करें घटना न हो

निवारण-जिस दिन सफर करने लगे उसी दिन से घर का कूड़ा घर से बाहर न फैंके अपनी चारदीवारी में रखें जब तक वापिस न आयें और उस कूड़े की धूल अपने साथ ले जावें वापिस आकर वह धूल कूड़े में मिला देवें और हाथ–पैर धोकर फिर कूड़ा बाहर फैंक देवें।

बिल्ली रास्ता काटना

निवारण–मनुष्य के सामने से सफर करते या चलते समय निकल जाये उसी समय रुक जाओ और मिट्टी उठाओ और तुरन्त चारों दिशाओं में फैंक दो।

मनुष्य घर से निकले पडोसी टोक दें

निवारण-जब घर से चलो अगर कोई औरत या मर्द, बच्चा टोक दें उसी समय मिट्टी उठाओ और 5 बार सिर के चारों तरफ घुमाओ और ऊपर की तरफ उड़ा दो।

जिस मनुष्य का धन का हाथ भगतों या स्याने द्वारा बाँध दिया गया हो उसे रोकने के लिए

निवारण-पाँच शनिवार डाभ जड़ से उखाड़ कर और सवा सौ ग्राम गुड़ पीपल के पेड़ पर रख दें हर शनिवार पाँच शनिवार यह कार्य करना है। धन आने लगेगा।

पंचायत या फैसला या अंड़गे में जाना हो सफल होने के लिए

निवारण-पाँच प्रकार की दाल साथ रखों जहाँ जाओ उसके आसपास उसमें से छोड़ दो बाकी अपने साथ रखो घर आने के बाद पानी में डाल दो।

पति शराब पीता हो झगड़ा करता हो

निवारण-पत्नी, पति जब सो जाय तभी पत्नी अपने पति की चारपाई के पाँच चक्कर पानी का गिलास लेकर लगाये और उस पानी को तुरन्त पी जाय। पति को चारपाई के दायें से चक्कर लगाने हैं और अगर पत्नी का करना हो तो बांये से चक्कर लगावे।

मित्र धोखेबाज होने के लिए ठीक करना है

निवारण-जो मित्र धोखा देना चाहता हो और मित्र को पता

चलने लगे तभी मित्र के घर का कूड़े की धूल लाकर अपने घर में अग्नि में फूंक दें।

सिर में दर्द हर वक्त रहता हो

निवारण-1 मुट्ठी काली सरसों सिर के ऊपर 5 बार उतार कर किसी भी दिशा में फैंक देवें। 21 दिन तक करना है।

नजर उतारने के लिए

निवारण-7 मिर्च साबुत दायें पैर के नीचे को उतार कर अग्नि में फूंक दो। दो दिन सुबह और शाम।

परिवार के अन्दर घर के अन्दर ऊपरी हवा छोड़ रखी हो पता चल गया हो

निवारण-शनिवार से 3 दिन तक 7 पूड़े मीठे, 7 पतासे चौराहे पर रात के अंधेरे में रखें और मंगल, बुध, बृहस्पतिवार तक तालाब में आटे का हलवा और पतासे या लड्डू रखें। दिन वीरवार (बृहस्पतिवार) को मीठे चावल पीर पर चढ़ायें।

परिवार का मनुष्य घर से चला जाता है बुलाने के लिए

निवारण-चक्की के पाठ के नीचे घी का चिराग 7 दिन तक लगातार जलाओ स्वप्न में दिखेगा जिन्दा है या मर गया या फिर घर के लिए चल दिया है। अगर जिन्दा है तो तुरन्त घर के लिए उतावला हो उठेगा।

कर्ज से मुक्ति हेतु

निवारण-उल्टे हाथ से अपने घर से मिट्टी उठाओ और

कर्ज लेने वाले के घर के दरवाजे पर फेंक दो।

पति–पत्नी का गुलाम हो

निवारण-परिवार का कोई भी सदस्य जो गुलाम हो उसके सोने के बाद उसकी चारपाई के 5 चक्कर काटकर हाथ में 1 जायफल और 1 मुट्ठी गेहूं लेकर किसी भी पेड़ पर रख दो।

जिस आदमी की भाग्य या धन की रेखा सही दिशा में न जा रही हो

निवारण-बहते पानी में पीपल की जड़ दिखती हो उस जड़ को निकाल कर लाल या पीले कपड़े में बाँधकर अपने पास रखें मनुष्य की दिशा बदल जायेगी और 5 बृहस्पतिवार केले के ऊपर जल और पीली दाल चढ़ावें।

पुत्र प्राप्ति के लिए

निवारण-गणेश जी की मिट्टी की मूर्ति बनाओ, मूर्ति को स्थापित कराओ जहाँ पर घर में मन्दिर बनाया हुआ हो, मूर्ति पर रोजाना गुड़ और चना चढ़ाओ फिर उस चने गुड़ को छः वर्ष के लड़कों को बांट दो लड़की दो देना मना है इस कार्य को जब तक करो जब तक गणेश जी वरदान न दें जब महिला गर्भवती हो जाय तब लड़कों को गुड़ चना देना बन्द कर दें और गणेश जी की पूजा करें जब तक पुत्र का जन्म न हो, जन्म होने के बाद उस मिट्टी की मूर्ति को गंगा जी ले जाओ साथ में पुत्र को ले जाओ और ले जाकर पुत्र के बाल कटवाओ ये दोनों कार्य एक साथ ही होंगे। मूर्ति को विसर्जित गंगा में करना है और बाल कटवाने हैं गंगाजी में चढ़ाने हैं। ऐसा करने से पुत्र की प्राप्ति जरूर होगी।

जिस नारी के बच्चा नहीं होता बाँझ कहलाती हो

निवारण-कुदरती तौर से नारी कोई भी बाँझ नहीं होती, सांसारिक मनुष्य ही नारी बाँझ का दोष लगा देते हैं। जिस नारी के बच्चा नहीं होता वह नारी सूर्य देव की पूजा करें और अपने ऊपर सात बार जल और दूध उतार कर सूर्यदेव को चढ़ाये सिर से ऊपर को चढ़ायें जिससे जब तुम चढ़ाओ वह पानी सिर से पैरों तक तुम्हारे सामने से गुजर कर जमीन पर आ जाय, जहाँ पर नारी जल चढ़ाये कम्बल या कपड़ा बिछा लें उस पर खड़ी होकर जल चढ़ावें अगर ऐसा नहीं करोंगे तो जो आपको वरदान मिलेगा वह पृथ्वी में चला जायेगा और सांड को गुड़ और गेहूं खिलाये रोज खिलावें या इतवार के दिन खिलावें जल रोज चढ़ावे और खाने में मैथी की सब्जी बनाकर खावें और अशोक की छाल दूध में पकाकर सेवन करें दूध को सम्पूर्ण उबाल लें रंग बदलने पर आग से उतारें फिर रोजाना पियें। ऐसा करने से बाँझ नारी को पुत्र वरदान मिलेगा।

नारी के साथ घर में कलेश रहना

निवारण-सतनजा सात अनाज अपने पति से उतार कर सात बार गाय और सांड को खिलाओ सवा महीने तक हर रोज पाँच पतासे गंगाज में मिलाकर अपने माथे पर तेल मलकर गंगा जल में माथा भिगोओ और संकल्प करो भिगोते–भिगोते अपनी चेतना के अन्दर सोचो कि हमारा परिवार शान्ति में रहे कोई भी कलेश न रहे जब यह शब्द माथा टेके–टेके सोचोगे तभी माथा हटा लो और गंगाजल में पतासे डालकर पूरे परिवार को पिला दो। शान्ति स्थापित हो जायेगी।

नारी के साथ घर में कलेश रहना

निवारण-जिस नारी के साथ घर में झगड़ा रहता हो वह नारी अपनी सास को ग्यारह दिन तक सास के पैर छुए और अपने हाथों से नहलावे और भोजन करावे परप्तु पहले संकल्प करे कि मेरा संकल्प पूरा हो और मेरे घर का कलेश का अन्त हो अगर सास का नहीं कर सकते तो इसी विधि को गाय पर करो यह विधि करने से कलेश का निवारण हो जायेगा।

नर–नारी की आपस में झगड़ा रहना

निवारण-चरखे को घर में लाओ और कच्चा सूत लेकर आओ पति पत्नी में झगड़ा हो और पति प्रेम चाहता हो पत्नी से करना तो कच्चे सूत से 108 चक्कर सोते हुए पति या पत्नी के लगाओ और उस सूत को चरखे पर लपेट दो और फिर उस सूत को चलते दरिया में बहा दो, इसके लिए पति–पत्नी के लिए पत्नी पति के लिए कर सकती है।

जिस नारी के साथ झगड़ा रहता है उसके लिए

निवारण-कच्चे दूध को शाम के समय अपने ऊपर उतार कर आटे के पेड़े इस दूध के अन्दर बनाओ और सांड को खिला दो यह कार्य पाँच शनिवार के दिन करना है और जब पाँच शनिवार यह कार्य विधि कर दो उसके बाद सांड को वह सब कुद खिला दो जो दाल चावल आटा जो अनाज आपके घर के अन्दर है। यह कार्य विधि करने से झगड़ा समाप्त हो जायेगा और नारी की घर में इज्जत अधिक होगी।

आपस में पूरा परिवार में झगड़ा हो

निवारण-रूई सवा सौ ग्राम लो उस रूई को 7 बार जो झगड़ा करता है उसके ऊपर उतारो और तेल को अपने पास रखो जब रूई पूरे परिवार पर उतर जाये उस रूई की बत्ती बनाओ जितनी भी बने उतनी बनाओ और उन बत्तियों को शनिवार के दिन मिट्टी के बड़े दिये में डालकर और तेल भरकर सिर्फ एक बत्ती जला दो किसी पवित्र स्थान पीपल के नीचे और उस तेल पर सबके हाथ लगवा दो। 5 शनिवार यह कार्य करें घर में शान्ति स्थापित हो जायेगी।

निवारण-पूर्णमासी के दिन चन्द्रमा के सामने ग्यारह लोटे मीठा और जौ के दाने डालकर चढ़ावे और दिन के समय सूर्यदेव को रोटी के टुकड़े पर लौटा सिर से ऊपर करके चढ़ावें इस विधि के करने से घर में शान्ति स्थापित हो जायेगी।

भाई-भाई में झगड़ा शान्त कराने के लिए

निवारण-दोनों भाईयों के पैर की मिट्टी उठाकर लाल कपड़े में बाँध दो और शनिवार को काले कुत्तों को तेल से चुपड़ी रोटी खिलाओ और वह मिट्टी उन कुत्तों को सुंघाओ ऐसा 5 शनिवार करना है और फिर वह मिट्टी रोटी में लगाकर कुत्ते को खिला दो मिट्टी थोड़ी-थोड़ी होनी चाहिए जिससे रोटी में डालने के बाद कुत्ता खा सके। ऐसा करने से भाई-भाई में प्रेम हो जायेगा।

भाई-भाई में झगड़ा हो जाये और जो भाई झगड़े को शान्ति में बदलना चाहता हो उसे ग्यारह दिन तक दो सांड को मीठा रोट गुड और रोटी और घी में बनाकर दो पिण्ड बनाकर दो सांड को अलग-अलग खिलाना चाहिए यह विधि करने से झगड़ा शान्त हो जायेगा।

कर्जदार हो जाना

निवारण-शनिवार के दिन किसी मन्दिर से चढ़ा हुआ तेल घर पर लेकर आओ उस तेल से अपने घर पर चिराग जलाओ पहले दिन आमंत्रित करके आओ अपने मन में कहो कि दे देव मैं बहुत कर्जदार हो गया हूं मेरे घर चलिए और मुझे कर्ज से मुक्त कर दीजिए फिर शनिवार के दिन पति–पत्नी दोनों जाकर तेल ले आओ और उस तेल से 5 शनिवार घर में चिराग लगाओ तुम कर्ज से मुक्त भी हो जाओगे और तुम्हें कर्ज लेने वाले भी परेशान नहीं करेंगे।

जो मनुष्य कर्जदार हो

निवारण-जो भी मनुष्य कर्जदार हो उस मनुष्य को ग्यारह दिन तक लगातार कोढी को पति–पत्नी या नर–नारी कोई भी हो उसे खीर खिलाओ दिन शनिवार का होना चाहिए और मुख में मीठा खाना ज्यादा ग्रहण करना चाहिए इस विधि के करने से कर्ज उतरने का कारण अपने आप बन जायेगा।

कर्ज लेने वाला परेशान करे अति परेशान करे

निवारण-जो मनुष्य कर्जदार को अति परेशान करें वह मनुष्य रूई से उस मनुष्य का नाम रूई से बनाये पाँच नाम बनाये और उन नामों को शनिवार के दिन पीपल के नीचे 1 नाम को बिछाओ और उस आदमी के घर की मिट्‌टी उस नाम में डालो और तेल डालो नाम के अगले हिस्से में एक बत्ती जला दो और 10 मिनट वहाँ पर बैठो ध्यान से संकल्प करो कि मुझे इस आदमी ने परेशान कर रखा है वह मनुष्य आपसे पीछे हट जायेगा तुम्हें परेशान नहीं करेगा।

कर्ज लेने वाला परेशान करे

निवारण-जो मनुष्य कर्ज लेने वाला परेशान करे उसके लिए संकल्प करके पीपल पर एक कलावा बाँध देवे कि हे विष्णु देव मुझे कर्ज के कारण बहुत दुख होता है कर्ज लेने वाला परेशान करता है इसका निवारण कीजिए ग्यारह दिन तक मैं आपके चरणों में आकर शीश नवाऊँगा और जल चढ़ाऊँगा यह संकल्प करके कहना है।

मित्र–मित्र से धोखा करता हो

निवारण-जो मित्र अपनी अच्छाई पर चलता रहे और मित्र उसके साथा धोखा करता रहे उस धोखेबाज मित्र के बाये पैर की मिट्टी उठाओ और उसकी मिट्टी की छोटी से मटकी में डालो और शनिवार को किसी अनजान जगह गाड़ दो उसके अन्दर छेद कर दो और उसके अन्दर तेल भर दो और मिट्टी जो धोखेबाज मित्र की हो उसे वह भी तेल में डालकर गाड़ दो जमीन नीचे से थोथी होनी चाहिए छेद से तेल जमीन में जाना जरूरी है जैसे–जैसे तेल जमीन में जायेगा ऐसे–ऐसे ही उस धोखेबाज का पर्दाफाश हो जायेगा।

मित्र–मित्र को धोखा करे

निवारण-जो मित्र मित्र के धोखे से परेशान हो उसे चलते जल के किनारे बैठकर इक्कीस आटा की गोली बनाकर हर गोली जल में फैंकता रहे और कहता रहे कि मेरा मित्र धोखा न करे उसकी बुद्धि ठीक शुद्ध कीजिए यह कार्य लगातार पाँच दिनों तक करना है। ऐसी विधि करने से मित्र पूर्ण रूप से शुद्ध विचारों का बन जायेगा।

बिजनेस में परेशानी

निवारण-गाय के पूंछ के पाँच बाल लेकर दाहिने हाथ की बड़ी अंगुली में किसी चाँदी की अंगुठी में लपेट कर बाँध लो और हर

शनिवार को गाय को घास खिलाओ और सींगों पर सरसों के तेल से मालिश करो और जब हाथों से तेल सींगों पर लगाओ तुरन्त वह हाथ अपने सिर में मलो चेहरे पर मलो फिर हाथ धो लो।

बिजनैस (व्यापार) में परेशानी दूर करने के लिए

निवारण-जिस मनुष्य को व्यापार में परेशानी हो उसे शनि के दिन पाँच पतासे अपने हाथों में लेकर चलते जल में छोड़ता जाय और यह कहता जाय कि मेरे व्यापार में फायदा हो यह कार्य पहले दिन करना है दूसरे दिन सवा किलो गेहूं ग्यारह मुट्ठी जल के किनारे उसी तरह बोलकर छोड़ो फिर तीसरे दिन आटे की गोली बनाकर बोलकर छोड़ो चौथे दिन दूध छोडो पाँचवें दिन इस सब चीजों को ले जाकर साथ में सवा मुट्ठी चावल जमीन पर रखकर उसके सामने बाकी सामान चढ़ा दो और एक दिया बनाकर तेल डालकर चावलों के ऊपर रख दो।

दुकान कम चलना

निवारण-घर के कूड़े को 41 दिन तक झाड़ू लगाकर घर में इक्ट्ठा करते रहो, 41वें दिन कूड़े को अग्नि में जलाओ और जो राख बने उस राख को अपने पास रखो, रोजाना उस राख को पानी में डालकर छींटा लगाओ, दुकान फैक्ट्री सब कुछ अच्छी प्रकार चलने लगेगा।

दुकान पर किसी के कराने का डर

निवारण-बबूल के पेड़ की छाल गुग्गल शहद गाय का दूध पीपल की लकड़ी इन पाँचों चीजों को लाकर दुकान के अन्दर गायत्री माता का हवन कराने से ऊपर की गई वह सब हट जायेगी।

मुँह पर दाद या सफेद सीप

निवारण-इतवार के दिन 5 मीठे चिल्ले बनाओ और जिसके मुख पर दाद या सफेद सीप हो गये हो वह मीठे चिल्ले यमुना या गंगा नदी पर चढ़ावे चेहरा साफ सुथरा हो जायेगा।

आँख फड़कना

निवारण-धोबी घाट की मिट्टी उस आँख पर लगाओ जो फड़कती हो वह आँख शान्त हो जायेगी। आँख फड़कने से कोई हादसा नहीं होता यह बहम है ऐसा कुछ भी नहीं है यह आँख फड़कना शारीरिक क्रिया है जो शरीर से उत्पन्न होती है बल्कि किसी खतरे को जन्म नहीं देती। अगर बहम हो जाय तो जो ऊपर निवारण लिखा हुआ है वह प्रयोग करो शान्त हो जायेगी।

शरीर के किसी भी हिस्से पर काला निशान

निवारण-कभी-कभी नर-नारी के किसी भी हिस्से पर काला दाग बन जाता है बिना चोट बगैरा लगे बन जाता है, मनुष्य उसे अशुभ मानते हैं। उसका निवारण चुल्हें की मिट्टी जिस चुल्हें पर खाना पकाया जाता है और दोनों तरफ से मिट्टी फूंक जाती है वह मिट्टी काले दाग पर लगाओ गर्म-गर्म लगानी है यह दाग अशुभकारी होता है रिश्तेदारी घर बाहर जो भी अपना सम्बन्ध रखता हो उस पर पीड़ा आ सकती है इसका निवारण ऊपर दे दिया है।

शरीर के अन्दर काला दाग

निवारण-जिस नारी या बच्चे पर फुन्सी होकर या कटने का दाग पड़ जाता है उसके लिए सरसों के तेल को मिट्टी के बर्तन में डालों और उसमें ग्यारह लौंग और बबूल के फूल अपनी बुद्धि के

अनुसार डालों और जमीन में गाड़ दो ग्यारह दिन तक गड़ा रहने दें ग्यारह दिन बाद निकालकर रोजाना उस निशान पर मालिस करें।

जब आप घर से निकले कोई टोक दे

निवारण-अपने रूमाल से भिगोकर निचोड़ों और अपने पैरों से लेकर मुख तक उस रूमाल को फिरा दो रास्ते में चलता हुआ मनुष्य भी इस कार्य को कर सकता है, पानी तो हर जगह मिल जाता है और एक गिलास पानी पियें इससे निवारण तुरन्त हो जायेगा।

मनुष्य जब किसी मनुष्य की मौत देख लेता है या जाना पड़ जाता है घबराना

निवारण-जब मनुष्य किसी रास्ते या अड़ोस पड़ोस में ऐसा हादसा देख ले और उस मनुष्य को सहन न होता हो, आदमी जब यह देखने के बाद जहाँ कही भी स्नानघर रिश्तेदारी में जा रहा हो और अचानक ऐसा देख ले तभी पहुंचकर किसी बर्तन में पानी भरो भरकर सूर्य की रोशनी में रखों और अपना चेहरा 2 या 3 बार देखो फिर गीला कपड़ा उस पानी में करो और सिर पर बाँधकर लेट जाओ थोड़ी देर तक लेटे रहो सब कुछ शान्त हो जायेगा।

मनुष्य कभी-कभी हादसा होने से बाल-बाल बच जाता है घर पर आकर उसका निवारण करना चाहिए

निवारण-मनुष्य जब यात्रा करता है या घर पर अचानक कोई दुर्घटना होने से बच जाता है ईश्वर की कृपा समझिये और उसका निवारण कीजिए, ग्यारह दिन तक केले को छीलकर उस पर चीनी लगाकर चींटियों के घर पर जाकर बैठ जाईये और टुकड़े करके

रख दीजिए जब चीटी उस पर न आ जाय उठिये मत बैठे रहिये जब चींटी केले के टुकड़ों पर खाने के लिए आ जाय तक घर आईये।

जिस दिन मनुष्य दुर्घटना होने से बच जाये उस घर पर आकर अगले दिन सुबह पाँच कन्याओं को भोजन करायें और उनके चरणों को स्पर्श करें यह विधि ऐसी दुर्घटना होने से जरूर करनी चाहिए इसके करने से निवारण हो जाता है।

कभी–कभी बच्चा बहुत रोता है माता–पिता परेशान हो जाते हैं

निवारण-जो बच्चा अधिक रोता है सबसे पहले उसका पेट चैक करवाईये क्योंकि अधिकतर छोटे बच्चे जो माता का दूध पीते हैं पेट में कीड़े होने के कारण रोते हैं क्योंकि पेट में दर्द होता है। माता–पिता को पता नहीं चल पाता है और अगर ऐसा नहीं है तब उस बच्चे पर पाँच चिराग जलाकर पाँच बार उसके ऊपर को उतार कर केले या पीपल के पेड़ पर रख दो या बच्चा साथ लेकर जाओ और वहींपर जलाओ तेल डालो और उतार दो तुरन्त ठीक हो जायेगा।

छोटे शिशु पर नजर भी लगती है

निवारण-शिशु की माता सुबह के समय सोने से उठे तभी उस बच्चे के मुख में अंगुली से बच्चे का थूक निकाले और उसके माथे पेट पैर पर लगा देवें ऐसा करने से नजर नहीं लगेगा।

शिशु के ऊपर पाँच बार आटा उतार कर सरसों के तेल में रोज पाँच दिन तक डाल दें और फिर उस तेल और आटे को कुत्ते को खिला दें इस विधि के होने से शिशु पर नजर नहीं लगेगी।

खून का दोर कम होना

निवारण-सिर से नीचे को करके पैर ऊपर को करें और ऐसा पाँच बार करें पहले बार से लेकर आखिरी बार तक एक–एक लौंग

चबाये जब लौंग पूरी तरह चबा ली जायेगी तभी आसन से वापिस हो ऐसा करने से खून का दोर ठीक हो जायेगा। सवा महीने तक लगातार करने से खून का दोर कभी भी कम नहीं हो सकेगा एक दिया तेल का सिर के पास जला देवें और आँखों के तारे लौ पर लगावें।

खून का दोर ज्यादा होना

निवारण-घी का दीपक जलाओ और आसन लगाकर बैठ जाओ जमीन पर आसन लगाओ और निगाहें उस दिये की लौ पर लगाये रखो और श्वांस को ऊपर नीचे रोक–रोक कर छोड़ें जितनी देर लो पर निगाहे रखें पलक न झपकायें देखते रहे और श्वांस को रोके रखें बार–बार ऐसा करने से खून का दोर कभी भी ज्यादा नहीं होगा। सवा महीना लगातार करे और अगर बीच में कभी ऐसा हो जाय तभी सवा महीना फिर दोबारा करे अगर दो बार करने की जरूरत पड़ी तो समझों कि जो पहली बार किया था उसको ठीक प्रकार से नहीं किया क्योंकि सही नियम से सवा महीना किया जाय तो पूरे जीवन दोबारा खून का दौर ज्यादा नहीं हो सकता।

पेशाब में सफेदा आना

निवारण-आग में जमान ढाई ग्राम भुनो उसको केले के छिलके से सवा महीना तक खाओ सुबह के समय और गुड़ चले सोमवार के दिन केले पर चढ़ाओ और तेल का दीया जलाओ सवा महीना लगातार करने से यह बीमारी समाप्त हो जायेगी।

सुबह के समय पाँच गिलास पानी पीयो उसके बाद और कार्य करो और बीसों अंगुलियों को सुबह के समय जमीन पर पंजों के बले खड़े हो जाओ और फिर दसों अंगुलियों पर खड़े रहना है और हाथों की अंगुलियों को दीवार से लगाना है फिर पानी पीना है। इक्कीस दिन तक लगातार करने से आन्तरिक रोग समाप्त हो जायेगा।

घर के बाहर टोटका किया हो

निवारण-दो जोड़े पान के बावन लौंग के जोड़े सात मिठाई, बाबन चूड़ी, सिन्दूर के मिठाई पर सात टीके लगाकर चलते जल में शनिवार की रात को जल में प्रवाहित कर दो और चार बत्ती का तेल का दिया नदी के किनारे जला दो जब इस सामान को छोड़ने जाओ तभी यह दिया जलाकर आना है पीछे की तरफ मत देखो। ऐसा करने से सदैव के लिए टोटका काने वाले से छुटकारा मिल जायेगा।

जब कोई अधर्मी मनुष्य रोज–रोज घर के सामने टोटका करे तो उसके लिए रात के समय तीन लड्डू और साबुत उड़द ढाई सौ ग्राम उबाल कर तीन दिन तक चौराहे पर रखें और तीन दिन तक गतवाडे और तालाब पर मीठे पूड़े चढ़ावे और पास के पीर पर वीरवार के दिन मीठे चावल चढ़ावे, अगर किसी भी मनुष्य के साथ ऐसा व्यवहार होता है तो वह उसी समय यह कार्य करे इससे करने वाले अधर्मी को भी दण्ड मिलगा।

नारी के स्तन में गांठ होना

निवारण-ओखली हो या मोमजस्ता हो उसके अन्दर स्तनों पर सात मिर्च लाल और तेल का दिया दोनों उतार कर सात दिन तक ओखली में रखना है या ओखली न हो तो मोमजस्ता जो लोहे पत्थर का होता है उसमें रखो सात दिन तक ऐसा करने से नारी के स्तनों की गांठ समाप्त हो जायेगी।

नारी के स्तनों में दूध बढ़ने के कारण गांठ हो गई हो

निवारण-नारी के स्तनों में गांठ हो जाय तो पाँच बत्ती तेल की बनाकर ऊपर से नीचे तक उतारो और एक रुपया सिक्के वाला बत्तियों के साथ उतारो और उतार कर मिट्टी के बर्तन में डालो ग्यारह

दिन तक ऐसा करने से स्तनों की गांठ घुल जायेगी।

भैंस का दूध सुखने का रोकने के लिए

निवारण-मंगलवार के दिन भैंस के खूटे पर तेल का चिराग जलाओ पाँच मंगलवार और इस कार्य को शाम के अन्धेरे में मंगलवार के दिन करना है और चिराग के सामने दूध रख दो 50 ग्राम और उस दूध को कुत्तों को पिला दो ऐसा करने से भैंस अच्छी प्रकार दूध देने लगेगी।

भवन निर्माण सम्बन्धी टोटके से उपाय

निवारण-सवा फुट जमीन खुदाई करो जहाँ पर भवन निर्माण करना हो शनिवार के दिन उस गड्डे में सरसों का तेल भर दो और हर शनिवार उस गड्डे में पाँच गेंदा के फूल और सवा सौ ग्राम दूध डालो और हाथ जोड़ दो पाँच शनिवार ऐसा करने के बाद भवन निर्माण करो सम्पूर्ण हो जायेगा और बिजनेस या घर कुछ भी बनाओगे सम्पूर्ण चलेगा और कभी भी कोई रूकावट या किसी ऊपरी अघोर हवा का असर नहीं होगा वह जगह हरी भरी रहेगी।

रोग मुक्ति के लिए

निवारण-शनिवार के दिन काले तिल और तेल किसी कपड़े में डालो कपड़े का रंग काला होना चाहिए सवा सौ ग्राम काले तिल कपड़े में बाँधो और उसे पीपल पर टांग दो हर शनिवार को उसमें तेल डालो रोगी के हाथों से लगा हुआ होना चाहिए सात बार वह तेल पीपल के शरीर पर टपका कर आ जायें और हर शनिवार तेल का उसी पीपल के नीचे चिराग जलाओ ऐसा करने से रोगी रोग से मुक्त हो जायेगा।

सन्तान सम्बन्धी

निवारण-जिस नर–नारी की आयु जितनी हो उतने ही पेड़ों के पत्ते तोड़ कर घर पर लावें और उन्हें सरसों के तेल में डूबो देवें बर्तन

मिट्टी का बड़ा होना चाहिए और रोज एक पत्ता और थोड़ा तेल उस बर्तन में से नारी निकाल कर गाय के सींगों पर लगाये और एक पत्ता रोजाना गाय को खिलाये और साथ के साथ आटे का पेड़ा दूध चीनी तीनों मिलाकर गाय को खिलाये ऐसा करने से सन्तान प्राप्ति होगी। जब यह कार्य सम्पूर्ण हो जाय उसके बाद साड़ और गाय दोनों को खीर पूरी खिलायें और पूरी उस तेल में बनाये जो बरतन में पत्तों के साथ डाला हुआ है। वह इतना होना चाहिए कि उसमें पूरी उतारी जा सकें।

कार्य सिद्धि

निवारण-पीपल के पेड़ पर कलावे की चारों तरफ इक्कीस दिन तक गांठ लगावें और हर रोज संकल्प करके कहें कि हे पीपल वनस्पति मेरा कार्य सिद्ध कर दे, मैं आपकी शरण में आया हूँ यह गांठ लगाकर पीपल पर जल चढ़ा देवें इक्कीस दिन के अन्दर–अन्दर कार्य सिद्ध हो जायेगा।

दूरी से उधार गया माल के बदले धन मंगाने हेतु

निवारण-पीपल की जड़ में कलावे की चारों तरफ पाँच गांठ लगा दो और हर शनिवार को धन मंगाने का भाव नाम लेकर एक जायफल एक गांठ पर बांधना है। यह कार्य विधि पाँच शनिवार करनी है। इस विधि के करते समय के अन्दर जिस मनुष्य पर धन चाहिए वह भिजवा देगा।

दृष्टि दोष

निवारण-जिस पर दृष्टि दोष हो बहुत ज्यादा हो तो किसी अनजान जगह जमीन में 8 अंगुल का गड्डा करो और जिस पर दृष्टि दोष हो उसके ऊपर को तीन दिन लगातार पॉच नमक की डली, पाँच

लौंग और पाँच साबुत लाल मिर्च सात बार उतार कर उस गड्डे में डालकर फूंक दें। तीसरे दिन जब अन्तिम बार करो करने के बाद उस गड्डे को जो मिट्टी निकली हो उसी से भर दें। इस विधि के करने से बीमार आदमी भी ठीक हो सकता है और नजर कितनी भी बुरी लगी हो वह तीन दिन में पूर्ण रूप से उतर जायेगी।

चुडेल के उतारने का टोटका

निवारण-पाँच तेल की बत्ती जलाओ और गुग्गल की धुनी जलाओ, पाँच मिर्च उस बीमार पर से उतार कर एक–एक बत्ती पर एक–एक मिर्च फूंकों और यह कार्य करने के बाद मीठा चावल बनाकर वीरवार के दिन शाम अन्धेरे में पीर पर चढ़ाओ और शनि से शनि तक तीन लड्डू और एक पाव उड़द उबाल का साबुत चौराहे पर रखो इसी के बीच में एक दिन मीठे चावल किसी तालाब पर चढ़ाओ शाम के समय यह कार्य करने से चुडेल सिर से उतर जायेगी। बीमार करे तो बहुत अच्छा होगा अगर दूसरा आदमी करे तो बीमार से सात बार उतार कर ले जाय यह विधि करने से चुड़ेल उतर जायेगी फिर सवा महीने तक गुग्गल की धुनी घर में जलाओ और गंगाजल का छींटा लगाओ।

बालक के रोना बन्द करने के लिए

निवारण-कोंवा के पंख या किसी काले पक्षी के पंख बच्चे की जेब में रख दो या फिर बच्चे की तकिया के नीचे रख दें और तेल का चिराग जलाकर उस पंख से रोजाना बच्चे को सात बार झाड़ा लगावें। यह विधि करने से बालक रोना बन्द कर देगा।

बालक पर मसान रोग के लिए

निवारण-जिस बालक पर मसान रोग हो, बबूल के पेड़ के नीचे 40 दिन तक दिया जलायें दीया तेल का होना चाहिए, खुद बालक को साथ लेकर जायें और उसी बबूल की छाल को घर पर

लाकर कूटकर बारीक बना लें और उसका सेवन प्रतिदिन शहद से करें, जब चालीस दिन पूरे हो जाय उस बबूल के पेड़ के चारों तरफ पाँच तेल के दीपक बच्चे पर से पाँच बार उतार कर रख दें और बेसन का हलवा चढ़ा देवें। यह विधि करने से बच्चा ठीक हो जायेगा।

स्वयं रक्षा करने का टोटका

निवारण-जिस मनुष्य को शरीर रक्षा कवच की जरूरत हो वह मनुष्य पीपल की जड़ ग्यारह दिन पीपल की जड़ों में तेल की ज्योत लगायें शनिवार से चालू करें फिर ग्यारह दिन तक यह कहकर ज्योत जलावें कि पीपल देव मुझे शरीर रक्षा कवच दो मैं आपकी सेवा पूजूंगा यह वाक्य रोज दोहरा देवें और ग्यारहवें दिन फूल और मीठा प्रसाद चढ़ाकर जड़ों में से एक छोटी जड़ काट कर ले आयें। उसको लाल कपड़े में बांधकर साथ रखें यह विधि करने से मनुष्य के ऊपर किसी प्रकार का किया–कराया का असर नहीं हो सकता है।

टोने–टोटके पर टोटका

निवारण-अपने घर में कोई मनुष्य टोटका करे उसको रोकने के लिए लकड़ी की हांड़ी बनाओ उसमें ग्यारह मिठाई साबुत उड़द एक मुट्ठी मीठे चावल पकाकर एक मुट्ठी पाँच पूडे मीठे तीन लड्डू उसमें रखकर और अपने घर की मिट्टी और घर के चारों तरफ की मिट्टी सब कुछ उस लकड़ी की हांडी में डालकर जमीन में गाड़ दो। ग्यारह दिन बाद उस हांडी को निकालकर ले आओ और जो सामान हो उसे वहीं पर छोड़ दो और हांडी को फिर धोकर अपने घर में स्थापित कर दो और कभी–कभी शनिवार के दिन उसके आगे तेल का चिराग जला दो, उस घड़ी में पाँच मुट्ठी चावल डाल दो। यह विधि करने से किसी प्रकार का टोना टोटका असर नहीं करेगा कोई कुछ भी करे उस हांडी पर भरोसा रखना है।

जिस मनुष्य को किसी के किये–कराये दोष होने का शक हो

निवारण-जिस मनुष्य पर ऊपरी दोष होने का डर हो उस मनुष्य को बरगद के पेड़ पर पाँच चूड़ी लाल माता, काली माता का नाम लेकर और प्रत्येक चूड़ी पर उस मनुष्य का नाम लो जिसने तुम्हारे घर में कराया हो और उन चूड़ियों को बरगद की डाली में टांग दे।

भैंस का दूध बढ़ाने के लिए

निवारण-साबुत कच्चा आंवला पॉच पीस, इक्कीस साबुत इलायची, पॉच सौ ग्राम गुड़ इस सामान को बड़े कपड़े में बॉधकर पाँच दिन तक किसी ऐसी जगह पेड़ पर बॉध दो जहाँ पर कोई न जाता हो क्योंकि यह सामान दिखना नहीं चाहिए, वह सामान जो पेड़ पर बांधा है उस सामान को रोज हाथ जोड़कर आओ। यह कार्य पॉच दिन तक करना है फिर उस सामान को पॉचवें दिन घर ले आओ और उसे पकाकर रोज पॉच दिन तक एक बार किसी बर्तन या नाली से भैंस को पिलाओ जब तक भैंस का दूध देने का पूरा समय होगा पूर्ण रूप से दूध देगी।

भैंस की नजर उतारने के लिए

निवारण-भैंस की नजर उतारने के लिए पॉच मिर्च गुग्गल की धुमनी जलाओ अलग से और पाँच मिर्च तेल में भिगोकर भैंस के सिर से पीछे तक उतारो जब तक यह कार्य करें गुग्गल की धुमनी जलती रहे और जब मिर्च उतार पॉच बार उनको गड्डे में डालो और भैंस के नीचे की मिट्टी डालो फिर उसमें आग लगा दो। यह विधि करने से भैंस पर नजर नहीं लगेगी।

घर के सामने टोटका काटने के लिए

निवारण-घर से जो चौराहा पास में पड़ता हो उस चौराहे पर या दूर के चौराहे पर शनिवार से शनिवार तक 300 ग्राम साबुत उड़द उबाल कर तीन लड्डू रोज अंधेरा होते ही रख दो और वीरवार के दिन मीठे चावल ढाई सौ ग्राम बनाकर पास वाले पीर पर चढ़ा दो ऐसी विधि करने से उन आदमी पर जो इस कार्य को करता है उसी को नुकसान पहुंचेगा और जब नुकसान पहुंचेगा करने वाला बन्द कर देगा।

पुत्री की शादी होने के लिए

निवारण-मंगलवार के दिन गऊ माता को गुड़ और बिना नमक की रोटी खिलाओ और सवा मुट्ठी चीनी, सवा मुट्ठी चावल और सवा पाँच रुपये एक सवा मीटर सफेद कपड़े में बाँधकर किसी एकान्त स्थान में घर के अन्दर रख दो और हर इतवार को दो घी के चिराग लगाओ सवा महीना लगातार लगाओ और सवा महीने के बाद हर अमावस्या को चिराग जलाओ जब पुत्री की शादी हो जाय यह सामान गंगा जी ले जाकर प्रवाहित करना है।

पुत्र की शादी कराने के लिए

निवारण-इतवार के दिन साँड को गुड बिना नमक की रोटी खिलाओ और सवा मुट्ठी चावल सवा मुट्ठी चीनी और सवा पाँच रुपये सफेद कपड़े में बाँधकर रख दो हर अमावस्या को घर में दो चिराग लगाओ और गाय और सांड दोनों को बिना नमक की रोटी खिलाओ, शादी होने के बाद जो सामान रखा गया था, वह गंगा जी में जाकर प्रवाहित करना है।

पिता-पुत्र में प्यार होने के लिए

निवारण-साबुत दाल उड़द की पिता के हाथों हर शनिवार को काले कौए को खिलायें उड़दों को भिगो देवें और कूट लेवें कूटने

के बाद गुड़ और सरसों का तेल मिला देवें फिर मिलाने के बाद कुत्तों को डाल देवें और कोए को खिला देवें पाँच शनिवार तक करने से पिता–पुत्र में प्यार हो जायेगा।

यदि किसी मनुष्य के घर में झगड़ा होता हो ऊपरी किया कराया हो

निवारण-पाँच तेल के दिये जलाओ और प्रतिदिन शनिवार को शाम रात होने पर पीपल पर ले जाकर जलाओ इतवार से लेकर शनिवार तक सात दिन यह विधि करो फिर सात दिन सबके ऊपर तेल में उतारी हुई पाँच पूरी अपने ऊपर उतार कर और पाँच मिठाई कुत्तों को सात दिन खिलाओ यदि घर में किसी का कुछ किया कराया होगा सब समाप्त हो जायेगा।

पुत्र पिता का कहने में चलाने के लिए

निवारण-सरसों के दाने मुट्ठी में लेकर पाँच बार पुत्र की चारपाई के चक्कर लगाओ दिन पूर्णमासी की रात हो जब चन्द्रमा पूर्ण दिखता हो चलते जल में प्रवाहित करना है। यह कार्य पढ़े परन्तु किसी को अपनी जुबान से मत बताओ कि मैंने ऐसा किया है अगर ऐसा करोगे तो फायदा नहीं होगा, पाँच पूर्णमासी करना है।

बहु–सास में शान्ति कराने के लिए

निवारण-बहु सास की चारपाई में सोने के बाद पाँच बार मुट्ठी में चावल लेकर चक्कर लगाये दिन शनिवार का होना चाहिए और वह चावल हर शनिवार के दिन काले कौएं को डाल देवें। यह कार्य पाँच शनिवार करना है, बहु सास के लिए करे या सास बहु के लिए करे दोनों कर सकती हैं।

ससुराल में विवाद होने के कारण पुत्री मायके से ससुराल भिजवाने के लिए

निवारण-चार नींबू काटकर और लड़की के ससुराल की उस सदस्यों की मिट्टी जिसके कारण झगड़ा होने से पुत्री पिता के घर हो। उसके पैर की मिट्टी उठाकर लाओ और चारों नींबू को काटकर उस मिट्टी को नींबू में भरकर चूल्हें की जो गर्म राख हो उसमें दबा दो। यह कार्य हर शनिवार को करना है मिट्टी सिर्फ एक बार ही लानी है। वह मिट्टी की हर शनिवार को चलेगी। ऐसा करने से पुत्री ससुराल चली जायेगी, सब परिवार सुख शान्ति में हो जायेंगे।

शराब छोड़ने का टोटका

निवारण-जो मनुष्य शराब पीता है और शराब पीनी छोड़ना चाहता है उसे रोज अपने आंगन में शाम को अंधेरे में चालीस दिन लगातार तेल का दिया जलाये और यह कहकर जलाये कि हे धरती माता में आपकी शरण में हूँ और मैं शराब पीने की बुराई छोड़ना चाहता हूँ यह वाक्य कहे और फिर अपने घर में आकर 108 बार ॐ का मनन करे ऐसा करने से शराब छूट जायेगी, जो मनुष्य इस विधि को सही तरीके से प्रतिदिन चालीस दिन करेगा वह शराब के पास भी नहीं जायेगा।

नशीले पदार्थ छुड़ाने के लिए

निवारण-गाय को चालीस दिन तक रोटी और गुड़ लगातार खिलाओ और गाय मूत्र का शाम के समय सेवन करो पाँच ग्राम या 10 ग्राम अगर आप ऐसा करोगे तो नशीले पदार्थों से तुरन्त छुटकारा मिल जायेगा, पीने खाने के लिए दिल नहीं करेगा।

पढ़ाई में मन लगाने के लिए

निवारण-सुबह या शाम के समय घी की ज्योत जलाकर उसके सामने आसन लगाकर सिर्फ आधा घंटा बैठो और उस ज्योत पर एकटक देखते रहो और श्वासं को ऊपर नीचे अपने आप मस्त होकर चलते रहने दें और ओम का मनन करते रहो चालीस दिन तक ऐसा करने से तुम्हारा मन माता–पिता–परिवार और पढ़ाई में लग जायेगा।

मिर्गी के लिए

निवारण-मिर्गी के दौरे के लिए सिर की क्रिया का कार्य है, दीवार के साथ चालीस दिन तक सिर नीचे और पैर ऊपर करके सात बार करो और घी का दिया जलाकर जिधर मुख आये उधर रखो और जब दीवार पर यह आसन करो तभी आंखों से दिये की लौ को देखते रहो और इक्कीस बार ओम का नाम लो शुरू में कम लिया जाय परन्तु बाद में इक्कीस बार पूरा नाम आसन करते हुए करो और गायत्री महामन्त्र की माला रोज करो यह विधि करने से मिर्गी का दौरा कभी नहीं पड़ेगा।

आग से जल जाने के बाद तुरन्त टोटका

निवारण-जल जाने के बाद इक्कीस दिन तक शिवलिंग पर जल चढ़ाओ और घी का दिया जलाओ और जो पानी बहकर नीचे गिरता है शिवलिंग से उसे ओट कर घर ले आओ रोजाना उस जल का सेवन करो और सुबह उठकर अपना थूक और देशी घी दोनों को मिलाकर लगाओ थूक सुबह का शुरू वाला होना चाहिए दोनों को मिलाकर लगाओ जहाँ से जला हो ऐसी विधि करने से निशान भी समाप्त हो जायेगा।

आधा शीशी दर्द

निवारण-चालीस दिनों तक एक घी की ज्योत लगाकर अपने सिर के चारों तरफ घुमायें और उस ज्योत को बाहर आंगन में किसी गमले में रख दें और फिर चावलों को भुन कर दस चावल खायें चबायें और दस कच्चे चावल अपने ऊपर पाँच बार उतार कर ज्योत में डाल दें यह विधि करने से आधा शीशी का दर्द समाप्त हो जायेगा।

बायसुल का दर्द

निवारण-नमक का पानी उबाल कर उसमें ढ़ाई सौ ग्राम सरसों डालें पानी उबालें और पेट को कपड़े से धीरे आराम से गर्म पानी से झाड़ें और ऊपर से नीचे तक तेल का दिया जलाकर आंगन में रख दो। यह विधि करने से बायसुल का दर्द ठीक हो जायेगा।

कण्ठमाला ठीक करने के लिए

निवारण-बबुल की डाली तोड़ कर उसके ग्यारह टुकड़े करो और उसको पीले धागे में पिरो कर गले में डाल देवें और रोजाना ग्यारह दिन तक बबूल के पेड़ के नीचे जड़ों में तेल का चिराग अपने हाथों से जलायें यह विधि करने से कण्ठमाला ठीक हो जायेगी।

कोढी के दर्द के लिए

निवारण-सीधे धरती पर लेटकर नाभि (सूंडी) के ऊपर मिट्टी तेल का दिया पॉच दिन सुबह के समय जलायें पाँच मिनट तक जलाते रहे और बाद में वह तेल जो दिये में हो उसे नाभि के ऊपर लगा देवें। इस विधि के करने से कोढी डिगी हुई ठीक हो जायेगा।

खसरा ठीक करने के लिए

निवारण-खसरा ठीक करने के लिए हींग सवा सौ ग्राम लाल कपड़े में बाँधों और गले में बाँध दो और रात के समय पचास ग्राम

आटा उस पर उतार कर हथेली पर लेकर होंठों से बाहर की तरफ फूंक मार दो इस विधि के करने से खसरा ठीक हो जायेगा।

गर्भ रोधक

निवारण-जिस नारी को गर्भ नहीं रुकता उसके लिए विध अपने पैरों की मिट्‌टी की गांठ काले कपड़े में बाँधों और मिट्‌टी का बड़ा दिया लो उसमें तेल भरो और जलाओ और वह मिट्‌टी उस दिये में गांठ सहित डाल दो और फिर सात बार ऊपर से नीचे तक उतारो फिर उस दिये को बाहर आंगन में गमले में रख दो गमला किसी पौधे का जरूर लेना है। जब ग्यारह दिन बीत जायें फिर उस दिये को और गमले को बहते जल में छोड़ दें यह विधि करने से गर्भ धारण हो जायेगा।

गर्भ स्थापक

निवारण-जिस दिन गाय बछड़ा देवें उस दिन उस गाय के नीचे की मिट्‌टी उठा लेवें और गाय के घी के ग्यारह दिन तक दिया जलावें और उस मिट्‌टी को पीले कपड़े में बॉधकर अपने पेट से बाँध देवें तगड़ी की तरह तब तक न खोले जब तक गर्भ स्थापित नहीं होता और जब स्थापित हो जाये उस मिट्‌टी को नौ महीने तक मिट्‌टी के छोटे बर्तन में रख दें और उसके सामने गाय के घी का दिया जलाते रहें घर का कोई भी दिया जला सकता है। इस विधि के करने से गर्भ धारण भी हो जायेगा और सुरक्षित भी रहेगा, जब बच्चा जन्म ले ले फिर उस मिट्‌टी के बर्तन को जिसमें मिट्‌टी रखी है मिट्‌टी सहित गंगा या यमुना में प्रवाहित कर देवें।

गूंगापन ठीक करने के लिए

निवारण-कछुवे की खोपड़ी में पाँच बादाम पानी डालकर रोजाना भिगो देंवे शाम को भिगोवे और सुबह के समय उस पानी को

पीवें और जिस दिन करना शुरू करें उसी दिन पीपल के पेड़ की खोखर में घी का दिया जलाकर आवें और जिस दिन चालीस दिन हो जावें उस दिन फिर पीपल की खोखर में दिया जलावें बाकि दिन खोपड़ी में बादाम भिगो देवे और पानी पीते रहें जब पीपल पर दिया जलावें संकल्प करें कि यह बच्चा चालीस दिन में बोलेगा तो मैं प्रसाद और दिया जलाने आऊँगा। इस विधि के करने से बच्चा बोलेगा।

किसी अघोरी भगत से मनुष्य डरता हो उसके लिए

निवारण-ग्यारह दिन तक पीपल पर दूब की जड़ पर उस अघोरी भगत का नाम लेकर कि वह मुझे तंग न करें और जो भी करे वह खुद भरे कहकर तेल की ज्योत जलाओ और दूब पर कलावे की पाँच गांठ लगाओ पॉच बार ही पीपल पर दूब रखते समय भगत के बारे में यह वाक्य बोलो, ग्यारह दिन तक रोजाना इसी तरह से करो कोई भी भगत कुछ नहीं बिगाड़ सकता। यह विधि लगातार करनी है बीच में छूटनी नहीं चाहिए।

घाव गले सड़े को ठीक करने के लिए

निवारण-बबूल की कोमल पत्ती रोजाना चबाओ और बबूल की छाल को कूटकर कपड़छान करके उसमें शहद मिलाओ रोजाना अपने घावों पर लगाओ और एक दिनया अपने ऊपर तेल का जलाकर उतारो पाँच बार उतार कर अपने आंगन में रख दो इस विधि को करने से घाव ठीक हो जायेंगे।

चुहें भगाने के लिए

निवारण-ग्यारह दिन पीपल पर गुड़ और चने चढ़ाओ और जिस दिन जलाओ उस दिन अपने घर की धूल पीपल की जड़ों में

रखकर बोलो कि मेरे घर से चुहें चले जावें मैं ग्यारह दिन तक पीपल देव दिया जलाऊँगा और गुड़ चना चढ़ाऊँगा। इस विधि से चुहें चले जायेंगे इसके बीच में अशब्द न बोलों।

जुँए निकालने–भगाने के लिए

निवारण-पाँच बत्ती नीम के तेल से जलाओ और सिर के ऊपर से उतारो और उतार कर नीम के पेड़ के नीचे रख दो और बोलो कि जुएं उतार कर अपने पास ले आओ, पाँच दिन तक यह विधि करनी है। फिर नीम का तेल बालों के अन्दर लगाओ।

चेहरे का दाग–झाईया ठीक करने के लिए

निवारण-मौसमी के हरे छिलके शाम को पानी में भिगो देवे और सुबह के समय उसको पिये और चेहरा उसी पानी से धोवें और एक दिया गाय के घी का लगावें जब घी दिये में गर्म हो जावे उसको रात के समय चेहरे पर मलें इस विधि से चेहरे के दाग ठीक हो जायेंगे झाईयां भी ठीक हो जायेंगी।

जिगर रोग को ठीक करने के लिए

निवारण-गन्ने का रस और मूली को दोनों को सुबह शाम खावें और अपने ऊपर से तेल का दिया जलाकर रोजाना सीधा लेटकर पेट पर खें जितनी देर रख सकते हो फिर उस दिये को मिट्‌टी में दबा देवें ग्यारह दिन तक यह विधि करें जिगर ठीक हो जायेगा।

तृतीया चतुर्थी या ज्वर उतारने के लिए

निवारण-ऑख का पेड जो घर से कुछ दूरी पर हो उसके नीचे शनिवार से शनिवार तक तेल की ज्योत जलाओ और पॉच पूड़े मीठे और पॉच पतासे, पाँच लौंग अपने ऊपर से उतार कर रोज ऑख पर चढ़ाओ और जब बुखार उतर जाय मीठा प्रसाद बांट दो खाने में

लौंग पानी में उबाल कर पिलाओ।

खुजली दाद ठीक करने के लिए

निवारण-बबूल की जड़ों को तेल सरसों का हो में उबालो और नीम की छाल भी तेल में डाल दो दोनों जड़ों और छाल को साथ-साथ उबालों और वह तेल शीशी में डालकर रखो रोजाना मालिस करो और अपने ऊपर से पाँच चीले मीठी रोटी उतार कर और पाँच पतासे उतार कर इतवार के दिन नदी में प्रवाहित कर दो इस विधि के करने से खुजली दाद ठीक हो जायेगा।

दिल का रोग ठीक करने के लिए

निवारण-गाय का घी में लहसुन भूनकर सुबह के समय एक पोथी लहसुन की और आधी पोथी शाम रात को शहद से सेवन करें और आग जलाकर लहसुन की धुमनी धुआ निकाल कर सूंघे चालीस दिन ऐसा करने से दिल का रोग समाप्त हो जायेगा। सबसे पहले दिन छः वर्ष की कन्या से अपने ऊपर को उतार कर घी का दिया घर के आंगन में लगवा दें। यह विधि करने से दिल की तकलीफ दिल घबराना ठीक हो जायेगा।

पागलपन ठीक करने के लिए

निवारण-शुक्ल पक्ष से लेकर पाँच पूर्णिमा तक उपले जलाकर शहद और गाय का घी गुग्गल मिलाकर हवन करें और रात के समय पाँच दिये अपने आंगन में तेल के जलाकर साठ वर्ष के बूढ़े के हाथों से पागल बीमार के ऊपर से नीचे तक पाँच बार उतारकर रख दें और जिस दिन शुरू करें गंगाजल का छींटा लगावें और जब पूर्ण रूप से ठीक हो जाय गंगाजी में नहला दें। इस विधि के करने से किसी प्रकार से पागल हुआ हो वह ठीक हो जायेगा।

पीलिया रोग के लिए

निवारण-बबूल की जड़ों में ग्यारह दिन तक दिया जलावे और बबूल के नीचे जाकर बैठें और बबूल की कोमल कलियां चबाते रहे ऐसा करने से पीलिया रोगी ठीक हो जायेगा या फिर बबूल की छाल को कूटकर कपड़छान करके शहद में मिलाकर खायें दो प्रकार की विधि करने से पीलिया रोगी ठीक हो जायेगा।

पुत्रदा योग

निवारण-गाय जहाँ पर बांधी जाती है उसके खूटे पर पाँच दिन तक अपने पेट के नाम का कलावा बांध आयें और सबसे पहले दिन घी की ज्योत जला देवें और फिर रोजाना यह कार्य करें और सूर्यदेव के सामने लोटा सिर ऊपर करके जल चढ़ावें यह कार्य शुक्ल पक्ष से शुरू करें। पुत्र का योग सिद्ध होगा।

प्रसव वेदना

निवारण-प्रसव के समय नारी को परेशानी हो उसके लिए अपने घर के चूल्हें में तेल का दीया जला देवें चूल्हा मिट्टी और ईंटों का होना चाहिए जब भी पीड़ा हो तुरन्त ऐसी विधि करनी चाहिए जिससे प्रसव में परेशानी न हो सके।

बांझपन दूर करने के लिए

निवारण-चूल्हें पर पाँच रोटी सेकों पाँच दिनों के लिए और प्रत्येक रोटी को फिर अग्नि में पूर्ण जला दो जब एक रोटी अपने हाथों से रोज बनाओ और फिर जलाओ यह कार्य पाँच दिनों तक चलेगा फिर पाँच दिनों तक एक रोटी को गाय के घी में भूनो रोज एक-एक रोटी पाँच दिन तक भूनो फिर उस जली हुई रोटी को खाँड में मिला दो फिर पाँच दिन तक अपने ऊपर तेल की पाँच ज्योत जलाकर पाँच बार

अपने पति या सास से उतरवाकर आंगन में रख दो जहाँ से रास्ता बाहर की तरफ जाता है। उस विधि के करने से बाँझपन समाप्त हो जायेगा।

शहद की मक्खी भगाना

निवारण-शहद की मक्खी को भगाने के लिए कपूर जलाकर प्याज के रस का छींटा लगा दो। मक्खी अपनी जगह से उठ कर दूसरी जगह पर चली जायेगी। पाँच दिनों तक यह विधि करनी है।

मस्तिक के रोग के लिए

निवारण-संगमरमर का ढाई सौ ग्राम का टुकड़ा लो और उस पर पैगाम लिखों कि हे सत्यलोक के पत्थर जिसके द्वारा देव पूजे जाते हैं मेरा दुख हरो यह शब्द जब कहने हैं जब उस पत्थर को माथे पर रखकर सीधा लेटकर उस पर इक्तालिस दिन तक रोज घी की ज्योत जलावें और जितनी देर तक सहन कर सकें उतनी देर तक माथे से ज्योत न हटायें और उसी पत्थर को शाम के समय पानी में डाल देवें और सुबह उस पानी को पीवें इस विधि को इकतालिस दिन तक रोज करें मस्तिक पूर्ण रूप से ठीक हो जायेगा।

मस्से ठीक करने के लिए

निवारण-ज्वार का बीज अग्नि में भून लेवें या फिर तवे पर भून लेवें और फिर बीज को पीस लें फिर उसे कच्चे मिट्टी के बर्तन में डाल दें ग्यारह दिन तक उसी बर्तन में सवा सौ ग्राम शहद डाल दें यह कार्य एक दिन करके उसे मिट्टी से बन्द कर दें ग्यारहवें दिन तक उसके सामने तेल की ज्योत लगावें और ग्यारहवें दिन उस बर्तन को खोलें फिर मस्से पर रोज लगावें।

मासिक धर्म खोलने के लिए

निवारण-पीपल के पेड़ के नीचे इक्कीस दिन तक लगातार

नहाना है और शिव पर जल चढ़ाकर जब जल चढ़ावे उस जल को किसी बरतन में ओट कर पी जाओ इक्कीस दिन तक यह विधि करने से मासिक धर्म खुल जायेगा।

मुख में बदबू ठीक करने के लिए

निवारण-देशी शहद को रात को पानी में किसी बरतन में दस बूंद डाल दो और सुबह उठकर पानी को पीयों और शहद से अंगूली या ब्रुश से मुख के अन्दर मंजन की तरह से ग्यारह दिन तक करो। इस विधि के करने से मुख के अन्दर बदबू समाप्त हो जायेगी।

मोती झारा ठीक करने का टोटका

निवारण-साबुत उड़द सवा सौ ग्राम गले में बाँध दो और हिंग को दिन में रात तक पाँच बार सुघों और अपने ऊपर सवा सौ ग्राम कागणी के दाने पाँच बार उतार कर उसके ऊपर घी का दिया जलाओ अपने आंगन के अन्दर कोई पेड़ हो या गमला हो उसके नीचे रख दो इस विधि के करने से मोती झारा ठीक हो जायेगा।

लकवा ठीक करने का टोटका

निवारण-बड़े बर्तन मिट्टी का बना हुआ लाओ और उसमें सरसों का तेल भरो सरसों का तेल भरने के बाद उसके अन्दर रूई की लम्बी बत्ती बनाओ और उस बत्ती को जला दो और जिस पर लकवा हो वह उस बर्तन में पैर रखकर बैठ जाय या फिर उलटा लेट जाय चारपाई की पातों की तरफ वह दीया रख दें, दीये दो होने चाहिए और उन दियों के अन्दर दोनों पैर अलग–अलग रखें और पीछे सिरहाने की तरफ को लेट जाए दूसरा आदमी उसकी देखरेख में रहें जितनी ज्यादा से ज्यादा देर तक रह सके उतनी ही देर तक रहें उतना ही ज्यादा फायदा होगा। इसके साथ–साथ उसी तेल के दीये में से तेल लेकर सिर की मालिस करें और साथ के साथ गायत्री का मनन 24

घंटे लगातार करता रहे यह विधि करने से लकवा ठीक हो जायेगा यह कार्य प्रतिदिन करना है जैसे जैसे फायदा होने लगे उतना ही ज्यादा करना है।

सिरदर्द ठीक करने का टोटका

निवारण-मुनक्का को रात को पानी में भिगो दो और सुबह पानी पियों इक्कीस दिन तक इसी कार्य विधि को करो और अपने सिर के ऊपर पाँच बार उतार कर पीपल के नीचे रखे इस विधि के करने से सिर का दर्द ठीक हो जायेगा।

स्मरण शक्ति बढ़ाने का टोटका

निवारण-सिर को दीवार से लगाकर ऊपर की तरफ करे और पैर नीचे की तरफ करे और जहॉ पर तुम्हारे पैर हो वहाँ पर चोमका चार दीपक तेल के जलाये और सावधान खड़े होकर पाँच मिनट तक दीये की लौ की तरफ निहारते रहें फिर दूसरी कार्य विधि साथ के साथ करे नीचे को सिर करे और पैर ऊपर को करें ओर उस दीये की लौ को निहारते रहे दोनों कार्य कम से कम पाँच बार करना है और सवा महीने तक लगातार करना है बुद्धि बहुत तीव्र हो जायेगी स्मरण शक्ति बहुत ज्यादा हो जायेगी।

हिचकी ठीक करने का टोटका

निवारण-पानी का बर्तन पूर्ण भरकर उसको हथेली पर रखो और दूसरे हाथ से पकड़े रखों पाँच मिटन तक उस पानी को निहारते रहो और उस पानी में एक रुपया का सिक्का डाल दो जिससे निहारने में परेशानी न हो सके फिर वह पानी पी जाओ और दूसरे गिलास को भरकर सूर्य को जल चढ़ा दो। इस विधि के करने से हिचकी तुरन्त ठीक हो जायेगी।

सास–बहु में प्यार कराने हेतु टोटका

निवारण–सवा मीटर काला कपड़ा व पाँच मिठाई रखो और उस पर सिन्दुर के टीके लगाओ और दूसरा कार्य काले कुत्ते के नीचे की मिट्टी लाओ जहाँ पर कुत्ता बैठता हो उसी के नीचे से उठाओ फिर मिठाई और मिट्टी दोनों को मिलाओ फिर जिसको वश में करना हो वह खुद सोते हुए की चारपाई के पाँच चक्कर यह कहकर लगाओ कि यह मेरे वश में रहे और मेरे से प्यार करे और इस सामान को ले जाकर किसी चलते हुए पानी के किनारे रख दें। फिर इसके बाद बन्दर की टट्टी को लाकर उसको पानी में घोलकर शीशी में डाल दो फिर उससे हर मंगलवार को छींटे लगाओ शरीर के ऊपर और जहाँ पर वह रहती हो वहाँ पर।

दुकान कम चलना और किया हुआ ऊपरी क्रिया को दूर करने के लिए

निवारण–गाय की मिट्टी जहाँ पर गाय का खूटा हो गाय एक जगह बाँधने वाली होनी चाहिए। जहाँ पर गाय बाँधी जाती हो उसी जगह की मिट्टी उठाओ फिर मिट्टी का बर्तन लो उसमें आग जलाओ और मिट्टी और गुग्गल को मिलाओ और मिलाकर दुकान के अन्दर सात दिन तक लगातार धूनी से धुआं करो और फिर हर मंगलवार और शनिवार के दिन शाम के समय धूनी जलाओ जो भी परेशानी होगी समाप्त हो जायेगी।

किसी सांसारिक व्यापार को खोलने के लिए जगह पर हवन करना है

निवारण–पीपल की लकड़ी गुग्गल गाय जहाँ बाँधी जाती हो उस जगह की मिट्टी इन तीनों चीजों को मिलाकर सात दिन तक

हवन करो घी का चिराग सात दिन तक जलाओ और सोमवार से सोमवार तक व्यापार करने का सामान रखो व्यापार बहुत अच्छी प्रकार चलेगा कभी–कभी इस जगह हवन करते रहो।

बाप से बेटों की न बनती हो और हिस्सा देने में आनाकानी करता हो

निवारण-शनिवार के दिन अपनी मुट्ठी में चावल लेकर उन सदस्यों के हाथ चावलों में लगवाओ जो हिस्सा देने में मना करता हो और उन चावलों को किसी ऐसे गरीब आदमी को दो जिससे उन चावलों को खा सके और वह चावल पककर एक दूसरा खा सके दूसरा कार्य काले कुत्ते को शनिवार के दिन सवा सौ ग्राम घी देशी गाय का लेकर कुत्ते से झूठा करवाओ और उसे किसी बर्तन में डाल कर रख दो जिससे कोई कार्य करवाना हो या वश में करना हो उस घी को उस आदमी के शरीर को लगा दो वश में हो जायेगा।

छींक रोकने के लिए जभांई आने का टोटका

निवारण-सैंतीस बार गर्म पानी में रूई भिगोकर अपने मुख पर फेर कर माथे पर लगाओ लगाने के बाद सुखाकर कपड़ा बाँध दो तुरन्त छींक जभांई आनी बन्द हो जायेगी।

दूसरा टोटका-लौंग का तेल गर्म करके कान में दोनों तरफ रूई में भरकर लगा दो इससे जभांई और छींक आनी बन्द हो जायेगी।

पेट में दर्द रहना दूर करने के लिए टोटका

निवारण-अपने पेट के भार के द्वारा बोझ आंककर चावल तोल कर पाँच बार पेट पर उताओ और शनिवार के दिन कोय को खिला दो पाँच शनिवार इस कार्य को करना है दर्द बन्द हो जायेगा।

मासिक धर्म में ज्यादा और रुक न रहा हो रोकने का टोटका

निवारण-जिस दिन मासिक धर्म चालू हो उस कच्चा आटा पेट पर लागा दो और 10 या 15 मिनट तक उसको चिपका रहने दें फिर उसको उतार कर शनिवार के दिन आटा को इक्ट्ठा करके जमीन में दबा दो उस परेशानी को धरती उतार लेगी।

गैस होने से रोकने का टोटका

निवारण-हर शनिवार के दिन हल्दी डालकर सवा किलो पानी गर्म करो उसको उबालो और उबालकर पियो और फिर साथ के साथ उल्टा निकालो किसी बड़े बर्तन में उसे इक्ट्ठा करके उसमें सरसों का तेल मिलाओ और चीटिंयों के बिल पर डाल दो जिससे चींटी उस पर लग जाय उसमें मीठे का कुछ अंश डाल दो हर शनिवार। 5 शनिवार करने से गैस बननी बन्द हो जायेगी।

जो मनुष्य किराये पर रहता हो और मकान मालिक निकालने का प्रयत्न करता हो न्याय के लिए टोटका

निवारण-बृहस्पतिवार के दिन सरसों का तेल मकान मालिक के घर से लो और वहाँ की मिट्‌टी उस तेल में डालो और उस तेल को 5 बृहस्पतिवार बबूल टीकर की जड़ में डालो ऐसा करने से मालिक मकान खाली करने को नहीं कहेगा। परन्तु न्यायपूर्ण होना चाहिए कब्जा जमाने के लिए नहीं होना चाहिए जो हक बनता हो उसके अनुसार यह टोटका चलेगा।

मनुष्य कभी–कभी ऐसी बीमारी का शिकार हो जाता है जिसका इलाज डाक्टर भगतों से भी नहीं हो पाता–टोटका

निवारण-बीमार मनुष्य की चारपाई ज्योत वाले कमरे में रहे पूर्णमासी की पूर्ण रात को पाँच तेल की ज्योत जलाओ और उसके बगल में बबुल की छाल कूटकर किसी बर्तन में रख दो ज्योत के सामने फिर सुबह होने पर बबूल की छाल को उठा लो और जाकर बबूल की जड़ में एक तेल का दीया जला दो जो आदमी बीमार हो उसके हाथ लगवाकर ले जाओ या फिर वह खुद लगा सकता हो तो बहुत ही अच्छा है। फिर हर इतवार के दिन 40 दिन तक बबूल की जड़ में तेल का दिया जलाओ और जो छाल कूटकर रखी है उसका शहद के साथ सुबह शाम रात को सेवन करो ओपरा पराया शारीरिक कोई भी बीमारी हो सबके लिए यह टोटका है।

स्वप्न में डरना और जाकर दूसरी जगह उठ कर चल देना–किसी किसी मनुष्य के साथ ऐसा भी हो जाता है

निवारण-जो आदमी रात को डरे और कोई ऊपरी उठाकर ले जाय नींद नींद में कभी–कभी आदमी जहाँ सोया होता है वहाँ से उठकर चल पड़ता है। उसको रोकने के लिए मन्दिर की सीढ़ियों पर हर शनिवार को अपने ऊपर उतार कर तेल का दीया जला दो पाँच शनिवार करने से यह डरना चलना बन्द हो जायेगा।

मनुष्य के बाल झड़ना रोकने का टोटका

निवारण-कुम्हार के घर शनिवार के दिन जाओ और जब

कुम्हार बर्तन बना रहा हो उससे वह मिट्टी ले लो जिससे बर्तन बना रहा हो थोड़ी–थोड़ी मिट्टी लेकर जाना है और घर ले जाकर थोड़ी मिट्टी का दीया बनाओ और उस दीये को आंगन में रख दो और तेल डालकर उसे जला दो, हर शनिवार को यह कार्य करना है। पाँच शनिवार करना है इसके बाद साथ के साथ वह मिट्टी जो बची हुई हो उसे सिर में लगानी है पानी डालकर सिर पर लगा दो जब सूख जाये धो डालो ऐसा करने से बाल झड़ना बन्द हो जायेगा और बाल अधिक हो जायेंगे।

नारी के बाल झड़ना घने करने का टोटका

निवारण-कुमारी जाति कुम्हारी के हाथ से चाख की मिट्टी लाओ और उस मिट्टी के शनिवार के दिन अपने घर दीया बनाओ और उसी मिट्टी का चकोर एक ऐसा दीया बनाओ जो दीया उसी कुम्हार की मिट्टी पर रखा जा सके और तेल से जला दो जब शनिवार की रात को दीया जले और सुबह के समय उस दीये और नीचे की मिट्टी उठाओ और पानी में घोलकर अपने सिर में लेप करो पाँच शनिवार ऐसा करने से बाल सुन्दर और झड़ना बन्द हो जायेगा।

बाल सफेद को रोकने का टोटका

निवारण-नीम की छाल व इक्कीस लोंग एक जगह कूटकर मिट्टी के बड़े बर्तन में डालो और शनिवार के दिन मेज के सामने बैठकर मिट्टी के बर्तन में तेल का चिराग जलाओ और नीम की छाल और इक्कसी लोंग एक जगह पीसकर चिराग में डाल दो और रात को उसे तेल से भर दो और एकटक उस बत्ती की लौ को देखते रहो जब तक देख सकते हो इस तरह से हर शनिवार पाँच शनिवार करो और जो नीम की छाल और इक्कीस लोंग उस दीये में डाली हैं उसे निकाल कर किसी अच्छे बर्तन में डालो और रोज सिर के बालों में लगाओ।

जब तेल की ज्योत जलाओ वह बर्तन बड़ा मिट्टी का हो और जो वे दोनों चीज उसमें डाल सको और वह सब तेल में मिल जाय और तेल इतना हो कि बाद में दिये में नीम की छाल और लोंग भीग सकें फिर इस तेल को सिर पर हर रोज लगाओ।

मकान, दुकान, प्लाट जमीन बोने वाली को बेचने के लिए टोटका

निवारण-सफेद पाँच कोढी लाकर उनके अन्दर छेद करो प्रत्येक को काले डोरे से बाँध दो फिर उन पाँचों कोड़ियों को एक जगह बाँध दो और वीरवार के दिन उनको बबूल टीकर के जड़ों में बाँध दो और उसमें उस जगह की मिट्टी डाल दो जिसको बेचना है फिर उस बबूल की जड़ों में वीरवार से लेकर अगले वीरवार तक पचास ग्राम तेल चढ़ाओ जमीन तुरन्त बिक जायेगी।

नौकरी रोजगार पाने के लिए

पीपल की जड़ एक अंगुल लम्बी–चौड़ी हो और पाँच दिन तक उस जड़ को ढूंढ कर उस पर तेल का दीपक जलाओ शनिवार से दीपक जलाना शुरू करो उसके पाँचवे दिन काट कर ले आओ और पहले दिन जब दीपक जलाओ संकल्प करके कहो कि मैं आपकी जड़ अपने घर ले जाना चाहता हूँ पीपल वनस्पति देव पॉच दिन तक पूजा करूंगा जिस दिन पूजा समाप्त हो उस दिन फिर यह ही वाक्या बोलना है और जड़ को ले आना और उसे लाल कपड़े में बांधकर रखना अपने साथ रखना है या फिर नौकरी रोजगार के लिए जाये तो साथ लेकर जाना है।

बिजनेस में ग्राहक अधिक आये और दूर तक आने के लिए

घिया जो सब्जी'वाला होता है उसका बना हुआ कमण्डल

लेकर उस कमण्डल में पैंतिस छेद करो और उसके अन्दर गेहूं और चने बराबर मिलाकर डाल दो फिर उसको दुकान के दरवाजे के सामने टांग दो और फिर उसके अन्दर सवा मीटर भगवा कपड़ा चीलक तम्बाकु कुण्डल और खडाऊं रख कर टांग दो और रोज गंगाजल का छींटा लगाओ और धूप दीप दो और भोग लगाओ खाना उसके आगे को हिलाकर घुमा दो यह विधि महात्मा सिद्ध पुरुष के लिए हैं इसके करने से जो मन में धारण करोगे वह ही मिलेगा।

आलस्य नाश हेतु

सुबह पाँच बजे अपने मन मन में श्री गणेशाय नमः का उच्चारण करो और पाँच बार श्वांस को ऊपर नीचे पर रोक रोक कर छोडों जब भी आलस्य आ जाय उसी समय यह विधि करो और शनिवार को एक कोड़ी सिर में बाँधकर सो जाओ पाँच शनिवार ऐसा करने से शरीर का आलस्य सदैव के लिए समाप्त हो जायेगा।

कार्य सफल हो

सतनजा सात दिन रोज गाय को खिलाओ सात मुट्ठी एक मुट्ठी एक अनाज होना चाहिए और जिस दिन सबसे पहली बार शुरू करे गाय को खिलाते हुए संकल्प कर ले कि हे गाय माता मेरा कार्य रूका हुआ है उसे पूर्ण करो मैं सात दिन तक पाँच आटे के पेड़े और गुड़ खिलाऊंगा जब कार्य पूरा हो जाय फिर सात दिन तक गुड और आटे के पेड़े बनाकर खिलाना है पेडा दो हो और गुड सवा सौ ग्राम होना चाहिए। यह विधि करने से कार्य सम्पूर्ण होगा।

कार्य सफल होना

धर्मस्थल पर जो दुखी और भूखा मनुष्य मिल जाय उस मनुष्य को खाना खिलाओ और कपड़े पहनाओ और जिस दिन मिल जाय उसी दिन जिस धार्मिक स्थल पर मिले उसी स्थल पर एक तेल का

दीया जला देवें और सात मेवा चढ़ा देवें यह विधि सिर्फ एक दिन करनी है किसी दिन भी कर सकते हो इस विधि के करने से कार्य सम्पूर्ण होगा।

अनिच्छा से कार्य करना

जब किसी मनुष्य को कार्य करना पड़े करना जरूरी हो और इच्छा न करती हो उसके लिए सवा सौ ग्राम सुपारी लेकर पाँच दिन तक पाँच हिस्से करके अग्नि में अपने ऊपर से पाँच बार उतार कर फूंकते रहो और अन्तिम दिन एक तेल का दीया जलाकर अपने ऊपर से उतार कर किसी पेड़ के नीचे रख दो इस विधि के करने से कार्य करने की इच्छा उत्पन्न होगी।

बच्चा इम्तहान में पास होने के लिए

जो बच्चा पढ़ाई में कमजोर हो और ऊपर से इम्तहान आ गये हो उसे तुलसी पर जब तक इम्तहाना हो रोज घीर का दीया जलाओ तुलसी की जड़ों में लगाओ और सबसे पहले दिन अपने हाथों से कलावा बाँध दो और जब इम्तहान पूर्ण हो जाय फिर प्रसाद बाँट दो और जो कलावा तुलसी पर बाँधा है उसे पास होने के बाद खोलो ओर फिर प्रसाद बाँटों इस विधि के करने से इम्तहान में जरूर पास हो जायेगा।

किसी कार्य से हटना मन न लगना

जब मनुष्य का किसी कार्य में मन न लगे यह मानसिक तनाव होता है मानसिक तनाव दो प्रकार का होता है एक तो घर में परेशानी हो लड़ाई झगड़ा हो जाता है दूसरा धन की परेशानी होती है इसको दूर करने के लिए पूर्णमासी के दिन घर में पूर्णमासी के दिन सत्यनारायण की कथा पाठ करवाकर करने वाले पंडित को भोजन खिला दो और हवन करा दो इस विधि के करने से सब कार्य ठीक हो जायेंगे और मन

खुश रहने लगेगा और पति या पत्नी पाँच पूर्णमासी व्रत करें बिना नमक के ऐसा करने से सम्पूर्ण परिवार में शान्ति और सबका सब कार्यों में मन लगने लगेगा।

चारों तरफ भागने से भी रोजगार न मिलने पर

गाय के खूटे पर शनिवार के दिन संकल्प करके कलावा बाँधों और कहो कि मैं गाय माता को इक्कीस दिन तक गऊशाला में आकर आटे के पाँच पेड़े खिलाऊंगा और गऊशाला के अन्दर जहाँ पर गाय बांधी जाती है वहाँ पर घी के दीये जलाऊंगा ऐसा करने से रोजगार मिल जायेगा रोजगार का कारण अपने आप ही बन जायेगा इस विधि के करने से रोजगार मिल जायेगा।

सामान बेचने के लिए

दुकान के अन्दर पाँच जायफल और गोला जायफल गोले के अन्दर डालकर उसे लाल कपड़े से बाँध दो और उसे दुकान के दरवाजे पर टांग दो शनिवार से शनिवार तक बँधा रहने दे उसके बाद उसे शनिवार के ही दिन शाम के समय अपने ऊपर से उतार कर आग में जला देवें यह कार्य पाँच शनिवार तक इस तरह बारी बारी से करनी है जो जलाने के बाद राख हुई है उसे अन्तिम दिन चलते पानी में बहा दें और पीपल की जड़ उस जगह लाल कपड़े में बाँध कर टांग दें और रोज सुबह जब दुकान खोलें धूप देवें। इस विधि के करने से जो सामान आप बेचते हों बहुत बिकेगा।

मनुष्य किसी कार्य बिजनैस के लिए यात्रा पर जाने के लिए

जब भी मनुष्य अपने व्यापार के अनुकूल यात्रा पर जाय अपने

साथ इक्कीस ग्राम गुग्गल और दो जायफल ले जाय और इतना ही अपने घर में रख जाय जब यात्रा से वापिस घर पर आये आने के बाद जो सामान घर में रखा था वह और जो साथ लेकर गया था वह दोनों को पाँच बार अपने ऊपर उतार कर आग में जला दें इस विधि के करने से यात्रा सफल होगी और जिस कार्य के लिए यात्रा करनी है वह कार्य सम्पूर्ण होगा।

बिजनैस स्थिर होने के लिए

जिस मनुष्य का बिजनैस व्यापार स्थिर न होता हो उसके लिए इक्कीस दिन तक वह मनुष्य अपने ऊपर से शनिवार को जमीन में सवा एक फुट का गड्डा करके उसमें तेल छोड़ें तेल का वजन सवा सौ ग्राम हो और अपने ऊपर इक्कीस बार ही उतारे सिर से पैरों तक उतारने के बाद जमीन में गड्डे के अन्दर डाल देवें और ऊपर से झाड़ी बगैरा ढक देवें यह कार्य शनिवार से शुरू करके इक्कीस दिन लगातार करनी है। इस विधि के करने से व्यापार स्थिर होकर चलेगा।

दुकान में हानि होने पर

काले कुत्ते को रोजाना सात दिन तक तेल में चुपड़कर खिलायें और फिर सात शनिवार तक खिलाये और शनिवार को काले दिन पीपल की जड़ों में दबा देवें काले कपड़े में बांधकर सवा सौ ग्राम काले तिल और उस पर तेल डाल दे जब दुकान चल जाय और लाभ होने लगे काले तिलों को उखाड़कर काले कुत्तों को गुड में डालकर खिला देवें। इस विधि के करने से दुकान में हानि कभी नहीं हो सकती।

धन उधार हो उसे मंगाने के लिए माल उधार देने के बदले धन लेने हेतु

धन जिस मनुष्य पर उधार हो उससे मंगवाने के लिए जो वह खुद देकर जाय या पता भिजवाये सवा फुट की लकड़ी की नाव

बनवाकर और सात जायफल पर उन मनुष्यों के नाम अंकित करने हैं जिससे धन लेना है और एक काला झंडा उस नाम में खड़ा करना है तेल की ज्योत जलाकर चलते जल में छोड़ना है और सबसे पीछे नाव में कुत्ते के मुख से तेल एक जायफल झूठा करवाकर रखना है बाकी जायफल आग में रखने हैं शनिवार को यह विधि करनी है।

फैक्ट्री जहाँ सामान बनता हो की उन्नति हेतु

जहाँ पर फैक्ट्री लगी हो उसी फैक्ट्री में सवा फुट का गड्डा करो और शनिवार के दिन उसमें सवा सौ ग्राम काले तिल सवा सौ ग्राम तेल छोड़ दो और सात शनिवार तक मिट्टी का बड़ा दीया तेल का जलाकर रख दो जब सात शनिवार पूर्ण हो जाय उस दिन उस गड्डे को दीये सहित बन्द कर दो और फिर किसी मंगलवार या शनिवार को पीपल पर प्रसाद और तेल का दीया जलाओ इस विधि के करने से फैक्ट्री में उन्नति होगी और जो मशीनें लगी हुई हैं उनमें बिगाड़ भी नहीं होगा।

किसी अकेले मनुष्य पर माल भेजने पर रूका धन वापिस मंगाने हेतु

पाँच मुट्ठी चावल पक्षियों का समूह जहाँ पर मिले वहाँ पर मुट्ठी भर और धन लेने वाले मनुष्य का नाम लेकर फैंकनी है शनिवार के दिन करना है। इस विधि के करने से पाँच शनिवार के अन्दर अन्दर धन वह मनुष्य भिजवा देगा।

सांझी में समझौता होने के लिए

किसी बिजनैन में दो साझी हो और दोनों में प्रेम न हो उसके लिए काले उड़द सवा सौ ग्राम सवा सौ ग्राम गुड़ पाँच पतासे पाँच गांठ

हल्दी की यह सामान लेकर जहाँ पर बिजनैस हो उसी जगह पर बाँध कर रख दो या फिर गाड़ दो अगर कच्ची जगह हो तो गाड दो यदि पक्की जगह हो तो रख दो काले कपड़े में बाँध कर रखना हे और जब दोनों साझियों में प्रेम हो जाय वह सामान उठाकर चलते जल में प्रवाहित कर दो दोनों साझियों में से जो अच्छा समझता हो जिसे परेशानी हो वह कर सकता है।

साझी से सदैव प्रेम रहे एक दूसरा बात माने

बिजनैस फैक्ट्री में दोनों साझियों में देन लेन पर कभी भी झगड़ा मन मुटाव न हो उसके लिए पीतल का कमण्डल लेकर उसके अन्दर सवा सौ ग्राम साबुत चावल सवा मीटर भगवा कपड़ा सवा पाँच रुपये और एक चीलम तम्बाकू यह सामान कमण्डल में रख दो और उसे अपने किसी भी साझी के घर में टांग दो और हर पूर्णमासी को उस पर गंगाजल का छींटा लगाओ और उसके सामने नीचे उतार कर आदर के साथ घी की ज्योत लगाओ और फिर ऊपर उसी जगह रख दो इस विधि के करने से दोनों साझियों में प्रेम रहेगा।

धन लेकर यात्रा करे सुरक्षा हेतु

मनुष्य अगर धन लेकर जाय यात्रा करे उसको अपने साथ घर की धूल और पीपल पर कलावा बाँधकर जाना चाहिए जिससे मनुष्य सुरक्षित भी रहे और धन भी सुरक्षित पहुंचा सके और वापिस आने के बाद धूल तो धूल में डाल दे और जो कलावा पीपल पर बाँधा है उसको खोलकर प्रसाद बाँट दे स्वाभाविक स्थिति में तो मनुष्य कुछ करना नहीं चाहता परन्तु कुछ हो जाता है तो सब कुछ समाप्त भी हो जाता है कोई न कोई कार्यवाही करके ही मनुष्य को यात्रा करनी चाहिए जिससे मनुष्य भी शान्ति से वापिस आये और उसका संसार भी ठीक से पाये।

लक्ष्मी बढ़ाने हेतु

जिस मनुष्य को अपनी मेहनत की कमाई में भी बचत न हो और बहुत दुखी हो उसके लिए सरल विधि लक्ष्मी की मिट्टी की बनी हुई मूर्ति घर पर लाकर स्थापित करो साथ में गणेश जी की भी मूर्ति लाओ दोनों को स्थापित कर दो और रोज सुबह के समय रोज दूब की जड़ लेकर गणेश लक्ष्मी की मूर्ति के चरणों में दूध में भिगोकर दूध चढ़ायें इक्कीस दिन तक यह कार्य विधि करें जब लक्ष्मी का प्रवाह घर में हो जाए फिर उसे मूर्तियों को चलते जल गंगा जी–यमुना जी में प्रवाहित कर सके।

अचानक धन प्राप्ति के लिए

जिस मनुष्य को अचानक धन प्राप्त करना हो उस मनुष्य को इक्कीस दिन तक गाय को रोटी गुड़ संकल्प करके खिलाना है उसमें से एक दिन में भी मनाही नहीं करनी है नहीं तो फिर दुबारा करना पड़ेगा और उसके साथ ही साथ आख के पेड़ को शुक्रवार को आमन्त्रित करना होगा हल्दी और चावल चढ़ाने हैं और कहना है कि हे कुबेर देव मैं कल सुबह दिन शनिवार को घर पर लेने के लिए आऊँगा चलो और हमारे घर धन से भर दो। फिर शनिवार को जाकर आदर से उसे ऊपर से उखाड़ कर फैंक दो और आखे की जड़ ले आओ और उसे लाल कपड़े में बाँध कर वहाँ रख दो जहाँ धन रखा जाता है।

अचल सम्पत्ति के लिए

जिस मनुष्य को अचल सम्पत्ति बनानी हो जो सदैव बनी रहे उस मनुष्य को पाँच ईट के अन्दर पाँच बीचोंबीच छेद करें या पत्थर में छेद करें और उन छेदों में चाँदी की लक्ष्मी बनवाकर लगा दें और सबसे ऊपर गणेश जी की लगवा दें और किसी दिवार या अपने घर

के सुरक्षित स्थान में ऊपर नीचे करके लगवा दें पक्की कर दें जहाँ भी लगवायें उसके ऊपर घर के पूजा करने का मन्दिर बनवा दें अधिक से अधिक विष्णु जी की पूजा करें या फिर सूर्यनारायण जी की पूजा करें।

लाभ हेतु

पति पत्नी दोनों सुबह के समय केले की पूजा करें केले के चारों तरफ पाँच बार कच्चे सूत से केले के चारों तरफ घुमा दो बाँध दो और पाँच–पाँच लौंग दोनों पति पत्नी चढ़ाओ और घी का दीया जलाओ यह कार्य ग्यारह दिन तक लगातार करना है और फिर जब ग्यारह दिन पूर्ण हो जाय काले चले उबाल कर बाँटने हैं। यह विधि करने से धन का लाभ होने लगेगा।

जो शत्रु हो उसे दण्ड देने के लिए

जिसके शत्रु ज्यादा हो उस मनुष्य को शनिवार के दिन दूब घास की जड़ लेकर उस पर पाँच गांठ लगाओ और पाँच जायफल यह कह कर पीपल पर चढ़ाओ कि जो भी मेरा शत्रु हो उसे दण्ड दो उसको उसकी कर्म का फल दो यह विधि पाँच शनिवार करनी है बीच में दिन खाली नहीं जाना चाहिए ऐसा करने से शत्रु पर विजय पाई जायेगी यह कार्य उसी को फलेगा जो मनुष्य धर्मी सात्विक प्रवृत्ति का होगा उसी पर फायदा पहुँचेगा।

मोटापा दूर करने के लिए

मोटापा दूर करने के लिए शहद को और पानी को उबालो सौ ग्राम शहद और दो किलो पानी को आग पर उबालो। उबाल कर सुबह के समय खाना चाय पीने से पहले 250 ग्राम पीयो। यह विधि सवा महीने तक करते रहो और निर्धारित समय पर दो बार खाना खाओ जिस दिन शुरू वाले दिन खाओ उसी समय रोजाना खाना खाओ

आगे पीछे और तला हुआ भोजन मत करो और शनिवार को अपने ऊपर पानी का लोटा उतारकर जमीन में एक फुट का गड्डा करके पाँच बार अपने ऊपर से पानी का लोटा उतार कर जमीन में गड्डे के अन्दर डाले ऐसा करने से मोटापा घटता चला जायेगा जितना घटाना हो उतने ही सवा महीने करने पड़ेंगे।

भूख कम लगती हो

सुबह उठकर एक किलो जल पियो चाय का सेवन बिल्कुल मत करो सुबह के समय बाद में कर सकते हैं। गायत्री महामन्त्र का मनन करो सुबह सुबह दस बजे तक और ज्यादा पके हुए केले नमक के साथ खाओ और शाम के समय एक गिलास दूध खाना खाने के बाद पियो इस विधि के करने से भूख लगने लगेगी।

भूख कम लगनी ठीक करने के लिए

भूख ज्यादा और ठीक प्रकार से लगने के लिए आवला सूखा कुटकर कपड़ छान करके उसमें लोंग और हींग का अंश डालो और तीनों चीजों को एक जगह मिलाओ और रोज सुबह ग्यारह दिन तक बिना खाये पिये सेवन करो बड़ी एक चम्मच का सेवन करें।

दस्त को रोकना

जहाँ पर पानी बहता रहता है वहाँ पर दूधि की खास को उखाड़ो और उसे पत्थर पर पिटो उसमें से जल निकाल कर पियो और कच्चे आंवले का सेवन करो और सीधा लेकर अपनी नाभि के ऊपर सवा किलो का पत्थर रखकर उस तेल का चार बत्तियों का दीया जलाओ जितनी देर सहन कर सकते हो करो फिर ऊपर से उतार दो। यह सब विधि करने और ऊपर बताई चीज खाने से दस्त बन्द हो जायेंगे।

दस्त को रोकने के लिए

कलावे की पाँच गाँठ लगाकर तगड़ी की जगह बाँध दो कस कर बाँध कर छुआरे की दो गुठली कुटकर उसको पानी के द्वारा खाओ दिन में तीन बार यह कार्य विधि करनी है इसके करने से दस्त बन्द हो जायेगें।

वायसिर का गोला को हटाने के लिए

जिस मनुष्य पर वायसिर का गोला उठता हो उसे केले का छिलका नमक के साथ खायें जितने भी खाये जा सकें और अपने ऊपर से मिट्टी के छोटे बर्तन में तेल और उसमें एक रुपये का सिक्का डालें और उसे अपने ऊपर को उतार कर पीपल की जड़ों में रख दें इस विधि के करने पर वायसिर का गोला बन्द हो जायेगा।

बायसिर का गोला रोकने के लिए

भुने हुए गेहूं शहद में मिलाओ अपने दिमाग के अनुसार उसका सेवन करो और सौंफ को घी के अन्दर भुन कर उसमें अंगूर की बुरा मिलाओ और फिर इसका दिन में कम से कम पाँच बार सेवन करो।

नींद आने के लिए

जब रात के समय मनुष्य परेशान रहे और नींद न आये वह चारपाई या पलंग पर सीधा सिरहाना लगाकर लेटे इस तरह लेटे जो लेटने के बाद अपने पंजे दिख रहे हों और पाँच बार गायत्री का जाप पैरों पर करें फिर घुटनों पर करें जाँघों पर करें फिर छाती पर करें फिर गले पर करें और फिर सिर पर करता हुआ सो जाय इस विधि के करने से नींद अवश्य आ जायेगी यह कार्य हमेशा ही करें।

नींद न आने की परेशानी दूर करने के लिए

जब मनुष्य को नींद न आवे वह अपने ईष्टदेव का स्मरण करें

और दायें करवट पर लेटें और धरती माता को तीन बार हाथ लगाकर हथेली की तरफ से पुरी हथेली पृथ्वी पर रखें और माथे पर लगाये यह विधि करने से नींद तुरन्त आ जायेगी।

पेट में पथरी को निकालने के लिए

जिस मनुष्य के पेट में पथरी हो वह मनुष्य अपने पेट पर सीधे लेकर मिट्‌टी के बरतन में दीया जलावे और दीये में सुपारी पीस कर डाल दें सुपारी पाँच होनी चाहिए और फिर वह तेल सुपारी से बेसन का हलवा बनावें और खाये यह विधि 40 दिन तक लगातार करने से पथरी पेशाब के द्वारा समाप्त हो जायेगी।

बवासीर ठीक करने के लिए

सवा किलो तेल पीपल की जड़ों में किसी बर्तन में दबा दो और ऐसी जगह दबाओ जो मनुष्यों के पैर न पड़े ग्यारह दिन तक दबा रहने दें और फिर उसे बाहर निकाल कर घर ले आयें और उस तेल में खाण्ड मिलाकर खायें जितनी भी खाई जा सके इस विधि के करने से वायसिर समाप्त हो जायेगी। चालीस दिन तक यह कार्य करना है।

बायसिर ठीक करने के लिए

सुबह उठने के बाद पेट भरकर पानी पीयें और श्री गणेशाय नम: का मनन करें और गौशाला में से ग्यारह गाय का गोबर लाकर सूखा देवें और जब सूख जाय उसको अग्नि में जला देवें और फिर उसकी भभूति बना देवें और गणेश जी के मन्त्र से सवा लाख जाप करके सिद्ध करे और रोज सेवन करें यह विधि करने से बायसिर का मरीज ठीक हो जायेगा।

नेत्र दोष निवारण

जिस नर नारी बच्चे पर नेत्र दोष हो उसे तेल की बत्ती बना कर अपने ऊपर पाँच बार उतारकर आंगन में रख दो पाँच दिन तक

ऐसा करने से नजर दोष समाप्त हो जायेगा और रात को बच्चे पर हथेली में आटा लेकर बच्चे पर उतार कर बाहर की तरफ उड़ा दो। यह विधि करने से नजर दोष समाप्त हो जायेगा।

नर नारी बच्चे पर नजर लग जाय तभी जिस कपड़े पहनकर नजर लगी हो उसे जब तक न पहनो तक तक ठीक न हो जाय और उन कपड़ों को बाँध कर और पाँच मिर्च उतार कर उन कपड़ों में रख दो तीन दिन रखने के बाद चौथे दिन उन कपड़ों को धो दो और मिर्चों को अग्नि में जला दो ऐसा करने से नजर समाप्त हो जायेगी।

बालों का अधिक उड़ना

जिस मनुष्य के बाल अधिक उड़ते हो उसको मिट्‌टी का बड़ा दीया लाकर उसमें प्याज का पानी छोड़ दो और उसे आग पर उबालो फिर किसी छोटे बर्तन में डाल दो और रोजाना सिर की मालिस करो इस विधि के करने से बाल नहीं उड़ेंगे और नये बाल उग आयेंगे।

कमजोरी दूर करने के लिए

नर नारी बच्चे के अन्दर कमजोरी है उसको दूर करने के लिए अशोक के पेड़ पर जाकर पाँच बार धागे के चक्कर लगाकर बाँध दो और फिर अशोक की छाल को दूध में उबाल कर प्रतिदिन सर्दियों के अन्दर पीयो। यह विधि के करने और पीने से शरीर की कमजोरी दूर हो जायेगी।

पसली कमर दर्द

शनिवार के दिन सवा सौ ग्राम सरसों का तेल लेकर नहाने से पहले किसी बड़े बर्तन में खड़े होकर वह तेल सिर पर डालो जिससे वह तेल बर्तन में आ जाय शरीर को छूता हुआ फिर उस तेल को पीपल पर चढ़ा देवें पाँच शनिवार ऐसा करने से कमर पसलियों का दर्द समाप्त हो जायेगा।

सफेद दाग

गुग्गल जलाकर उसके पास बैठ जाओ और सुपारी को जला दो पचास ग्राम सुपारी सौ ग्राम गुग्गल इन दोनों को आग में जलाकर फूंक दो फिर उसे एक बर्तन में डाल दो और सफेद दाग को सबसे पहले गुलाब के फूल की पंखडियों से रगड़ों फिर उस पर जली हुई राख नींबू में से रस निकाल कर राख में मिलाकर लगाओ और शनिवार के दिन पीपल के पास मन्दिर में जाओ और वहाँ पर जो ज्योत जली रहती है उनमें से रूई में तेल निकाल कर लाओ वह तेल भी उस राख में मिलाओ और रोजाना लगाओ यह विधि करने से सफेद दाग समाप्त हो जायेगें।

कान की पीड़ा ठीक करने के लिए

आखें के पेड़ को किसी भी दिन न्यौता देकर आओ कि कल मैं आपको लेने आऊंगा और अगले दिन उसे आख के पेड़ की जड़ ले और शनिवार के दिन उसको सवा सौ ग्राम सरसों के तेल में उबालो। उबालने के बाद किसी बर्तन में डालो कान में पीड़ा पकना मवाद आनी सबके लिए यह तेल कानों में डालों पाँच बूंद सुबह के समय डालो ऐसी विधि करने से कान की बीमारी ठीक हो जायेगी।

बदहजमी ठीक करने के लिए

गन्ने के रस को आग पर उबाल कर दिन में दो बार सवा सौ ग्राम पियो और आंवले को कुट छान कर उसमें काला नमक मिलाकर सुबह शाम सेवन करो शाम को नीम के पाँच चक्कर लगाओ और पाँच पत्ते तोड़कर पानी का गिलास भर कर उसमें डाल दो और सुबह उठते ही पियो फिर बाथरुम बगैरा जाओ इस विधि के करने से बदहजमी दूर हो जायेगी।

कभी–कभी मनुष्य काँप जाता है रोकने के लिए

कभी–कभी मनुष्य का शरीर अपने आप में काँपने की स्थिति बना लेता है ऐसे मनुष्य को पाँच बार सुबह शाम गायत्री माता का पाँच बार पढ़कर एक गिलास पानी अपने ऊपर से नीचे तक उतार कर पियो। सवा महीने तक लगातार पियो मनुष्य का शरीर कभी भी नही काँपेगा और गाय का मूत्र एक बूंद रोज सेवन करो और किसी चलती फिरती गाय के पैर में अपने ऊपर से कलावा पाँच लोंग रख दो यह विधि करने से शरीर बिल्कुल ठीक हो जायेगा।

स्वप्नदोष को रोकने के लिए

मूंग की दाल शाम को सवा सौ ग्राम सवा गिलास पानी में भिगो दो और सुबह के समय उसे चबा कर खाओ और जब सोवों उससे पहले एक गिलास पानी लेकर और दो जायफल जमीन में अपने ऊपर से पाँच बार उतारकर चढ़ा दो ऐसा सवा हाथ का गड्डा करो जिसमें रोजाना ग्यारह दिन तक यह कार्यवाही कर सको ग्यारह दिन बार गड्डे को मिट्टी से ढक दो स्वप्न दोष की बीमारी समाप्त हो जायेगी।

बार–बार गर्भपात होने पर

जिस नारी को बार–बार गर्भपात होता है वह नारी एक कलावा अपने गले में सात दिन तक बाँधे रखे फिर सातवें दिन कलावा और सतनजा साथ लेकर गाय के खूटे में कलावा बाँध दें और गाय को सतनजा खिला देवें और अगर खूटे में बाँधने में परेशानी हो तो गाया के बाये अगले पैर में बांध दे। यह विधि पैंतिस दिन करनी है सात सप्ताह और हर सात दिन बाद गाय वाला कार्य करना है। इस विधि के करने से बार–बार गर्भपात नहीं होगा।

हृष्ट–पुष्ट सन्तान हेतु के लिए

सन्तान धार्मिक अध्यात्मिक बुद्धिमान होने के लिए सोते समय गायत्री का मनन करो परहेज कोई नहीं करना है और हर मंगलवार और शनिवार को हवन करो आम की लकड़ी और हवन सामग्री गाय का घी और जब हवन करो घी का दीया जला दो फिर हवन करो गर्भ धारण होने के तुरन्त बाद यह कार्य नौ महीने तक हर हफ्ते करो उत्तम सन्तान पैदा होगी।

बालक के बीमार रहने पर

जब बच्चा अन्दरुनी बीमार रहे और दवाई न लगे उस बच्चे को सूती कपड़े का कुर्ता पहनाओ और सात दिन तक लगातार पहने रहने दें फिर सांतवे दिन उस कपड़े में से धागे निकालो और बत्ती बनाओ और मिट्टी के दीये में चार बत्ती लगाकर जला दो जलाकर उस बच्चे पर सात बार ऊपर से नीचे तक उतारो और फिर उतार कर बाहर किसी अनजान जगह पर रख दो शनिवार और मंगलवार के दिन करना है यह कार्यवाही प्रथम सप्ताह में दो बार करनी है और फिर सप्ताह में एक बार करनी है सवा महीना करने के पश्चात माता दुर्गा या शिव मन्दिर में ज्योत जलानी है और शिवलिंग पर जल चढ़ाना है और सूर्य देव को रोज शिवलिंग पर जल चढ़ाने के बाद सूर्य देव को सिर से ऊपर से जल छोड़कर जल देना है नर नारी बच्चा कितना भी ज्यादा बीमारा हो यह कार्य विधि करने से ठीक हो जायेगा।

बालक अधिक रोये ठीक करने के लिए

यदि बच्चा ज्यादा रोता है गाय का दूध बच्चे पर उतार कर शिवलिंग पर चढ़ाये और एक ज्योत जलाकर शिवलिंग के पास रख दें और जो जल शिवलिंग पर चढ़ावें वही जल आगे से गिरता हुआ उसी बर्तन में ले आवे जितना भी मिल सके उतना ले आये और बच्चे

को पिला देवें। यह विधि करने से बच्चा रोना बन्द हो जायेगा।

पेट से कीड़े नष्ट करने के लिए

आडु की छाल और बबूल की छाल को कूट छान कर किसी बर्तन में रख दो और उन्हें गर्म पानी से सुबह शाम एक–एक चम्मच प्रयोग करो और नाभि पर एक शनिवार के दिन तेल का दिया जलाओ और ऐसी स्थिति में जलाओ जो जलकर कुछ न कुछ तेल रह सके और पीपल के नीचे अपने ऊपर से उतार कर रख आओ और सुबह जो कुछ भी तेल बचे उसे वापिस ले आओ और रोज नाभि पर लगाओ। यह विधि करने से कीड़े किसी भी किस्म के होंगे समाप्त हो जायेंगे।

सोता हुआ बच्चा ज्यादा पेशाब करे रोकने के लिए

जो बच्चा चारपाई में पेशाब करता है रोजाना पाँच नमक की डली और दो सुपारी और एक नारियल पानी वाला पाँच शनिवार को पाँच बार ऊपर से नीचे तक उतार कर चलते जल में प्रवाहित कर दो यह विधि पाँच शनिवार लगातार करो बच्चा पेशाब करना बन्द कर देगा।

पढ़ता हुआ बच्चा प्रश्न याद हो का टोटका

जो बच्चा पढ़ता हो और पढ़ने के बाद भी प्रश्न याद न हो उसके लिए सतनजा हर इतवार गाय को खिलावें और अपने पास गाय जहाँ घास खाती है और गाय के मुख लगता है वह मिट्टी अपने साथ किसी कपड़े में बाँधकर रखें यह विधि करने से पढ़ता हुआ बच्चा बहुत ही तेज हो जायेगा और इम्तहान में पास जरूर हो जायेगा।

भूमि में इमारत बनाने के लिए

भूमि में इमारत बनाने से पहले सवा फुट गड्डा बीचोंबीच

खोदों इतवार से शनिवार तक उस गड्डे में तेल का दीया जलाओ और सबसे पहले दिन जब दीया जलाओ उसके सामने पाँच मिठाई सवा मुट्ठी आटा सवा मुट्ठी चावल चढ़ाओ और चाँदी का एक त्रिशूल सातवें दिन चढ़ाकर ऊपर से जो मिट्टी निकाली हो उसी से ढ़क दो यह विधि करने के बाद इमारत बनाओ कभी भी वह भूमि नुकसान नहीं देगी।

भूमि पूजन

